सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-07 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 25 जून 2024
18 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन जमकर हंगामा, पेपर लीक को लेकर विपक्ष हमलावर

# संसद ड्रामे और स्लोगन से नहीं चलेगी: मोदी

**18वीं लोकसभा**

- देश चलाने के लिए सर्वसम्मति सबसे महत्वपूर्ण
- 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य
- संसद सत्र से पहले मोदी ने इमरजेंसी का किया जिक्र
- 50 साल पहले संविधान को नकार दिया गया

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने संसद भवन परिसर में कहा कि संसदीय लोकतंत्र में आज का दिन गौरव मय है, यह वैभव का दिन है। आजादी के बाद पहली बार हमारे अपने नए संसद में यह शपथ हो रहा है, अब तक ये प्रक्रिया पुराने संसद में होती थी। आज के इस महत्वपूर्ण दिन पर मैं सभी नव निर्वाचित सांसदों का स्वागत करता हूं सबका अभिनंदन करता हूं और सबको शुभकामनाएं देता हूं।

प्रधानमंत्री ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल 25 जून है। 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर लगे उस कलंक के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था, संविधान के हर हिस्से की धज्जियां उड़ा दी गई थीं, देश को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबा दिया गया था। उन्होंने कहा कि अपने संविधान, भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में दोबारा कोई ऐसा करने की हिम्मत न कर सके, जो 50 साल पहले किया गया था। हम एक जीवंत लोकतंत्र का संकल्प लेंगे।




### जनता ने तीसरी बार सेवा करने का दिया अवसर

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा चुनाव बहुत ही शानदार तरीके से, बहुत ही गौरवमय तरीके से संपन्न होना, ये हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। करीब 65 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। ये चुनाव इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण हो गया, क्योंकि आजादी के बाद दूसरी बार देश की जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार सेवा करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत को एक जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है और लोग नारे नहीं, बल्कि सार्थकता चाहते हैं। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वे संसद में चर्चा और परिश्रम चाहते हैं, व्यवधान नहीं।

### राज्यसभा में जेपी नड्डा होंगे सदन के नेता

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता बनाया गया है। वह राज्यसभा में पीयूष गोयल की जगह लेंगे। नड्डा के पास केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और उर्वरक व रसायन मंत्रालय का जिम्मा भी है। राज्यसभा की वेबसाइट पर भी नड्डा का नाम बतौर सदन का नेता अपडेट किया गया है। भाजपा अध्यक्ष के रूप में नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2024 में खत्म हो गया था। उन्हें आम चुनाव के चलते छह महने का विस्तार दिया गया था। उनका कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। नड्डा ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यानी एबीवीपी से अपने सियासी सफर की शुरुआत की थी। वह 1991 में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के अध्यक्ष बने।

हम भारत के संविधान के निर्देशों के अनुसार सामान्य मानवी के सपनों को पूरा करने का संकल्प लेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि संसद का ये गठन भारत के सामान्य मानवी के संकल्पों की पूर्ति का है। नए उमंग, नए उत्साह के साथ नई गति, नई ऊंचाई प्राप्त करने का ये अवसर है। 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य लेकर आज 18वीं लोकसभा का प्रारंभ हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने हमेशा एक परंपरा का पालन करने का प्रयास किया है। हमारा मानना है कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है, लेकिन देश चलाने के लिए सर्वसम्मति सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि हम मां भारती की सेवा करें और 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं को सबकी सहमति से और सबको साथ लेकर पूरा करें। हम संविधान की पवित्रता को बनाए रखते हुए, सबको साथ लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं और फैसले लेने में तेजी लाना चाहते हैं।

### सत्र तीन जुलाई तक प्रस्तावित

18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो गया। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राज्यसभा का सत्र गुरुवार से शुरू होगा। संसद का यह सत्र तीन जुलाई तक प्रस्तावित है। भारत की सांस्कृतिक विरासत से परिचित लोगों को पता है कि हमारे यहां 18 अंक का बहुत सात्विक मूल्य है। उन्होंने गीता के 18 अध्याय, पुराणों और उप-पुराणों की संख्या भी 18 होने का जिक्र किया और कहा कि इसका मूलांक नौ है और नौ पूर्णता की गारंटी देता है।

**पीएम मोदी पर राहुल-खरगे का हमला**

# संविधान पर आक्रमण मंजूर नहीं

- मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की
- लोकसभा चुनाव में उनकी करारी हार: खरगे




**नई दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस की तरफ से पीएम मोदी पर पलटवार किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है। वहीं मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि , संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ है। लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की। जबकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पीएम के पास बोलने के लिए कुछ भी नया नहीं था और हमेशा की तरह उन्होंने अपने संबोधन मुद्दों को भटकाने का प्रयास किया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आगे कहा कि शायद प्रधानमंत्री को देखकर ऐसा लगा कि वो जनता के फैसले का सही मतलब समझ नहीं सके हैं। उन्होंने कहा कि गैर-जैविक प्रधानमंत्री को लोकसभा चुनावों में व्यक्तिगत, राजनीतिक और नैतिक रूप से करारी हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने संसद के बाहर अपना हमेशा की तरह देश के नाम संदेश दिया है, जबकि 18वीं लोकसभा अपना कार्यकाल शुरू करने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि उन्होंने कुछ भी नया नहीं कहा और हमेशा की तरह मुद्दों को भटकाने की कोशिश की। उन्होंने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि वे जनता के फैसले का सही मतलब समझते हैं, जिसके कारण उन्हें वाराणसी में केवल एक मामूली जीत मिली।

> रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है और वो हम नहीं होने देंगे इसलिए हमने शपथ लेते समय संविधान पकड़ा था हिंदुस्तान के संविधान को कोई शक्ति नहीं छू सकती कहा, संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ है। लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की। इसलिए आज हम यहां एकत्रित होकर उसका विरोध कर रहे हैं।

## पीएम मोदी सहित राजनाथ, अमित शाह, गडकरी, शिवराज ने सांसद के रूप में ली शपथ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। मोदी इस महीने की शुरुआत में लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटे। मोदी और उनके मंत्रिपरिषद ने 9 जून को शपथ ली। लोकसभा सदस्य के रूप में यह मोदी का तीसरा कार्यकाल है। उन्होंने वाराणसी सीट बरकरार रखी, जिस पर वह 2014 से जीत रहे हैं। सदन के नेता के रूप में, वह शपथ लेने वाले पहले व्यक्ति थे। इससे पहले दिन में, बी महताब ने राष्ट्रपति भवन में नए सदन के सदस्य के साथ-साथ प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ ली। इसके बाद वरिष्ठ भाजपा नेताओं अमित शाह, जेपी नड्डा और राजनाथ सिंह ने औपचारिक रूप से लोकसभा में संसद सदस्य के रूप में शपथ ली। इस घटना ने नए संसदीय कार्यकाल के लिए उनके कर्तव्यों की आधिकारिक शुरुआत को चिह्नित किया। शपथ ग्रहण समारोह में इन प्रमुख नेताओं ने संविधान को बनाए रखने और ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में अन्य सांसदों और प्रमुख राजनीतिक हस्तियों ने भाग लिया और आगामी विधायी सत्रों में उनकी भूमिकाओं के महत्व को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री और जद (एस) सांसद एचडी कुमारस्वामी ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद पीयूष गोयल ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री और HAM(S) सांसद जीतन राम मांझी ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री और जदयू सांसद राजीव रंजन (ललन) सिंह ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद सर्बानंद सोनोवाल ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

# राम मंदिर में रात नौ बजे के बाद वीआईपी दर्शन पर रोक

**आस्था**

- शयन आरती के लिए पास होगा अनिवार्य



**अयोध्या।** राम मंदिर में रात नौ बजे के बाद वीआईपी दर्शन पर रोक लगा दी गई है। साथ ही आम श्रद्धालु भी 9:15 बजे तक ही राम मंदिर में प्रवेश कर पाएंगे। यह व्यवस्था लागू कर दी गई है। रात 9:15 बजे के बाद वही श्रद्धालु जा सकेंगे जिनके पास शयन आरती का पास होगा।

राम मंदिर में सुबह 6:30 बजे से रात 10 बजे तक दर्शन की समय सारिणी प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से जारी की गई थी। उस दौरान रामलला के दरबार में दो से ढ़ाई लाख भक्त रोजाना दर्शन करते थे। अब पहले की तुलना में भक्तों की संख्या आधी हो गई है। अब रोजाना 80 हजार से एक लाख श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। इसलिए ट्रस्ट के ओर से दर्शन की व्यवस्था में कुछ बदलाव किया गया है। हालांकि ट्रस्ट ने इसको अब तक सार्वजनिक नहीं किया है। राम मंदिर के मुख्य अर्चक सत्येंद्र दास ने बताया कि रामलला को शयन कराने की प्रक्रिया रात 9:15 बजे से ही शुरू हो जाती है। इसलिए आम श्रद्धालुओं को 9:15 बजे तक ही प्रवेश दिया जा रहा है। 9:15 बजे तक जितने श्रद्धालु परिसर में रहते हैं उन्हें दर्शन कराया जाता है। साथ ही वीआईपी श्रद्धालु रंग महल बैरियर से केवल नौ बजे तक ही जा पाते हैं।

## सीएम योगी ने की महाकुंभ 2025 को लेकर समीक्षा बैठक

# महाकुंभ के लिए पूरी दुनिया में है उत्सुकता: योगी

**निर्देश**

- स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा ही महाकुंभ का होगा मानक
- भारत की ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम बनेगा महाकुंभ



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 को लेकर सोमवार को समीक्षा बैठक की। जिसमें अधिकारियों को सीएम ने अक्टूबर महीने तक तैयारियाँ पूरी करने के निर्देश दिए।

सीएम ने अधिकारियों से कहा कि 2025 में होने जा रहा महाकुंभ में स्वच्छता, सुरक्षा, सुविधा ही महाकुंभ का मानक होगा. सुविधा और सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। दरअसल, उत्तप्रदेश के प्रयागराज में 2025 को महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाना है। इनकी तैयारियों के लिए सीएम योगी ने अभी से अधिकारियों को दिशा- निर्देश दे दिए है। सीएम योगी ने सोमवार को हुए बैठक में कहा कि महाकुंभ के लिए पूरी दुनिया में उत्सुकता है. महाकुंभ भारत की ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम बनेगा. जिसे हमें कई मेहनत से सफल बनाना होगा। सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि वर्ष 2019 में प्रयागराज महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ था. इस बार लोगों की अपेक्षाएं हमसे और अधिक है। 2019 में मेले का क्षेत्र 3200 हेक्टेयर में फैला था. लेकिन इस बार 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में मेले का आयोजन किया है।

**पॉलिथीन मुक्त होगा मेला क्षेत्र:-** महाकुंभ 2025 प्रतिबंधित पॉलिथीन मुक्त हो, इसके लिए प्रयागराज का हर एक वार्ड-हर एक मोहल्ला स्वच्छ हो, मोहल्ला स्वच्छता समिति गठित कराएं. इसके लिए अभी से प्रयास शुरू कर दें. लोगों को जागरूक करें, मेला क्षेत्र समेत पूरा प्रयागराज स्वच्छता का मॉडल बनकर प्रतिष्ठित हो, इसके लिए हर किसी को योगदान करना होगा. महाकुंभ में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के संभावित आगमन के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में 1,50,000 शौचालयों की व्यवस्था की जानी चाहिए. इनकी नियमित सफाई हो, इसके लिए 10 हजार से अधिक कर्मचारियों की आवश्यकता होगी। साथ ही मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए पर्याप्त कर्मचारी तैनात होने चाहिए।

### 10 हजार कर्मचारी रहेंगे तैनात

प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन 2025 में होने जा रहा है। जिसके लिए योगी सरकार अभी से तैयारियों में जुट गई है। इस बार के महाकुंभ में स्वच्छता, सुरक्षा पर विशेष फोकस कर रही है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो इसके लिए डेढ़ लाख से अधिक शौचालय की सुविधा करने वाली है। साथ ही 10 हजार कर्मचारियों को भी तैनात करने वाली है।

# आतिशी को डॉक्टरों ने दी एडमिट होने की सलाह

**जल संकट**

- आतिशी के अनशन का चौथा दिन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के हिस्से के पानी की मांग को लेकर पिछले चार दिनों से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठी दिल्ली की जल मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी का मेडिकल बुलेटिन सोमवार को सामने आया।

बुलेटिन के मुताबिक, लोक नायक अस्पताल से एक मेडिकल टीम भोगल में आतिशी की मेडिकल जांच के लिए आई थी। मरीज को भर्ती करने और मौखिक-सेवन के लिए परामर्श दिया गया था, लेकिन मरीज ने भर्ती होने से इनकार कर दिया इससे पहले दिन में, आतिशी ने कहा कि वह प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों के बावजूद तब तक अपना काम जारी रखेंगी जब तक कि हरियाणा दिल्ली के पानी का उचित हिस्सा जारी नहीं कर देता। आप नेता की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल सोमवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गई। उन्होंने कहा कि मेरा रक्तचाप और शर्करा का स्तर गिर रहा है और मेरा वजन कम हो गया है। केटोन का स्तर बहुत अधिक है जो लंबे समय में हानिकारक प्रभाव डाल सकता है। चाहे मेरे शरीर को कितना भी कष्ट हो, मैं तब तक अनशन जारी रखूंगी जब तक कि हरियाणा पानी नहीं छोड़ देता।

**नीट-यूजी पेपर** गुजरात, राजस्थान व बिहार की पुलिस कर रही जांच

# पांच और मामलों की जांच करेगी सीबीआई

**गड़बड़ी**

- मामले की जांच के लिए सीबीआई ने विशेष टीमें गठित की
- सीबीआई के पास अब कुल छह मामले



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मेडिकल कोर्सों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट-यूजी पेपर लीक की जांच का जिम्मा मिलने के बाद सोमवार को इस संबंध में पांच और नए मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली। नीट में कथित गड़बड़ी के इन मामलों की जांच अलग-अलग गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थीं। शिक्षा मंत्रालय ने पेपर लीक के दावों की जांच के लिए छात्रों द्वारा देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और अदालतों में याचिकाएं दायर किए जाने के बाद जांच शनिवार को सीबीआई को सौंप दी थी। मंत्रालय की शिकायत पर सीबीआई ने रविवार को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पहली एफआइआर दर्ज की थी। मामले की जांच के लिए सीबीआई ने विशेष टीमें गठित की हैं। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने गुजरात और बिहार से एक-एक और राजस्थान से तीन मामलों को अपनी एफआइआर के तौर पर फिर से दर्ज किया है। इन नए मामलों को अपने हाथ में लेने के बाद सीबीआई अब नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं से संबंधित कुल छह मामलों की जांच कर रही है। इसके अलावा, महाराष्ट्र के लातूर से भी एक और मामला सीबीआई के अपने हाथ लें लेने की संभावना है।

अधिकारियों ने बताया कि बिहार के मामले को छोड़कर अन्य चार केस स्थानीय अधिकारियों, निरीक्षकों और उम्मीदवारों द्वारा नकल और धोखाधड़ी की अलग-अलग घटनाएं प्रतीत होती हैं। इस बीच, सोमवार को सीबीआई की दो सदस्यीय जांच टीम पटना में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंची और ईओयू द्वारा 39 दिनों की एवं पटना पुलिस की 11 दिनों की जांच रिपोर्ट अपने कब्जे में ली। लगभग 300 पेज की जांच रिपोर्ट में नीट-यूजी पेपर लीक मामले से जुड़े आरोपितों के साथ ही पेपर लीक के तरीके, पैसे के लेनदेन, आरोपितों के पुराने रिकॉर्ड व आपराधिक इतिहास का पूरा ब्योरा दर्ज है।

रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद सीबीआई आगे की जांच में जुटेगी। नीट-यूजी पेपर मामले में ईओयू ने अपनी जांच के आधार पर अब तक आधिकारिक तौर पर 18 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

### हिंदुजा परिवार को बड़ी राहत दावा- सजा पाए सदस्यों को जेल नहीं भेजा जाएगा

**लंदन।** हिंदुजा परिवार ब्रिटेन का सबसे धनवान परिवार है। हालांकि, इन दिनों हिंदुजा परिवार गलत कारणों से सुर्खियों में है। दरअसल परिवार के चार सदस्यों पर घरेलू नौकरों के शोषण करने का आरोप लगा था। हालांकि, अब हिंदुजा परिवार के प्रवक्ता ने दावा किया है कि स्विट्जरलैंड की ऊपरी अदालत ने शनिवार को परिवार के सदस्यों को राहत देते हुए सभी आरोपों से बरी कर दिया है। बता दें, 21 जून को एक निचली अदालत ने हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को नौकरों के शोषण मामले में जेल की सजा सुनाई थी। दरअसल, हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को स्विट्जरलैंड की एक अदालत ने साढ़े चार-साढ़े चार साल जेल की सजा सुनाई थी। सजा पाने वालों में प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी कमल और बेटे अजय के साथ ही उनकी बहू नम्रता का नाम शामिल था।

# सुप्रीम कोर्ट का केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार

**शराब घोटाला**

- अगली सुनवाई 26 को



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है। केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में निचली अदालत की ओर से उन्हें दी गई जमानत पर रोक लगाने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।

जस्टिस मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को अपना आदेश देने दीजिए। हम आपको 26 जून को सुनेंगे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत आदेश पर उच्च न्यायालय की रोक हटाने का अनुरोध किया। ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने केजरीवाल की याचिका का विरोध किया और कहा कि हाईकोर्ट उनकी रोक याचिका पर फैसला सुनाने वाला है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अभिषेक सिंघवी से कहा कि अगर वह हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के खिलाफ सीएम केजरीवाल की याचिका पर कोई आदेश पारित करता है, तो यह मामले को लेकर पूर्वाग्रह होगा। बता दें कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वे पिछले शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते थे, लेकिन हाईकोर्ट ने संघीय जांच एजेंसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी जमानत पर स्टे दे दिया। दरअसल, निचली अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने बीते शुक्रवार को इस पर अंतरिम रोक लगा दी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। हाईकोर्ट की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा था कि अगले आदेश तक जिस फैसले को चुनौती दी गई है, उसे अमल में नहीं लाया जा सकेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में बैठक

## पीडी ने स्टेकहोल्डर्स विभागों से किया विचार-विमर्श

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** राहत आयुक्त उप्र कार्यालय से परियोजना निदेशक अदिति उमराव अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार सोमवार सुबह खीरी पहुंची, जहां उन्होंने जिले के डूब क्षेत्र में बसे व्यक्तियों, परिवारों के पुनर्वास के लिए अन्यत्र स्थायी, अस्थायी स्थल चिन्हित किये जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एडीएम संजय सिंह सहित सभी स्टेकहोल्डर्स संग विस्तृत विचार-विमर्श किया।

बैठक में एडीएम ने जिले में गत वर्षों में बाढ़ और कटान की स्थितियां और परिदृश्य को रेखांकित किया। पीडी अदिति उमराव के पूछने पर ईई शारदा नगर खंड शोभित कुशवाहा ने बताया कि दोनों बधों के बीच की दूरी 08 किमी है। आईआईटी रुड़की ने इस क्षेत्र का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत की है।उन्होंने एसडीएम सदर/गोला/निघासन से उनकी तहसील के सर्वाधिक व पहले प्रभावित होने वाले गांव के संबंध में विस्तृत चर्चा की।उनसे पुनर्वासन के लिए अबतक किए गए प्रयास और रणनीति जानी। बैठक में डिप्टी सीएमओ डॉ धनीराम, जिला अग्निशमन अधिकारी, ईई (पीडब्लूडी) अनिल कुमार यादव, ईई (बाढ़ खंड) अजय कुमार, ईई शारदाखंड शोभित कुमार कुशवाहा, एसडीएम (सदर) अश्विनी सिंह, एसडीएम-गोला विनोद गुप्ता, एसडीएम-निघासन राजीव निगम, एसडीएम-धौरहरा राजेश कुमार, बीएसए प्रवीण तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद परियोजना निदेशक अदिति उमराव ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह के साथ क्रमश तहसील सदर और गोला गोकर्णनाथ के स्थलीय निरीक्षण कर डूब क्षेत्र में बसे व्यक्तियों, परिवारों से मुलाकात की। मौके पर पूरी वस्तु स्थिति देखी। इस दौरान संबंधित तहसीलों के एसडीएम एवं अन्य राजस्व अधिकारी और स्टेकहोल्डर विभाग मौजूद रहे।

# फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने वाले दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** थाना नकुड़ पुलिस ने हत्या का प्रयास व फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध अस्लाह बरामद किया है। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि विगत् 23 जून को शानु रहमान पुत्र अखतर निवासी मौ. पटियान अम्बेहटापीर थाना नकुड ने एक लिखित तहरीर देकर अभियुक्त आहद पुत्र जिन्दा निवासी मौ.किला कस्बा अम्बेहटापीर थाना नकुड़ व सलीम पुत्र मुनफैद निवासी मौ.नयाबांस कस्बा अम्बेहटापीर थाना नकुड द्वारा उसकी दुकान व घर पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना नकुड़ थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र गौतम के नेतृत्व में रात्रि में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने नामजद दो अभियुक्त आहद पुत्र जिन्दा व सलीम पुत्र मुनफैद को कस्बा अम्बेहटापीर से इस्लामनगर की तरफ जाने वाले रोड पर बने कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 तमंचे 315 बोर, 02 खोखा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त आहद ने बताया कि वह पहले भी कई बार जेल जा चुका है। उसकी जमानत कराने के लिये मेरे परिवार वालो ने कस्बे के ही रहने वाले युनुस से 50 हजार रूपये उधार लिये थे। युनुस व उसके परिवार के लोग अपने बार-बार उधार दिये 50 हजार रुपये वापस मांग रहे थे, लेकिन पैसों की व्यवस्था न होने के कारण वह पैसे वापस नहीं कर पा रहा था। 22 जून की दोपहर में युनुस का भतीजा अबरार पुत्र अख्तर मेरे घर पर मुझसे रूपये वापस मांगने के लिये आया जिस कारण मेरी उसके साथ कहासुनी हो गयी थी, फिर रात के करीब 9 बजे युनुस ने मुझसे फोन करके पुनः मुझसे रूपये वापस मांगते हुए मुझे चेतावनी दी। जिस कारण मुझे क्रोध आ गया और अपने साथी सलीम के साथ दिन में करीब 2.00 बजे युनुस के घर के पास पहुँचकर दुकान पर मौजूद उसके भतीजे शानू रहमान पुत्र अख्तर को जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर फायरिंग कर दी, लेकिन शानू रहमान बचकर भाग गया। फिर हम दोनों अपने अपने तमन्चा कारतूस लेकर वहाँ से भाग गये थे और रात्री में कहीं बाहर जाने के लिये इस्लामनगर रोड पर कब्रिस्तान के पास खड़े थे तभी पुलिस ने हमको पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

### एक नफर वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** थाना शारदानगर पुलिस टीम द्वारा नहर की पटरी के दाहिनी तरफ शारदा बैराज से 01 किमी पीछे से मु0अ0स0 135/2024 धारा 380/411 भा0द0वि0 के 01 नफर वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे से एक अदद तमन्चा 12 बोर 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर एवं एक अदद मांग बेंदी पीली धातु, एक अदद अंगूठी पीली धातु, 04 अदद अंगूठी सफेद धातु जिसमें नग लगा हुआ, सात अदद अंगूठी सफेद धातु, 21 अदद पैर के बिछुआ सफेद धातु, 24 अदद पायल सफेद धातु तथा एक अदद मोबाइल सैमसंग एक अदद मोबाइल रियल मी रंग नीला एक अदद बैग तथा बरामद शुदा एक अदद मो0 सा0 यूपी 31- एएम-4627 बरामद किया गया।

### पेड़ टूटने पर हुआ विवाद, महिला को ले जाया गया अस्पताल



**मोहम्मदी-खीरी अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम खिरिया घासी निवासी रमेश कुमार ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसने अपने खेत की मिट्टी बेटू भट्ठा वाले को बेंची है। बेटू द्वारा उसके खेत से मिट्टी निकाल कर ले जाते समय खेत के पास में गांव के ही महेन्द्र पुत्र चन्द्र के खडे छोटे से यूकेलिप्टस का पेड़ टुट गया था। पेड़ टूटने से क्रोधित महेन्द्र आज प्रातः सात बजे रमेश कुमार के घर पहुंच गया और गन्दी-गन्दी गालियां देते हुए रमेश से पेड़ की कीमत मांगने लगा। पेड़ की कीमत मांगे जाने पर रमेश ने कहा कि पेड़ भट्टे की ट्राली से टूटा है हम पैसे क्यो दे। इतनी सी बात पर महेन्द्र ने रमेश को मारना-पीटना शुरू कर दिया। रमेश की चीखे सुनकर रमेश को बचाने आयी उसकी पत्नी संतरा देवी के पेट पर महेन्द्र ने लात मार दी जिससे संतरा देवी वही जमीन पर गिर पड़ी और बेहोश हो गयी। संतरा देवी को बेहोश हुआ देखकर महेन्द्र जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। तब रमेश अपनी पत्नी को 108 एम्बुलेन्स से मोहम्मदी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया जहां डाक्टरो ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया है। समाचार प्रेषण तक पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत नहीं किया था।

### भाजपा नेता व कार्यकर्ताओ ने किया कोतवाली का घेराव

**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मेला मैदान चौराहे पर रात को कार्यकर्ता के साथ विवाद होने की सूचना पर पहुंचे भाजपा नगर महामंत्री का पुलिसकर्मियों से विवाद हो गया विवाद के दौरान महामंत्री की दरोगा से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान एक सिपाही ने नगर महामंत्री को थप्पड़ जड़ दिया। इसकी जानकारी होने के बाद भाजपा कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। कुछ देर बाद भाजपा के नेता और कार्यकर्ता कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने कोतवाली का घेराव किया। भाजपा कार्यकर्ता आरोपी सिपाही पर कार्रवाई की मांग को लेकर देर रात तक हंगामा करते रहे। पुलिस अफसरों के काफी देर समझने के बाद कार्यकर्ता माने सीओ रमेश तिवारी ने उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया, जिसके बाद आरोपी सिपाही अब्दुल आलम खां को लाइन हाजिर कर दिया है।

### तीन दिनों की बारिश के बाद गर्मी से मिलेगी राहत

**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** उमस भरी गर्मी में सब बेहाल हैं सोमवार, मंगलवार को गर्जना के साथ हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं। इसके साथ 26, 27 और 28 जून को जनपद में भारी बारिश के आसार जताए गए हैं मौसम विभाग ने बताया कि तीन दिनों की बारिश के बाद गर्मी से राहत मिलेगी रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार को जनपद का अधिकतम 37 और न्यूनतम 27 रिकॉर्ड किया गया। शनिवार की अपेक्षा रविवार को उमस ज्यादा रही, जिसकी वजह से लोगों का हाल बेहाल रहा। उमस की वजह से लोगों को दिन में चैन न ही रात के समय। गर्मी में बीमार होने वालों की संख्या बढ़ी है। सरकारी हो चाहे निजी अस्पताल मरीजों से भरे पड़े है। गर्मी की मार सबसे ज्यादा छोटे बच्चों पर पड़ रही है। बच्चे जल्दी-जल्दी बीमार हो रहे हैं।

### एक खेत में पेड़ से लटकती मिली लाश


**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** पति-पत्नी के बीच हुए झगड़े के बाद सोमवार सुबह पति की लाश एक खेत में पेड़ से लटकती मिली। उसके खुदकुशी कर लेने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।मझगई थाना क्षेत्र के बम्हनपुर के कंधईलाल पुरवा गांव निवासी चालीस वर्षीय ईदी का रविवार शाम अपनी पत्नी केसरजहां से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके थोड़ी देर बाद ईदी घर से निकल गया। सोमवार सुबह गांव के पश्चिम गड्डी तालाब के किनारे घनश्याम के खेत में लगे आम के पेड़ में प्लास्टिक की रस्सी के फंदे से उसकी लाश लटकती मिली। पेड़ से शव लटके होने की सूचना पर उसके घर में कोहराम मच गया। आशंका है कि पत्नी के झगड़े के बाद गुस्से में ईदी ने खुदकुशी कर ली।

### बकरियों को खेत में चराने को लेकर विवाद में जमकर हुई मारपीट

**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र एक गांव में बकरियों को खेत में चराने को लेकर विवाद में जमकर मारपीट हाथापाई में विपक्षी महिलाओं ने एक गर्भवती के पेट पर लात मार दी। सिसैया गांव मे को खेतों में बकरियों को चराने के लेकर बच्चों मे हो रहे झगड़े पर बड़े बुजुर्ग और महिलाओं में जमकर लात घूसे चले।इसी बीच एक गर्भवती कासमीन पत्नी सफीक के पेट पर लात लगने से वह बेहोश हो गई। डाक्टरों ने पुलिस केस होने से गर्भवती महिला का इलाज करने से मना कर दिया। परिजनों ने थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** थाना देवबंद पुलिस ने सरकारी विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर बेरोजगार युवको को फर्जी नियक्ति पत्र देकर धोखाधडी से पैसा हड़पने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गौरतलब रहे कि 22 अक्टूबर 23 को अक्षय कुमार पुत्र सुशील कुमार निवासी ग्राम असदपुर करन्जाली थाना देवबन्द ने आरोपी दीपक श्रीवास्तव पुत्र जगदीश शरण समेत अन्य अज्ञात के खिलाफकुल 44 लाख 50 हजार रूपये सरकारी विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करके पैसा ठगी करने तथा 12 जनवरी को प्रशान्त कुमार पुत्र मुनेश कुमार निवासी चौरा खुर्द थाना गागलहेड़ी से 20 लाख रूपये ले लेने के संबंध में आरोपी दीपक श्रीवास्तव के विरूद्ध थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। ज्ञात हो कि उक्त प्रकरण में 04 अभियुक्त विशाल पुत्र राजकुमार निवासी राजा बाजार शकुन्तला अपार्टमेन्ट नियर प्राचीन हनुमान मंदिर थाना राजाबाजार, जिला पटना (बिहार) हाल पता ए-9 फ्लैट नं.1901 पंचतत्व अपार्टमेन्ट ग्रेटर नोएडा (उप्र), दीपक श्रीवास्तव पुत्र जगदीश शरण निवासी सहाबुद्दीन रोड नया रामपुरी गेट नं. 03 मकान नम्बर 14 जनपद मुजफ्फरनगर, तुषार उपाध्याय पुत्र सुबोध कुमार निवासी म.नं.-100 सैनी नगर खतौली कस्बा व थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर व सलाउद्दीन पुत्र मंगलुद्दीन निवासी पूर्वी मुस्तफाबाद लोनी देहात थाना लोनी जनपद गाजियाबाद को 15 फरवरी 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थाना देवबंद प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में थाना देवबन्द व थाना गागलहेड़ी की संयुक्त पुलिस टीम ने सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने के नाम पर बेरोजगार युवको को फर्जी नियुक्ति पत्र देकर धोखाधड़ी से पैसा हड़पने वाले अन्तराज्यीय गिरोह के वांछित अभियुक्त सूरज कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी ग्राम विधिपुर थाना सालिमपुर जिला पटना (बिहार) को अभियुक्त के घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर अभियुक्त सूरज कुमार ने बताया कि वह नोएडा में रहकर जियो कम्पनी में काम करता है। नोएडा में ही उसे एक अन्य साथी विशाल मिला था। उसने मुझे बताया तुम मुझे अपने खाते के एटीएम दे दो, उसमें मुझे रूपये मंगाने है, वह जल्दी ही काल सैन्टर खोलने वाला है, जिसमें हमारी आपस में पार्टनरशिप रहेगी। जब भी वह अपने खाते का स्टेटमेंट देखकर उससे अपने खाते में हुई बड़ी-बड़ी ट्रांजेक्शन के बारे में पूछता को वह मुझे खर्चे पानी के रूपये दे देता था। जिससे में मौज मस्ती कर लेता था। कई बार कई अजान लोगो से विशाल में मुझे रूपये रिसीव भी कराये थे। जिनके एवज वह मुझे कमीशन देता था।

**पूर्व में भी चार आरोपी भेजे जा चुके है जेल**

## 25 जून को भूमि पूजन एवं प्रमाण-पत्र वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** परियोजना अधिकारी डूडा शशि कुमार मेहरोत्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का शुभारम्भ भारत सरकार द्वारा 25 जून 2015 को समस्त पात्र शहरी बेघर व्यक्तियों को पक्का आवास दिलाने के उद्देश्य से किया गया था।

उन्होंने बताया कि तत्क्रम में जनपद रायबरेली में 25 जून 2024 को योजना की 9वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर मा0 जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भूमि पूजन एवं प्रमाण-पत्र वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद रायबरेली की नवीन स्वीकृत 613 आवेदको की परियोजना में सम्मिलित लाभार्थियों को लाभ प्रदान करते हुये भूमि पूंजन का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

जनपद रायबरेली में योजनान्तर्गत कुल स्वीकृत अद्यतन 10037 पात्र लाभार्थियों के सापेक्ष 10033 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जा चुका है एवं 9265 लाभार्थियों के आवास छत स्तर तक पूर्ण हो चुका है, शेष आवास निर्माणाधीन है, तथा नगर पालिका परिषद रायबरेली की नवीन स्वीकृत 613 लाभार्थियों की परियोजना में कार्य प्रक्रियाधीन है।

परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया कि योजना के सफल क्रियान्वयन के कारण जनपद में दस हजार से भी अधिक लाभार्थियों के पास अब स्वयं का पक्का आवास है जिससे हजारों गरीब परिवारों का पक्के आवास का सपना पूर्ण हुआ है। डूडा द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की 9वीं वर्षगांठ पर नवीन स्वीकृत 613 लाभार्थियों के निर्माण स्थल पर भूमि पूंजन का कार्यकम किया जायेगा तथा लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र/आवास स्वीकृति पत्र वितरित कर सम्मानित किया जायेगा।

### भाकियू रक्षक ने किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन रक्षक से जुड़े किसानों ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। भाकियू रक्षक से जुड़े किसान राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ.नारायण सिंह व प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे तथा अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था कि सहारनपुर नागल, लाखनौर, देहरादून दिल्ली मार्ग पर निर्माणाधीन 6 लेन हाइवे पर एक ओर टोल लगाया जा रहा है, जोकि अवैध है। उनका कहना था कि इस मार्ग के 10 किमी. में पहले ही टोल लगा हुआ है और अब दूसरा टोल लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर रोज खेतों में जाना होता है। जिसके चलते किसानों व शहर के नागरिकों को मात्र 15 किमी. के अंदर दोनों टोल प्लाजा पर टोल देना पड़ेगा, जिसे किसान बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### खेत में पानी चलाने गए किसान की गला रेंतकर हत्या



**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** थाना नागल क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों ने खेत में पानी चलाने गए एक किसान की गला रेंतकर निर्मत हत्या कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना नागल क्षेत्रान्तर्गत गांव पहाड़पुर निवासी किसान संजय पुत्र दिलेराम रात को खेत में पानी देने गया था। बताया जाता हे कि रात में ही अज्ञात लोगों ने उसकी धारदार हथियार से गला रेंतकर हत्या कर दी। सूचना के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि थाना नागल क्षेत्रान्तर्गत खेत पर सो रहे एक व्यक्ति को हमला कर गम्भीर घायल कर देने व चिकित्सालय ले जाने पर घायल को चिकित्सको द्वारा मृत घोषित कर देने की सूचना पर थाना नागल पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होने बताया कि कि उनके द्वारा भी घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। परिजन की तहरीर पर अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। जो अभियुक्त घटना मे शामिल है, उनको शीघ्र ही गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया जायेगा।

### महिला लाभार्थी डीबीटी/एनपीसीआई तत्काल कराएं

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों का निदेशालय द्वारा आधार बेस्ड पेमेंट किया जाना है, जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी/एनपीसीआई नहीं होगा उन लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने पेंशन प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों से कहा है कि संबंधित बैंक से अविलम्ब डीबीटी/एनपीसीआई तत्काल करा लें जिससे ससमय पेंशन की धनराशि का भुगतान किया जा सके।

# इंडो नेपाल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में रवित कश्यप ने जीता गोल्ड मैडल

### गांव ढाकादेवी में रवित कश्यप का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** इंडो नेपाल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप मे रवित कश्यप ने गोल्ड मैडल जीतकर अपने देश का नाम रोशन कर दिया। गोल्ड मैडल जीतकर गांव लौटने पर ग्रामीणों ने रवित कश्यप का भव्य स्वागत कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

नेपाल यूथ स्पोर्ट्स डेवलवमेन्ट फोरम द्वारा पोखरा मे आयोजित हुई इंडो नेपाल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में जनपद के ग्राम ढाकादेवी निवासी रवित कश्यप ने अपनी लगन व मेहनत के बलबूते एथलेटिक्स गेम्स के लॉन्ग जंप इवेंट में गोल्ड मैडल जीतकर अपने गांव समेत अपने देश का नाम रोशन कर दिया। नेपाल मे गोल्ड मैडल जीतकर अपने खेल का लोहा मनवाने वाले चैम्पियन रवित कश्यप का सपना ओलम्पिक खेलो मे मैडल जीतकर देश का नाम रोशन करना है। रवित कश्यप ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, अपने कोच अरुण बौद्ध को दिया है। इंडो नेपाल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप मे गोल्ड मैडल जीतकर अपने गांव ढाकादेवी आने पर गोल्ड मैडलिस्ट रवित कश्यप का फूल माला पहनकर व ढोल बजाकर भव्य स्वागत किया गया। इंडो नेपाल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप मे गोल्ड मैडल जीतने पर रवित कश्यप को संजीव कश्यप, मांगेराम कश्यप, कुलदीप भाई, पवन कश्यप, रामवीर, उमेश, अमरजीत, राजेन्द्र, पप्पू कश्यप, शिवकुमार प्रजापति, बबलू प्रजापति, संदीप कश्यप, विकाश, केहर सिंह, रोहिताश, धर्मेन्द्र दादा, सोनू राणा, प्रवीण कुमार, रियासत अली, मौ.मसरूफअली समेत कई ग्रामीणो ने सम्मानित कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# होटलों की रसोई चेक कर साफ-सफाई कराएं सुनिश्चित

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डा.दिनेश चंद्र ने निर्देश दिए कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तत्संबंधी नियमवाली 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थो की उपलब्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि होटलों की रसोई चेक कर साफ-सफाई सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मिलावटी खाद्य सामग्री एवं पेय पदार्थो पर सर्विलांस एवं अभिसूचना आधारित प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। न्यायालय, न्याय निर्णायक अधिकारी, सहारनपुर एवं अपर मुख्य न्यायीक मजिस्ट्रेट प्रथम, सहारनपुर में लंबित वादों की प्रभावी पैरवी कर मामलों का निस्तारण किया जाए। जुर्माने की राशि को 30 जून तक वसूल किया जाए। खाद्य कारोबार करने के लिए खाद्य लाईसेंस, पंजीकरण अनिवार्य है इसलिए सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को लाईसेंस एवं पंजीकरण से आच्छादित किया जाए। पंजीकरण का लक्ष्य पूरा न करने वाले इंस्पेक्टरों का वेतन रोका जाएगा। खाद्य कारोबारकर्ता को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के बारे में कैम्पों एवं नियमित निरीक्षणों के माध्यम से जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्कूलों में बच्चों को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थो के बारे में जानकारी देकर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन तथा मिड-डे-मील योजना के तहत बन रहे भोजन के सर्वे नमूना की कार्यवाही की जाए। पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम के तहत आईसीडीएस द्वारा वितरित की जा रही खाद्य सामग्री का समय समय पर विभाग द्वारा सर्वे नमूना की कार्यवाही की जाए।

# मुहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारी सभी व्यवस्थाएं करें पूर्ण: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र कहा कि ड्यूटी पर तैनात सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन करेंगे। प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी के पास शिविर संचालकों के नंबर अवश्य होना चाहिए। सभी अधिकारी कर्मचारी अपनी ड्यूटी को प्राथमिकता से करें, किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य ना होगी। जनपद में मंदिरों की साफ-सफाई के साथ पथ प्रकाश व्यवस्था का विशेष ध्यान दिया जाए।

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र आज यहां कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आगामी मुहर्रम एवं कांवड यात्रा के पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न समुदायों के संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक ले रहे थे। बैठक में समिति के सदस्यों से समस्याओं एवं उनके निराकरण संबंधी सुझाव लिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत विभाग ध्यान रखें कि जल चढ़ाने के लिए जाने वाले मार्गो पर विद्युत तार यदि जर्जर हैं तो उन्हें बदला जाए या फिर सुनिश्चित किया जाए कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। इसके साथ ही रास्ते में पडने वाले ट्रान्सफरों की बेरीकेटिंग करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ विद्युत खम्भों की मजबूती से प्लास्टिक टेपिंग की जाए। डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि ग्राम स्तर पर लेखपाल एवं सचिव से सहायाता लें। संवेदनशील क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों से संवाद बनाकर रखें जिससे यात्रा में आने वाली किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसके साथ ही अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर चल रही तैयारियों कों परखते रहें। सभी सम्बन्धित विभाग शिविरों के लगाने के लिए परमिशन देने में आयोजकों को बेवजह परेशान न करें। उन्होने सभी शिविर आयोजकों से अपील करते हुए कहा कि शिविरों में प्लास्टिक के समान का प्रयोग न किया जाए। खाने पीने के बर्तनों में स्टील या कागज के बर्तन प्रयोग में लाए जाएं। उन्होने कहा कि यदि किसी शिविर आयोजक को बर्तनों की आवश्यकता हो तो वह अवगत करा सकते है। जिलाधिकारी की प्लास्टिक मुक्त कांवड यात्रा का सभी कांवड संघ के पदाधिकारियों ने एक सुर में समर्थन किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कांवड मार्गो पर शिविरों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु आकस्मिक स्थिति में वाहन में जनरेटर की व्यवस्था, कांवड मार्गो के पास से झाडियों की कटाई एवं पेडों की छंटाई, जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता, एम्बुलेंस की व्यवस्था, मार्गो का गडढामुक्त करने, सडकों के डिवाईडरों पर रिफ्लेक्टर लगवाने, नहरों पर गहरे स्थानों पर संकेतक लगवाने, महिला एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था करने, दुकानों पर रेट लिस्ट चस्पा करवाना सुनिश्चित किया जाए।

# आपसी समन्वय बना कर सम्पादित करें संचारी रोग नियंत्रण की गतिविधियां: सीडीओ

अवधनामा संवाददाता




- विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में सीडीओ की अध्यक्षता में हुई डीटीएफ बैठक
- डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में समुदाय तक संदेश पहुंचाने के बारे में हुई चर्चा

**गोरखपुर।** आगामी एक से 31 जुलाई तक प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना की अध्यक्षता में ड्रिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक विकास भवन सभागार में सोमवार को हुई।

बैठक के दौरान इंसेफेलाइटिस, मलेरिया, डायरिया आदि संचारी रोगों के नियंत्रण के प्रयासों के साथ साथ डेंगू से बचाव के उपायों के बारे में समुदाय तक संदेश पहुंचाने के बारे में भी खासतौर से चर्चा हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी तेरह विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह आपसी समन्वय बना कर संचारी रोग नियंत्रण की गतिविधियों को सम्पन्न करें। बैठक में पंचायती राज विभाग, नगर निकाय विभाग, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, खाद्य व औषधि प्रशासन, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों और प्रतिनिधिगण ने हिस्सा लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक के दौरान निर्देश दिया कि माइक्रोप्लानिंग इस प्रकार से हो कि किसी भी क्षेत्र में सभी विभागों की गतिविधियों के दिनों में अधिक अंतराल न हो, ताकि मॉनीटरिंग के दौरान जिले का सूचकांक बेहतर बना रहे। पंचायती राज विभाग तेरह हाई रिस्क विलेज के साथ साथ उन 98 गांवों में भी जोर देकर झाड़ियों की कटाई कराए जहां से स्क्रबटाइफस के केस रिपोर्ट हुए हैं। इन गांवों में मत्स्य विभाग की मदद से गम्बुजिया मछली डाली जाए। एंटी लार्वा का छिड़काव हर हफ्ते कराया जाए। सभी डिपार्टमेंट के लोग समुदाय को प्रेरित करें कि वह खुले में शौच न करें। साफ और ठहरे हुए पानी को तुरंत हटाया जाए। सुअरबाड़ों की साफ सफाई के साथ उनको शत फीसदी जाली से ढंकवाया जाए। सभी विभाग ऑनलाइन डैशबोर्ड की मदद से प्रतिदिन समीक्षा करें और जहां कहीं भी गैप दिखे, उसे तुरंत दूर करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि अभियान में चिकित्सा विभाग, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास व पंचायती राज, शिक्षा, नगर निगम व शहरी विकास, कृषि, पशुपालन, दिव्यांग कल्याण, स्वच्छ भारत मिशन, सूचना, चिकित्सा शिक्षा, जल निगम और खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग मिल कर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को इस माह के दौरान खुले में बिकने वाले दूषित खाद्य पदार्थों पर नियंत्रण और लोगों को ऐसी चीजें न खाने के लिए जागरूक करना है। यह विभाग पहली बार इस अभियान से जोड़ा गया है। इस बार विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान पूरे माह स्टॉप डायरिया कैंपेन भी चलाया जाएगा, जिसमें लोगों को डायरिया के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही पांच साल से छोटे बच्चों के लिए घर घर ओआरएस और जिंक की गोलियां वितरित की जाएंगी। सरकारी अस्पतालों और आईसीडीएस से जुड़े आंगनबाड़ी केंद्रों पर ओआरएस कार्नर बनाए जाएंगे। स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर हाथों की स्वच्छता के बारे में विशेष तौर पर जानकारी दी जाएगी। जिला मलेरिया अधिकारी अंगद सिंह ने बताया कि समाज तक जागरूकता का संदेश पहुंचाने में शिक्षा विभाग की अहम भूमिका है।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लगाया जनता दरबार

अवधनामा ब्यूरो



- जनसुनवाई के दौरान लोगो की समस्याओं को गंभीरता से सुना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय 7 कालीदास मार्ग पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें, उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगजनो, बुजुर्गो की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना।

## पुरानी रंजिश को लेकर पीटा, चार लोग घायल



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के सहरी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर शरारती तत्वों ने दुकान में घुसकर लाठी डंडा से पीटकर घायल कर दिया। जिसमे चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के सहरी निवासी चंद्रशेखर के भाई और रंजीत के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। उसी बात को लेकर आधा दर्जन की संख्या में मनबढ पीड़ित की दुकान पर लाठी डंडा से लैस होकर चढ़ आए। और दुकान में घुसकर परिजन को मारपीट कर घायल कर दिए। जिसमे चंद्रशेखर 45 वर्ष,राम आशीष 55 वर्ष, बृजेश 22 वर्ष, बसु 65 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का सीएचसी सहजनवा पर इलाज कराया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## फार्मर्स रजिस्ट्री का राजस्वकर्मी करें सत्यापन



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ. वी. के. सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस संपूर्ण समाधान दिवस व टीम क्षेल में कहीं हो थाना दिवस के दिन कार्य नहीं करे 15.441 राजस्व करेगी/544/18 संपूर्ण कृषक हैं। मात्र 230557 रूपकों का ही सत्यापन अब तक हो पाया है। फार्मर रजिस्ट्री का कार्य जारी है/.82336 है। अमृतपुर में। मुख्य विकास अधिकारी का सहयोग अपेक्षित है। उप निदेशक कृषि प्रसार स्तर तक कार्य व निर्धारित तिथियों का प्रचार प्रसार दिए जाएगा। तहसील स्तरीय जिलाधिकारी अध्यक्षता में दो दिन दिन में आयोजित होगी। सह आधार पर उपयोग की गई को खेत के अनुसार कृषक को सब्सिडी प्राप्त होगी। बैदक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ज्योनी ग्राम प्रधान पद की रिकाउंटिंग 28 को

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** उपजिलाधिकारी कायमगंज ने बताया कि 15 मार्च 2024 के द्वारा चुनाव याचिका प्रमोद कुमार बनाम बबलू आदि निवासी ग्राम पंचायत ज्योनी विकास खण्ड नबावगंज तहसील कायमगंज में धारा 12ग, पंचायती राज अधिनियम-1947 के तहत न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पारित आदेश 15 नवंबर 2022 और आदेश 13 फरवरी 2024 के तहत न्यायालय उप जिलाधिकारी कायमगंज द्वारा ग्राम पंचायत ज्योनी के प्रधान पद के मतपत्रों की पुनर्मतगणना 28 जून 2024 को दोपहर 03 बजे विकास खण्ड मुख्यालय नबावगंज पर की जाएगी। खण्ड विकास अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव नवावगंज ने यह जानकारी दी है।

## उधारी रुपए मांगने पर डाक्टर को चाकू से गोंदा

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गांव करनपुरदत्त निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र सीता राम गाँव में ही झोलाछाप चिकित्सक हैं।उनके पुत्र शोभित नें बताया कि गांव के ही दबंग शिवा पुत्र ओमकार नें उसके पिता राजेन्द्र सिंह से 2 हजार रूपये मांगे। जब राजेन्द्र सिंह नें रूपये देनें से मना कर दिया तो आरोपी आक्रोशित हो गया। बीती रात उसके पिता राजेन्द्र सिंह बरामदे में सो रहे थे। उसी आरोपी चाकू लेकर आया और उसने राजेन्द्र के सीने और कमर को चाकू से गोद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। शोभित ने पिता राजेन्द्र सिंह को नाला मछटा स्थित डा. हरिदत्त द्विवेदी के अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ अमृतपुर रविन्द्र नाथ राय नें अस्पताल पंहुचकर जाँच की। पुलिस नें आरोपी के एक रिश्तेदार को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी नें बताया की। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## एनडीपीएस एक्ट में सात साल की सजा

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारो को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने के लिए निर्देशित किया गया है। अभियुक्त मनोज पुत्र सोनेलाल निवासी काकन नगला थाना कायमगंज का मुकदमा एन डी पी एस एक्ट के तहत सदर कोतवाली में पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना करअभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। फतेहगढ़ पुलिस टीम/मानीटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार /कोर्ट मोहर्रिर के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए दिनांक 24 जून 2024 को न्यायालय एन0डी0पी0एस0 एक्ट कोर्ट द्वारा अभियुक्त को दोषसिध्द कर 07 माह का कठोर कारावास व 20,000/रू0 अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## बिजली के तार में करंट दौड़ने से एक किसान की मौत

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आवारा गौवंशो से फसल की सुरक्षा के लिए खेत में लगाए गए तारों में बिजली का करंट दौड़ा दिया गया। जिससे चिपक कर एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर के गांव गुडेरा में मुन्नालाल के खेत में आवारा पशुओं से फसल की सुरक्षा के लिए तार लगाए गए और उन्हीं तारों में बिजली का करंट दौड़ा दिया गया। बटाईदार राजवीर ने इन तारों में करंट दौड़ने की चर्चा गांव वालों से नहीं की। लापरवाही के चलते मृतक अवनीश और उसका भतीजा अंश जब शौच करने गया तो उसमें चिपक गए। काफी प्रयास के बाद भतीजा को छुड़ा लिया गया। लेकिन तब तक गुड्डी पत्नी दिलीप वीर पत्नी शिशुपाल प्राजंलि पुत्री मुकेश भी उस बिजली के तार की चपेट में आ गए। गांव वालों की होशियारी के चलते तार से जुड़ी केविल को लाठी डंडों से तोड़ दिया गया। जिससे और बड़ा हादसा होने से बच गया अन्यथा चार लोगों की जान एक साथ जा सकती थी। तत्काल सभी लोगों को चिकित्सक को दिखाया गया जहां अवनीश को मृत घोषित कर दिया गया। बाकी लोगों का इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## 33 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** बैंक ऑफ इण्डिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 10 दिनों से संचालित अगरबत्ती बनाने के प्रशिक्षण सत्र का समापन समारोह अयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह में 33 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बैंक ऑफ इंडिया रेलवे रोड के शाखा प्रबन्धक रोहित सिंह उपस्थित रहें, इस दौरान उन्होनें प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह वर्धन, शुभकामनाऐं देते हुये बैंक द्वारा ऋण प्राप्त, कर व्यवसाय करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनके रूचि के अनुसार स्वरोजगार से जोड़ने के लिए हुरनमंद बनाया जाये। आरसेटी निदेशक सतेन्द्र यादव ने संस्थान द्वारा आगामी दिनों में शुरू होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम सेलफोन मरम्मत, मशरूम फार्मिंग, डेयरी फार्मिंग एवं वर्मीकम्पोस्ट मेकिंग, बकरी पालन और महिलाओं के लिए सिलाई व ब्यूटी पार्लर प्रबन्धन आदि कोर्सों की जानकारी दी। उन्होनें कहा कि आरसेटी में सभी प्रकार का प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किये जाते है, जिसमें ग्रामीण बेरोजगार व्यक्ति ट्रेनिंग लेकर अपना कोई भी स्वरोजगार व्यवसाय शुरू कर सकता हैं और आरसेटी बैंक से ऋण दिलाने मे भी सहायता करते हैं, बैंक ऑफ इण्डिया आरसेटी संस्थान से ट्रेनिंग लेकर हजारों बेरोजगार व्यक्तियों ने अपना व्यवसाय कर आत्मनिर्भर हो रहे हैं। इस दौरान फैकल्टी अवनेश कुमार यादव, ऑफिस असिस्टेंट सोमेश प्रताप सिंह, सुमित यादव, कार्यालय परिचर गिरन्द सिंह आदि उपस्थित रहें।

# लंबे समय से जमे जिला विकास अधिकारी भ्रष्टाचार को दे रहे बढ़ावा

अवधनामा संवाददाता

- जमीनी हकीकत में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दिखाई पड़ेगी तभी भाजपा सरकार की छवि स्वच्छ बनेगी

**कौशाम्बी।** तीन वर्षों से अधिक समय से एक स्थान पर तैनात अधिकारियों का स्थानांतरण करने का शासन बार बार निर्देश दे रहा है लेकिन शासन के निर्देश के बाद भी 6 वर्षों से जिले में तैनात जिला विकास अधिकारी का स्थानांतरण नहीं हो सका है बताया जाता है कि सचिवालय स्तर पर इसकी लंबी पकड़ है जिससे इनका स्थानांतरण नहीं हो पा रहा है इनकी तैनाती में कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं लंबे समय से एक स्थान पर तैनात जिला विकास अधिकारी के कार्यकाल में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के कारनामों की जांच कराए जाने के बाद दोषी पाए गए लोगों पर निलंबन मुकदमा नोटिस और कार्यवाही की धमकी देकर उनसे धन वसूली हो रही है जिससे ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़े है और भ्रष्टाचार की पुष्टि होने के बाद रिकवरी नहीं हुई है सतीश चौधरी अर्चना सरोज सहित एक दर्जन से अधिक पंचायत सचिव भ्रष्टाचार के दोषी है जिन पर जांच के दौरान भ्रष्टाचार की पुष्टि भी हुई है लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया गया दोषी की गिरफ्तारी नहीं हुई दोषियों को निलंबित नहीं किया गया और कार्य से मुक्त नहीं किया गया बल्कि उन्हें वित्तीय अधिकार देकर के फिर भ्रष्टाचार का मौका दे दिया गया दोषियों को बर्खास्त करने की सिफारिश नहीं की गई बल्कि मुकदमा निलंबन और कार्यवाही का खौफ दिखाकर धन उगाही की गई है जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एक स्थान पर 6 वर्षों से जमे हैं इनकी जड़े इतना मजबूत हो गई है कि जिसे योगी सरकार भी नहीं हिला पा रही है ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार में जांच करने के बाद पंचायत सचिव को निलंबित करना नोटिस देना उसके बाद उनसे धन वसूली कर कई करोड़ रुपए की कमाई कर चुके हैं अकूत संपत्ति की जांच कर इन पर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है 6 वर्षों से जमे जिला विकास अधिकारी को जिला से हटाए जाने की जरूरत है लेकिन समय अवधि पूर्ण होने के बाद जिले में 6 वर्षों से तैनात जिला विकास अधिकारी का स्थानांतरण कराए जाने के लिए जिला अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी और सांसद विधायक मंत्री ने भी योगी सरकार को पत्र लिख कर सिफारिश नहीं की है जिससे यह बेलगाम दिखाई पड़ रहे हैं भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के कारनामे के चलते जनता को स्वच्छ प्रशासन नहीं मिल रहा है न्याय नहीं मिल रहा है योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है कार्य योजनाओं का लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा है निर्माण कार्य बनते ही ध्वस्त हो रहे हैं जिससे आम जनता नाराज हो रही है और इसी का खामियाजा लोकसभा चुनाव में भाजपा को देखने को मिला है भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का दावा करने वाली योगी सरकार को भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा जिससे जनता को न्याय मिल सके जमीनी हकीकत में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दिखाई पड़ेगी तभी भाजपा सरकार की छवि स्वच्छ बनेगी क्योंकि जिले के विभिन्न विभागों में तैनात तमाम अधिकारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं और उन पर सरकार कार्यवाही नहीं कर पा रही है।

# युवा व्यापारी राजेश जायसवाल हत्याकांड : मां इंद्रावती की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर, कूरेभार।** जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र के गुप्तारगंज में चावल के आढ़ती युवा कारोबारी राजेश उर्फ रोहित जयसवाल की रविवार को देर शाम गोली मारकर हत्या को लेकर जिले में माहौल गर्म है। सोमवार को मृतक की मां ने कूरेभार पुलिस को तहरीर दी ,जिसमें आरोप है कि मां- बाप के सामने शादाब, अतीक,जुनेद,प्रियांशू और अज्ञात ने पहले राजेश को पीटा। फिर प्रियांशू दूबे ने तमंचा से गोली मार दी। शादाब व प्रियांशू ने राजेश से एडवांस साढ़े नौ लाख रूपए ले रखे थे। रुपया मांगने पर राजेश को गोली मारने की धमकी दे रहे थे।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी,जिला प्रभारी रमेश अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, कूरेभार अध्यक्ष सुजीत कसौधन मृतक व्यापारी राजेश जयसवाल के घर गुप्तारगंज पहुंचकर मृतक के परिवारीजनों से मुलाकात की,उनके पिता विंदेश्वरी जायसवाल को ढ़ांढस बंधाते हुए कहा कि हत्या में शामिल सभी अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग एसपी व डी एम से कर चुका हूं। मुख्यमंत्री से भी वार्ता का प्रयास कर रहा हूं। पीड़ित परिवार जनों को शीघ्र ही माननीय मुख्यमंत्री से मिलवाने का प्रयास किया जायेगा। कहा कि यदि थाना अध्यक्ष कूरेभार सतर्क होते तो इस प्रकार की जघन्य घटना न होती। प्रदेश महामंत्री त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर कहा की यदि तत्काल अपराधी पकड़े न गए तो पूरा जिला बंद होगा। थाना प्रभारी पर तथा अन्य पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### मृतक के साथ हत्यारोपी मिलकर करते थे गल्ले का काम

पुलिस को दी गई तहरीर में गुप्तारगंज निवासी मृतक राजेश की मां इंद्रावती ने उल्लेख किया है कि मुजेश गांव निवासी शादाब व प्रियांशू दूबे के साथ मिलकर गल्ले का काम करता था। दोनों ने गेहूं देने के लिए मेरे पुत्र से 9,34,935 रुपए एडवांस लिए थे। न ही गेहूं इन लोगों द्वारा दिया गया न ही पैसे लौटाए गए। उन्होंने उल्लेख किया है कि बीती रात प्रियांशू व शादाब का बड़ा भाई अतीक बाइक से घर पर आए। उसे लेकर मंदिर के पास गए। हम और हमारे पति भी शंका के चलते वहां पहुंचे तो शादाब, जुनेद व एक अन्य वहां पहले से खड़े थे।अतीक व शादाब मेरे लड़के का हाथ पकड़े थे। प्रियांशू, जुनेद व एक अन्य मेरे लड़के को मार रहे थे। अंत में प्रियांशू ने असलहा निकालकर मेरे बेटे को गोली मार दी। वहीं इस मामले को लेकर व्यापारी संगठन ने 6 सूत्रीय एक मांग पत्र प्रशासन को सौंपा है। खबर लिखे जाने तक मृतक व्यवसायी का अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका है। परिजनों ने व्यापारी के शव को रखकर मांग पूरी होने तक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।वहीं पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक व्यापारी के मां द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुख्य आरोपी प्रियांशु दूबे पुलिस के हिरासत में है। पूछताछ जारी है।

### पुलिस व प्रशासन के अधिकारी रहे मुस्तैद

कूरेभार थानाक्षेत्र का गुप्तारगंज कस्बा रविवार रात से ही छावनी में तब्दील रहा। सोमवार सुबह से ही कूरेभार कस्बे की दुकानें बंद रहीं। सभी व्यापारी राजेश जायसवाल की हत्या किए जाने से गमगीन हैं। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की गाड़ियों की आवाजाही दिनभर चलती रही। व्यापारी नेताओं के साथ जेल से रिहा हुए इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू परिजनों से मिलने पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया। इस बीच शाम 5:30 बजे जैसे ही व्यापारी राजेश का शव एंबुलेंस से घर पर पहुंचा तो कस्बे में कोहराम मच गया। हर एक उसकी एक झलक पाने को बेताब दिखा। भारी संख्या में पुलिस बल, कई थानों की फोर्स और पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मुस्तैद रहे।

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत स्वरोजगार हेतु करें आवेदन

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ द्वारा संचालित गुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना (एमएमजीआरवाई) योजनान्तर्गत जनपद के ग्रामीण अंचल में उद्योग स्थापना हेतु बेरोजगार नवयुवकों नवयुवतियों को उनके गाँव स्तर पर ही रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्पादन एवं सेवा क्षेत्र में उद्यम की स्थापना हेतु अधिकतम रू 10 लाख तक का ऋण बैंको के माध्यम से दिलाये जाने का प्राविधान है तथा जिसके लिए शासन द्वारा 10 इकाई पूँजी निवेश रू 50 लाख एवं रोजगार 200 का लक्ष्य आवंटित किया गया है।

उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति महिला अन्य पिछड़ा वर्ग भूतपूर्व सैनिक दिव्यांग अल्पसंख्यक आदि आरक्षित वर्ग के उद्यमियों को टर्म लोन सावधि ऋण पर 5 वर्षो तक अधिकतम 13 प्रतिशत ब्याज तक की धनराशि विभाग द्वारा दिया जायेगा तथा सामान्य वर्ग के उद्यामियों द्वारा 4 प्रतिशत ब्याज स्वयं देय होगा शेष टर्म लोन पर ब्याज की धनराशि 13 प्रतिशत तक विभाग द्वारा दिये जाने का प्राविधान है जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि आरक्षित वर्ग एवं अनारक्षित वर्ग के उद्यागियों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष निर्धारित है। आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे व आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15 जुलाई 2024 है। इच्छुक आवेदक योजना के ऑनलाइन पोर्टल - पर आवेदन कर सकते है तथा ऑनलाइन आवेदन करने के उपरान्त आवेदक अपना आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रपत्रों के साथ किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सैंठा रोड गौरीगंज अमेठी में जमा किया जा सकता है।

## अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि कहीं भी सार्वजनिक भूमि यथा चकरोड़, तालाब, मरघट, विद्यालय की भूमि पर अनाधिकृत कब्जा न हो, जहां कहीं भी सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण हो, उन्हें तत्काल अभियान चलाकर हटवाया जाए, चकरोड की पैमाइश के बाद अनाधिकृत कब्जा हटवाकर संबंधित खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान के माध्यम से मिट्टी का कार्य कराया जाए, सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हो, एक बार पैमाइश, कब्जा हटवाने के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया जाए तो उसे भू-माफिया में चिन्हित कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। इसी क्रम में आज उप जिलाधिकारी घिरोर सुप्रिया गुप्ता ने राजस्व, पुलिस टीम के साथ ग्राम गड़ारा भाग कोसमा हिनूद में सड़क के किनारे लोगों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण संबंधित ग्रामवासियों द्वारा की गयी शिकायत पर ग्राम गडारा स्थित सड़क के किनारे पाए गए अवैध अतिक्रमण में रामवीर सिंह, धनवीर सिंह के विठिया, अस्थाई अतिक्रमण एवं सर्वेश पुत्र रघुनाथ, हाकिम सिंह पुत्र कनौजी द्वारा अतिक्रमण कर बनाए गए पक्के चवूतरों को हटवाकर सड़क से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। उन्होने अवैध अतिक्रमणकारियों से कहा कि यदि पुनः कब्जो करने का प्रयास किया तो भू-माफिया में चिन्हित कर सुसंगत धाराओं में दण्डात्मक कार्यवाही होगी।



# निजी औद्योगिक पार्कों के विकास की योजना लागू की गयी: उत्कर्ष चन्द्र

अवधनामा संवाददाता

- विकसित किये गये औद्योगिक पार्कों में न्यूनतम प्रति एकड़ 01 इकाई को भूखंड आवंटित किया जाना अनिवार्य होगा : उपायुक्त उद्योग

**मैनपुरी।** उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चन्द्र ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विभाग द्वारा औद्योगिक भूमि की आवश्यकता को सुनिश्चित करने हेतु निजी औद्योगिक पार्को के विकास की योजना लागू की गयी है, जिसे निजी प्रवर्तक के द्वारा आधार पर संचालित किया जायेगा। उन्होने बताया कि योजनान्तर्गत इच्छुक निजी प्रवर्तकों द्वारा 10 एकड़ तक की भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित करने का प्रस्ताव भूमि के स्वामित्व के कागजात एवं आगणन सहित जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र को उपलब्ध कराया जायेगा, चयनित भूमि का भू उपयोग औद्योगिक इकाईयों की स्थापना हेतु होना चाहिए। उन्होने निजी प्रवर्तकों द्वारा विकसित किये गये औद्योगिक पार्कों में न्यूनतम प्रति एकड़ 01 इकाई को भूखंड आवंटित किया जाना अनिवार्य होगा तथा कुल विकसित औद्योगिक प्रयोजन की भूमि में से 75 प्रतिशत भूखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाईयों के लिए आरक्षित रखा जायेगा, निजी प्रवर्तक द्वारा औद्योगिक पार्क हेतु प्रस्तावित की जा रही भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में बंधक रखा जायेगा, इस योजना के अन्तर्गत 10 एकड़ से लेकर 50 एकड़ भूमि पर एम.एस.एम.ई. पार्क विकसित करने वाले प्रवर्तकों को भूमि के मूल्य का 90 प्रतिशत अथवा औद्योगिक पार्क को विकसित करने हेतु आवश्यक धनराशि में से जो भी कम हो एक प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध करायी जायेगी, शेष पूंजी की व्यवस्था निजी प्रवर्तक द्वारा स्वयं के स्त्रोतों से अथवा बैंक से ऋण लेकर करानी होगी, यह एक स्टेण्ड ।सवदम योजना होगी, विकासकर्ता को भूमि की खरीद पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क पर 100 प्रतिशत की छूट एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति-2022 में उल्लिखित पर्यावरणीय अनुकूल अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए दी जाने वाली सहायता के अतिरिक्त अन्य कोई आर्थिक सहायता प्रवर्तक को प्रदान नहीं की जायेगी, भूमि की खरीद योजना के क्रियान्वयन प्रारंभ होने के पश्चात की गयी होनी चाहिए। उन्होने इच्छुक उद्यमियों, उद्यमी संघों एवं अन्य इच्छुक व्यक्तियों से कहा है कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं, तथा योजना की अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र से सम्पर्क कर सकते हैं।

## टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना के अनुश्रवण हेतु बैठक सम्पन्न

**लखनऊ।** स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत टैबलेट/ स्मार्टफोन वितरण के अनुश्रवण हेतु योजना की नोडल संस्था यूपीडेस्को, लखनऊ के सभागार में प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी जिसमें योजना से आच्छादित विभागों यथा उच्च शिक्षा/व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास/ चिकित्सा शिक्षा/ प्राविधिक शिक्षा/ दिव्यांगजन सशक्तिकरण/ संस्कृति/बेसिक शिक्षा विभाग आदि के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस बैठक में योजना से आच्छादित विभागों के दायित्वों, सूचना विभाग के दायित्वों, डिजीशक्ति पोर्टल पर विभागों द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों पर विस्तृत चर्चा हुयी। साथ ही विभागों की योजनान्तर्गत प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को पुनः सूचित किया गया कि टैबलेट पीसी तथा स्मार्टफोन वितरण हेतु वर्तमान में निर्धारित वरीयता के अनुसार प्रदेश में अध्ययनरत किसी भी पाठ्यक्रम के अन्तिम वर्ष से प्रथम वर्ष तक के लाभार्थियों को चरणबद्ध रूप में डिजीशक्ति पोर्टल के माध्यम से प्रक्रिया का पालन करते हुये उपकरण उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाना है।

# रामलला दरबार में शीश नवाने पहुंची हरियाणा सरकार

अवधनामा संवाददाता



मंदिर परिसर में हरियाणा के सीएम नायब सैनी सहित कैबिनेट व विधायक

- हरियाणा के सीएम, विधानसभा अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री और विधायकों ने किया रामलला का दर्शन
- तीसरी बार भी हरियाणा में बनेगी भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार: नायब सैनी

**अयोध्या।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोमवार को यहां श्रीरामलला के मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस दौरान हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष, कैबिनेट के मंत्रीगण और विधायकगण भी मौजूद रहे। इससे पूर्व नायब सैनी ने श्री राम जन्मभूमि न्यास और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हरियाणा से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए थे। एयरपोर्ट पर प्रदेश के राज्य मंत्री सतीश शर्मा व अयोध्या के मेयर गिरीशपति त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे लिए यह गौरव का क्षण है। हमारी संस्कृति हमारी आस्था के प्रतीक भगवान श्री राम का यह भव्य और दिव्य मंदिर 500 वर्षों के बाद हमें देखने को मिला है। हमें एक अलग ऊर्जा भगवान श्री राम के दर्शन करने से मिलती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यहां श्रीराम का भव्य और दिव्य धाम तैयार हो रहा हैं। अयोध्या में हो रहा विकास एक मॉडल के रूप में हम सबके सामने है। उन्होंने कहा कि अयोध्या हमारी संस्कृति और आस्था का केंद्र बिंदु है।

इससे पहले नायब सैनी ने सरयू के दर्शन भी किये और हनुमानगढ़ी में पूजन-अर्चन किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जा रहा है। आने वाले विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा बहुमत के साथ हरियाणा की सत्ता में आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में हम तीसरी बार सरकार बनाएंगे। नरेंद्र मोदी का जो सपना है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, उसमें हरियाणा भी अपनी भूमिका निभाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली को पानी न दिए जाने के आम आदमी पार्टी के आरोप पर जवाब देते हुए नायब सैनी ने कहा कि दिल्ली को जितना पानी चाहिए हरियाणा उतना पानी दे रहा है। केजरीवाल सरकार का मैनेजमेंट सही नहीं है, उनका ध्यान केवल भ्रष्टाचार पर है। उन्हें भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर आम जनता की सेवा करनी चाहिए।

## रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण से आवा गमन की समस्या को दूर करने की मांग

**बीकापुर -अयोध्या।** जब व्यक्ति को समाज सेवा का जुनून सवार होता है। तो समय की बर्बादी और पैसे का खर्च आडें हाथ नहीं आता है। केवल समाज की सेवा ही उसका लक्ष्य होता है। अयोध्या जनपद के भरत कुंड रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण से पूर्व से पश्चिम आने-जाने की समस्या को प्रमुखता से लेते हुए तेज बहादुर यादव द्वारा रेल बचाओ देश बचाओ संघर्ष समिति के बैनर चले रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण से आवागमन की समस्या को देखते हुए काफी दिनों से लिखा पढ़ी करते रहने व क्षेत्र वासियों को आने जाने के लिए रेल रेलवे लाइन बाधक न बने भादरसा व जिवपुर के बीच एक ओवर ब्रिज अथवा अच्छादित अंडरपास बनाए जाने की मांग पर लगभग तीन दिन पूर्व रेलवे के उच्च अधिकारियों की टीम जांच करने पहुंची जिसकी जानकारी अपने सूत्रों से तेज बहादुर यादव को होने पर मौके पर पहुंचकर रेल विभाग के डीआरएम आदि अधिकारियों को जनता की समस्या से अवगत करवाया है।

# कुमारगंज में निजी अस्पताल प्रशासन ने किया सील, सीएमओ के निर्देश पर कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज नगर पंचायत क्षेत्र स्थित कस्बा कुमारगंज में अली हॉस्पिटल के नाम से संचालित प्राइवेट अस्पताल में बिना योग्य सर्जन के प्रसव पीड़ित महिला का ऑपरेशन कर प्रसव करने के दौरान नवजात शिशु की हुई मौत के मामले ने आखिरकार तूल पकड़ लिया है। मामले को समाचार पत्रों द्वारा प्रमुखता से उजागर किए जाने के बाद आखिरकार स्वास्थ्य विभाग एवं तहसील प्रशासन नींद से जाग गया और सोमवार को अस्पताल में भर्ती तीन मरीजों को निकटतम अस्पतालों में शिफ्ट करने के उपरांत सील कर दिया गया है। बताते चने की तिंदौली निवासी सोनू दुबे की पत्नी सुधा दुबे को परसों पीड़ा होने पर परिजनों ने कुमारगंज बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में पहुंचाया था। जहां अस्पताल संचालक कथित डॉक्टर भारत कुमार ने मात्र 7 माह की गर्भवती महिला का तत्काल ऑपरेशन कर दिए जाने को कहा नहीं तो जच्चा बच्चा दोनों की जान खतरा बता दिया जिससे घबराये परिजनों ने कथिक डॉक्टर को ऑपरेशन किए जाने की इजाजत दे दी किंतु ऑपरेशन के बाद नवजात शिशु की मौत हो गई और महिला की हालत गंभीर हो गई। इसके बाद कथित डॉक्टर एवं अस्पताल संचालक ने महिला के पति सोनू दुबे से 40 हजार रुपए की मांग कर ली थी। इसके बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया उन्होंने आरोप लगाया कि महिला का ऑपरेशन आयुष चिकित्सक ने किया है जो कि ऑपरेशन के योग ही नहीं है लापरवाही पूर्वक किए गए ऑपरेशन से ही नवजात शिशु की मौत हुई और महिला की हालत बिगड़ गई है। मामले को समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद सीएमओ डॉ संजय जैन हरकत में आए और उन्होंने पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खांडसा के अधीक्षक डॉ आकाश मोहन को मौके पर भेजा। अधीक्षक ने अस्पताल के संचालक से रजिस्ट्रेशन सहित अन्य आवश्यक कागजात मांगे किंतु वह कोई भी प्रपत्र उन्हें नहीं दिखा सका इसके बाद तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने तत्काल अस्पताल में भर्ती तीन मरीजों को एंबुलेंस बुलाकर उनके समुचित उपचार हेतु दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट कराया। इसके उपरांत तहसीलदार एवं सीएचसी प्रभारी खंडासा की मौजूदगी में अली हॉस्पिटल को सील किया गया। कार्यवाही में मौजूद सीएससी अधीक्षक ने कथित डॉक्टर को अस्पताल से संबंधित समस्त कागजात एवं समस्त शैक्षणिक अभिलेख सीएमओ के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर अस्पताल सील कर दिया गया है।

# शादी के लिए दबाव बना रहा था सिपाही

- महिला सिपाही की तहरीर पर कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** महिला सिपाही ने अपनी पुरूष सहकर्मी पर छेड़खानी करने, शादी के लिए दबाव बनाने के साथ ही मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला सिपाही की तहरीर पर कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।महिला सिपाही की तहरीर के अनुसार नगर कोतवाली में तैनात सिपाही अंकित कुमार यादव से सरकारी काम के कारण उससे मुलाकात होती रहती थी। उसने बताया कि अंकित ने बार-बार उस पर शादी का दबाव बनाता रहता था। मना करने पर फोन करके परेशान करता रहता था। 23 मई को ड्यूटी पर जाते समय अपनी मोटर साइकिल पर डरा-धमका कर बैठा लिया। तथा शादी के लिए दबाव बनाने लगा। साकेत महाविद्यालय के पास उसका फोन तोड़ दिया तथा मोटर साइकिल चढ़ा दी और मारा पीटा। उसी दिन आरजेबी परिसर में ड्यूटी स्थल पहुंच कर धमकाते हुए साथ चलने को कहा। साथ जाने पर उदया स्कूल के पास, तथा गुप्तार घाट पर मारपीट किया। इसके बाद महिला सिपाही छुट्टी पर अपने घर चली गई। वापस आने पर पुनः उसका पीछा करने लगा। 18 जून को फोन पर अंकित ने महिला सिपाही से गाली गलौज की। 21 जून को गुलाबबाड़ी के पास पुनः शादी के लिए दबाव बनाते हुए अभद्रता व छेड़खानी किया। जिससे भीड़ इकठ्ठा हो गई। और वह वहां से बच कर निकल गई।

मामले में सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि महिला आरक्षी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुन्धना खुर्द गांव में बीते 19 जून को एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर मौत को गले लगा लिया था। बेटे की मौत के बाद पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बेटे की मौत का जिम्मेदार बताया है। हालांकि पुलिस मामले में अभी कोई प्राथमिकी कायम नहीं कर सकी है। फिलहाल मामले की गहन जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है।इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुन्धना खुर्द गांव निवासी करन पुत्र दयानंद ने बीते 19 जून को विषाक्त पदार्थ खा लिया था। जिसे परिजनों द्वारा इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मौत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के पिता दयानंद पुत्र रामराज यादव ने बताया कि बीते 15 जून को उनकी बहू सरिता घर में किसी से बताए बिना कहीं चली गई है। जिसकी काफी खोजबीन करने के बावजूद भी उसका कोई अता-पता नहीं चला। जिसके बाद थक हार कर आखिरकार बेटे द्वारा पत्नी के गायब होने के संबंध में इनायत नगर पुलिस को तहरीर दी गई थी।

# मुस्लिमों ने एक मुश्त होकर इंडिया गठबंधन के पक्ष में किया वोट: सलमान

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** अल्पसंख्यक कांग्रेस ने चुनाव में समर्थन के लिए मुस्लिमों, दलितों और पिछड़ों का आभार व्यक्त किया। सवर्णों का 80 प्रतिशत वोट भाजपा में जाना चिंता का विषय, नए सवर्ण नेताओं को विकसित करेगी कांग्रेस पार्टी।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश महासचिव सलमान खान (जिया) व ज़िला अध्यक्ष दिलशाद वारसी ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिले समर्थन के लिए जनता का आभार व्यक्त किया है. उन्होंने उम्मीद जतायी की कभी भी मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं जिसमें सफलता के आंकड़ों को और सुधारते हुए केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनायी जाएगी। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सलमान खान (जिया) ने कहा कि सीएसडीएस और लोकनीति के पोस्ट पोल सर्वे से यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया गठबंधन को मुसलमानों का एक मुश्त वोट मिला है. वहीं पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों का भी बड़ा हिस्सा इंडिया गठबंधन के साथ था, इसके लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस इन वर्गों का विशेष आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि सर्वे से यह भी उजागर हुआ कि सवर्ण वोटों का 80 प्रतिशत हिस्सा भाजपा के साथ गया और सिर्फ़ 16 प्रतिशत सवर्ण वोट ही इंडिया गठबंधन को मिला, यह देश और इंडिया गठबंधन के लिए चिंता का विषय है. इसकी एक बड़ी वजह इस समाज में इंडिया गठबंधन के मुद्दों का न पहुँच पाना भी हो सकता है. कांग्रेस सवर्ण समाज में नए चेहरों को विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है. ताकि आगे से सवर्ण समाज का पूरा वोट इंडिया गठबंधन और कांग्रेस ले सके।उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना, आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने की राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी के एजेंडे पर आगामी दिनों में अभियान चलायेगी।

# लंबित आवेदनों को तीन दिवस के अंदर सुधारें: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें चर्चा हुई कि जिन योजनाओं में ग्रेड खराब है, संबंधित विभाग नियमित समीक्षा कर सुधार सुनिश्चित करें। उन्होंने लंबित आवेदनों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जल निगम लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग को प्रदर्शन सुधारने के लिए कहा। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को पारिवारिक लाभ योजना में लंबित आवेदनों को 03 दिवस के भीतर निस्तारित करने का निर्देश दिया। चौक स्टेडियम के प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्टेडियम के पूर्ण होने की सूचना विभाग को प्रेषित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग योजनाओं की लगातार निगरानी और समीक्षा करें, ताकि जनपद का प्रदर्शन योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर बना रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना में डी व ई श्रेणी कत्तई स्वीकार्य नहीं है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय, डीसी मनरेगा करुणाकर अदीब, डीसी एनआरएलएम बी.बी. सिंह, डीसी उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, एआर कॉपरेटिव सुनील गुप्ता, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री कन्हैया यादव, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज अग्रवाल, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फोटो खिंचवाते समय पैर फिसला, नदी में डूबा, मौत

अवधनामा संवाददाता



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** नदी में खड़े होकर मित्र के साथ फोटो खिंचवाते समय पैर फिसल जाने से एक 15 वर्षीय किशोर डूब गया। सूचना पाकर पहुंची हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से चलाये गये तलाशी अभियान में किशोर का शव बरामद कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार जनपद के थाना कोठी अंतर्गत छेदामियां का पुरवा मजरें चांदूपुर निवासी स्वर्गीय जय राम रावत का 15 वर्षीय पुत्र देवराज रावत सोमवार को अपने गांव निवासी रामप्रताप रावत पुत्र गंगाराम 26 वर्ष, शिवम पुत्र चंद्रेश 18 वर्ष एवं गोमती नगर लखनऊ के लोहिया पार्क विजय खंड निवासी लव कुश वर्मा पुत्र विनोद वर्मा 16 वर्ष के साथ गोमती नदी के तट पर कोतवाली क्षेत्र में स्थित औसानेश्वर महादेव मंदिर पर दर्शनों के लिए आया हुआ था। बताते हैं कि दोपहर लगभग बारह बजे चारों लोग स्नान घाट पर पहुंचे और नहाने धोने के बाद देवराज एवं एक अन्य मित्र नदी के पानी में खड़े होकर फोटो खिंचवाने लगे अचानक संतुलन बिगड़ जाने से देवराज गहरे पानी में चला गया जब तक उसे बचाने के कोई उपाय किए जाते तब तक वह गायब हो चुका था। हादसे की सूचना मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरी द्वारा तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से चलाए गये अभियान में देवराज का शव कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद घटनास्थल से 20 मीटर दूर से बरामद कर लिया गया। जब इस संबंध में इंचार्ज कोतवाली प्रभारी सुब्बा चौहान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शव बरामद हो गया है। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# कृषकों को सिंचाई के लिए मुफ्त मिलेगी बिजली: अंकित

अवधनामा संवाददाता

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** नि शुल्क हुई सिंचाई खुशहाली घर आई योजना के तहत कृषको को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की योजना लागू की गई है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों के पास अभी भी सुनहरा मौका है जो कतई हाथ से जाने न दे पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून तक निर्धारित की गई है। इसलिए योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए समस्त किसान बिजली विभाग की बेवसाइट 222,ह्वश्चश्चष्य शह्द्ग पर पंजीकरण अवश्य करवा ले ताकि इस योजना का लाभ मिल सके।इसके अतिरिक्त किसी भी विभागीय खंड उपखंड कार्यालय विभागीय कैश काउंटर अथवा जनसेवा केंद्र पर भी जाकर अपना पंजीकरण करवाकर छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना का लाभ उठाने किसानों के लिए निम्न शर्तों लागू की गई है निजी नलकूप किसानों के बिजली बिल में 100 प्रतिशत छूट दिए जाने का प्रावधान है 1 अप्रैल 2023 से कोई बिल नहीं देय होगा इसके पहले के बकाया बिलों पर ब्याज रहित भुगतान करना होगा टैरिफ कैटेगरी एम एल वी निजी नलकूप के ही उपभोक्ताओं को ही इस योजना का लाभ मिलेगा। पंजीकरण के समय निम्न तीन विकल्प प्रदान किए जायेगे। पहला विकल्प यदि उपभोक्ता समस्त बकाए का एकमुश्त भुगतान निश्चित समय में करता है तो ब्याज/अविलंब अधिभार में सौ प्रतिशत छूट दी जाएगी। दूसरा विकल्प यदि उपभोक्ता यदि उपभोक्ता समस्त बकाए का भुगतान 3 मासिक किस्तों में करने का विकल्प चयनित करता है तो ब्याज विलंब अधिवर में 90 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी यदि उपभोक्ता समस्त बताएं का भुगतान 6 मासिक किस्तों में करने का विकल्प चयनित करता है तो प्याज विलंब अधिकार 80 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

# रानी दुर्गावती ने प्रजा की भलाई के लिए अपने जीवन बलिदान कर दिया: अयाज



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** जुल्म के आगे झुकने से इंकार कर स्वतंत्रता और अस्मिता के लिए युद्ध भूमि मे हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति देने वाली रानी दुर्गावती का नाम भारत की महानतम वीरांगनाओं मे सुमार है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने आज जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर गोंडवाना राज्य की रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी में रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत उपस्थित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। जिला अध्यक्ष ने रानी दुर्गावती के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती भारत की एक प्रसिद्ध वीरांगना थीं जिनका शासन मध्यप्रदेश राज्य गोंडवाना में था जिनके संघर्ष समर्पण और शौर्य की गाथा हिंदुस्तान के बच्चे बच्चे की जुबान पर आज भी है नाम के अनुरूप ही तेज साहस शौर्य और संघर्ष की प्रतीक रानी दुर्गावती एक ऐसी नायिका थी जिन्होंने जनता की भलाई के लिए लड़ाई लड़ते हुए अपने जीवन को बलिदान कर दिया उनके साहस समर्पण और लक्ष्य को प्राप्त करने की शक्ति से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हम को जीवन में कभी किसी भी छड़ अपने आप को कमजोर ना समझ कर बड़ी से बड़ी लड़ाई को लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए जिसमें जनता देश और समाज का हित हो। विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से हिमांशु यादव, प्रीतम वर्मा, प्रदुमन यादव, जसवंत यादव, लल्ला यादव, मोनू रावत, अंकित वर्मा, अजय सिंह लोधी, मोहम्मद आजम आदि तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# राजा भैया के जनसुनवाई में निपटते हैं लंबित मामले

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** जिस जनसुनवाई की बात कर रहा हूँ,वह जिले के राज घराने मनकापुर कोट की है। आज भी इस राज घराने की ईमानदारी व न्याय प्रियता की लोग मिशाल देते है।जिसको लेकर समय-समय पर जिले सहित सदूर गांवो मे चर्चा का विषय बनती है। अब विषय वस्तु पर आते हुए उस जनसुनवाई की चर्चा करता हूँ। गौरा विधान के विकास छपिया अन्तर्गत ग्राम पंचायत माडा के राजस्व गांव महमूदपुर की काफी दिनो से इस गांव के दो संभ्रांत परिवार के बीच एक नाली को लेकर विवाद चल रहा था दो संभ्रांत परिवार के घर के बीच लगभग ढाई फीट से तीन फीट की गली है जिसे एक परिवार नाली का निर्माण कराना चाहता था ,गली मे लोगो का आवागमन भी है।लेकिन वही दूसरा पक्ष इसका विरोध कर रहा था की आज तक नाली इस गली से नही बह रही थी ऐसे मे नाली निर्माण सम्भव नही है अगर नाली निर्माण हुआ तो ढाई-तीन फीट के गली मे सफाई सम्भव नही हो पायेगा। नाली से निकलने वाले कचडे व पानी के फैलाव से हमारे नीव मे पानी जायेगा जिससे नुकसान हो सकता है।फिर गली की जमीन हमारी है ऐसे मे निर्माण सम्भव नही है।फिर आप के घर के पानी निकासी के लिए दो नालिया पहले से मौजूद है फिर ऐसे मे तीसरी नाली का निर्माण नही होने देगे। मामला इतना बढता है की दोनो परिवार नाली निर्माण हो या न हो इसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियो सहति दिवानी अदालत पहुंच जाते है।

नाली निर्माण को लेकर गांव से शुरू हुआ विवाद डीएम-एसडीएम-सीडीओ सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारियो के यहां पहुंचता है ये अधिकारी रिपोर्ट खण्ड विकास अधिकारी छपिया से मांगते है।खण्ड विकास अधिकारी छपिया रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर देते है की अमुक व्यक्ति के घर से दो नालिया पहले से बह रही है जिस गली मे नाली निर्माण कराये जाने की मांग कर रहे वहा ढाई से तीन फिट का रास्ता है ऐसे मे नाली निर्माण कराया जाना संभव नही है।उसके बाद भी नाली निर्माण को लेकर एक पक्ष पूरा दबाव अधिकारियो पर बनाये रहता है। चूंकि वह हाईकोर्ट का शासकीय अधिवक्ता होने के कारण बार-बार अपने होदे का धवस देते हुए अधिकारियो को अपनी बात मनवाने को लेकर उच्च न्यायालय खण्ड पीठ मे तलब कराने की बात कराने की बात किया करता है अधिकारी भी दबाव में महसूस करते है नाली निर्माण के विपरीत रिपोर्ट होने के बावजूद खण्ड विकास अधिकारी पर दबाव बनाते है की नाली निर्माण किसी भी दशा मे कराया जाए।नाली निर्माण के लिए खण्ड विकास अधिकारी ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव पर दबाव बनाते है ऐसे मे नाली का प्रस्ताव बनाकर खण्ड विकास अधिकारी के समक्ष पेश कर दिया जाता है। लेकिन इसी नाली निर्माण का विरोध कर रहा परिवार गोण्डा दिवानी न्यायालय चला जाता है। लेकिन न्यायालय मे मामले की बहस होकर लम्बी डेट जुलाई माह के मध्य मिल जाती है चूंकि जून माह मे ग्रीस अवकाश को लेकर दीवानी अदालत बन्द रहती है। मुकदमा दायर होने के बाद भी को स्थगन आदेश अदालत से न होने के चलते नाली निर्माण को लेकर दबाव अधिकारियो के बीच बराबर बनने रहने को लेकर खण्ड विकास अधिकारी छपिया नाली निर्माण को लेकर बृहस्पतिवार 20 जून 2024 को सम्बन्धित को आदेश देते है, लेकिन दूसरी पक्ष नाली निर्माण के विरुद्ध हर संभव मैदान मे डटा रहता है ऐसे मे किसी घटना से इंकार कर पाना सम्भव नही दिखाई पडता है।

# विदेश राज्य मंत्री के प्रयासों से विदेश में मरे युवक का शव परिजनों को मिला

अवधनामा संवाददाता



**मनकापुर (गोंडा)** विदेश में मजदूरी करने गए युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के हस्तक्षेप के बाद तकरीबन 20 दिन बाद युवक का शव दिल्ली एयरपोर्ट लाया गया जहां से शनिवार को दोपहर बाद युवक का शव पैतृक गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द -ए -खाक कर दिया गया। बताते चले कि थाना कोतवाली मनकापुर के रामापुर गांव का मुस्लिम परिवार रजा मोहम्मद के बच्चे वजीरगंज थाना क्षेत्र के चढ़ौवा गांव के मजरे दरजी पुरवा में निवास करते हैं यही के निवासी मोहम्मद हुसैन का बेटा अली हुसैन 28 वर्ष इसी थाना क्षेत्र के विरत्ममतपुर के निवासी एजेंट रवि उल्ला पुत्र हामिद अली को डेढ़ लाख रूपए देकर पासपोर्ट और वीजा के नाम पर ट्राबेल वीजा पर 2023 में कई युवकों को जॉर्डन भेज दिया और फिर वहां से रूस में बुलावा क्षेत्रीय रुस्त बस्काया ले गया और वहां डेढ़ लाख रूपए लेकर अली हुसैन समेत दर्जन भर भारतीयों को बेच दिया सूत्रों की माने तो अली हुसैन समेत उन मजदूरों को मजदूरी की रकम मांगने , भरपेट भोजन मांगने तथा 16 घंटे काम के लिए मजबूर किया जाता रहा, अली हुसैन को विरोध करने पर बुलावा कंपनी के लोगों ने 2 जून की रात चाकू से गोदकर मार डालने का मृतक के पिता ने लगाया। क्षेत्रीय सांसद व विदेशी राज मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को बीते 11 जून को पीड़ित पिता ने पत्र देकर अपने बेटे के शव को स्वदेश लाने की गुहार लगाई। राज्य मंत्री के हस्तक्षेप पर भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने रूसी सरकार से संपर्क साधा और मृतक युवक का शव भारत भिजवाया। शुक्रवार को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शव को परिजनों के सुपुर्दी में दिया गया।जहां से एंबुलेंस के जरिए शव को मृतक के गांव लाया गया।शनिवार दोपहर को मृतक अली हुसैन का शव पैतृक गांव मनकापुर जैसे पहुंचा गांव में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर स्थित कब्रिस्तान में युवक के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**महराजगंज।** पनियरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंगल बड़हरा के चौरी टोले पे एक 19 वर्षीय युवक का पेड़ से लटकता हुआ शव मिला है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।



मिली जानकारी के अनुसार उक्त ग्राम पंचायत निवासी 19 वर्षीय अभिषेक गुप्ता रविवार को रात में 10 बजे लगभग खाना खाने के बाद घर से निकला था। जिसकी सोमवार को गांव के समीप यूकेलिप्टस पेड़ में रस्सी के रहारे लटकता हुआ शव पाया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक युवक की अगले महीने शादी है जो बुम्मई से अभी एक सप्ताह पहले घर आया है। मृतक एक भाई और एक बहन है। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्म हत्या लग रहा है फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

अवधनामा



# नदी में नहाने गए किशोर की पानी में डूबने से मौत

अवधनामा संवाददाता

**त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बेतनार मुस्तहकम गांव के किनारे राप्ती तट की घटना**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बेतनार मुस्तहकम गांव के पास से होकर जाने वाली राप्ती नदी में सोमवार को नहाने गए एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। किशोर अपने रिश्तेदार के घर शादी में सम्मलित होने तीन दिन पूर्व दिल्ली से आया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौप दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पथरा थाना क्षेत्र के बिलवट गांव निवासी अदनान(16) पुत्र रफीक अपने बुआ के घर शादी में शामिल होने त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बेतनार मुस्तहकम गांव निवासी जफरूद्दीन के घर आया था। सोमवार को सुबह करीब 11 बजे अदनान अपने दोस्तों के साथ गांव के पास से होकर जाने वाली राप्ती नदी में नहाने चला गया। नहाते समय अदनान नदी में पानी का अंदाजा नहीं लगा पाया और गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। अदनान को डूबता देख साथियों ने बचाने का प्रयास किया मगर अदनान एकाएक पानी में डूब गया। अदनान के डूबने की सूचना परिजनों के साथ त्रिलोकपुर पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंचे प्रभारी थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर पप्पू कुमार गुप्ता व ग्रामीणों के तीन घंटे के अथक प्रयास के बाद नदी में से अदनान के शव को बाहर निकाला गया, तबतक अदनान की मौत हो चुकी थी। परिजनों के द्वारा शव का पोस्टमार्टम न कराने की जिद पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। सूचना पर पंहुचे उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ. संजीव दीक्षित ने मृतक किशोर के परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर व चौकी प्रभारी बिजौरा पप्पू कुमार गुप्ता ने कहा कि परिजनों के अग्रह पर शव का पंचनामा कर अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है।

# श्रम कानून व उनके परिवार के कल्याण हेतु विभिन्न कानूनों की दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा-निर्देश तथा प्रभारी जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी के समन्वय से श्रमिकों के मध्य श्रम कानून व उनके परिवार के कल्याण हेतु विभिन्न कानूनों की जानकारी दिये जाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को लेबर अडडा तेतरी बाजार नौगढ तथा खान ब्रिक फील्ड ग्राम विनैका पोस्ट मधुकरपुर नौगढ में किया गया।

लेबर अडडा तेतरी बाजार में आयोजित विशेष जागरूकता शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्जवल त्रिपाठी तथा असंगठित श्रेत्र के सौकडों मजदूर उपस्थित रहे। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों हेतु केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जानकारियों से सम्बन्धित पम्पलेटस व पर्चे बाटें गये तथा सभी अपंजीकृत श्रमिकों को आवश्यक रूप से अपना पंजीकरण कराने हेतु जागरूक किया गया। तत्पश्चात खान ब्रिक फील्ड ग्राम विनैका में आयोजित विशेष जागरूकता शिविर में भटठा पर काम करने वाले श्रमिकों, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों हेतु केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जानकारियों से सम्बन्धित पम्पलेटस व पर्चे बाटें गये तथा सभी अपंजीकृत श्रमिकों को आवश्यक रूप से अपना पंजीकरण कराने हेतु जागरूक किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए मनोज कुमार तिवारी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित असंगठित क्षेत्र के मजदूरो एवं श्रमिकों को कानूनी एवं निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित जानकारी दी गई और उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया गया कि देश की उन्नति समृद्धि खुशहाली में श्रमिको का बहुत महत्त्वपूर्ण योगदान है। उक्त शिविरों में श्रमिकों को कानून के प्रति जागरूक रहने हेतु नालसा ट्रोल फ्री नं. 15100 के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी कि कोई भी व्यक्ति अपनी विधिक समस्या के लिए उक्त टोल फ्री नम्बर पर कॉल कर विधिक सलाह एवं सहायता ले सकता है। साथ ही आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 के सम्बन्ध में जानकारी भी दिया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्जवल त्रिपाठी द्वारा यह जानकारी दी गयी कि सभी श्रमिकों को श्रम कार्ड अवश्य बनवा लेना चाहिए, जिससे उन्हें विभागीय योजनाओं का भी लाभ आसानी से मिल सके तथा विभागीय योजनाओं जैसे-श्रमिक पंजीकरण योजना, उत्तर प्रदेश श्रमिक स्वास्थ्य बीमा योजना, साइकिल सहायता योजना, कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री महिला निर्माण श्रमिक सम्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## डीएम ने किया जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में हर घर जल नल योजना के प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद के चिन्हित ग्राम पंचायतों में कार्य करने वाली संस्थाओं द्वारा कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के साथ बाउण्ड्री वाल बनाने का निर्देश दिया। जिन ग्राम पंचायतों में पानी टैंक का निर्माण हो गया है उस ग्राम पंचायत में सम्बंधित एजेंसी द्वारा पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करायें। सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। बैठक में पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जलभराव से ग्रामीण परेशान



**किछौछा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार चौमुखा विकास को लेकर भले ही डंका पीट रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। आपको को बता दे कि विकासखंड बसखारी के ग्राम सभा मसड़ा मोहनपुर के पुरवा हरजन बस्ती में जल भराव से ग्रामीणो को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि योगी सरकार के विकास कार्य सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गया है। अगर धरातल पर देखा जाए तो विकास के नाम पर लाखों रुपए निकाल लिए गए हैं लेकिन विकास हुआ ही नहीं। वही जितेंद्र, राम बहादुर, फूलचंद, सचिन, मिठाई लाल, लक्ष्मण ,त्रिवेदी ने बताया कि जल भराव की समस्याओं से निजात पाने के लिए ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत किया गया, लेकिन ग्राम प्रधान अभी तक जल निकासी की व्यवस्था नहीं कर सके। जब इस संदर्भ में सचिव के पास फोन लगाया गया तो उनका फोन उठा नहीं।

## एसडीएम ने चेक किए शहर के वाटर कूलर

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भीषण गर्मी में लोगों को पानी के लिए न भटकना पड़े इसको ध्यान में रखते हुए एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने शहर के सभी वाटर कूलरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्हें एक वाटर कूलर खराब मिला जबकि तीन गर्म पानी देते हुए मिले। उन्होंने पालिका को इन्हें जल्द ठीक कराने को कहा है। कोंच शहर में नगरपालिका ने उन्नीस स्थानों पर वाटर कूलरों की स्थापना कराई है ताकि राहगीरों आसपास के लोगों और दुकानदारों को गर्मी के मौसम में शीतल जल मिल सके। इस समय प्रचंड गर्मी पड़ रही है और कई जगहों से वाटर कूलर खराब होने की मिल रहीं शिकायतों के दृष्टिगत एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने पालिका के आरआई सुनील यादव के साथ सभी उन्नीस वाटर कूलरों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण में स्टेट बैंक शाखा के बाहर लगा वाटर कूलर खराब पाया गया। एसडीएम ने बताया, सभी वाटर कूलर लगभग सही हैं, स्टेट बैंक वाला खराब पाया गया है जबकि तीन वाटर कूलर ठंडा पानी नहीं दे रहे हैं। पालिका को शीघ्र ही उन्हें दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## रेलवे ट्रैक पर अधेड़ व्यक्ति की सिर कटी लाश बरामद

**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पटखौली के समीप रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ व्यक्ति का सिर कटी शव मिली। सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पटखौली के पश्चिम रेलवे ट्रैक पर लगभग दस बजे एक 50 वर्षीय अधेड़ की शव मिली। जिसका सर धड़ से अलग था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो सका था।

## कोटेदार के दरवाजे से डिलवरी पाइप चोरी, दी तहरीर

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुदहट के कोटेदार कौशलेंद्र दूबे के दरवाजे से अज्ञात चोरों ने पानी चलाने वाला डिलवरी पाइप चुरा ले गए, सोमवार सुबह जब सो कर उठे तो पाइप नही देखकर उनके होश उड़ गए, उन्होंने पुलिस को सूचित किया। थाने पर दिए गए तहरीर में कोटेदार ने बताया कि बीती रविवार की रात घर के पास लगे समरसेबुल से खेत मे पानी चलाने के लिये 300 मीटर डिलवरी पाइप बिछाई गई थी। लेकिन सुबह उठने पर पाइप गायब मिला। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है छानबीन की जा रही है।

## 11 किलो पॉलिथीन व प्लास्टिक के गिलास बरामद

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर पालिका द्वारा नगर के बाजारों में स्थित दुकानों पर छापा मार कार्रवाई की गई जिसमें तकरीबन आधा दर्जन दुकानों से 11 किलो पॉलिथीन तथा प्लास्टिक के गिलास बरामद किए गए। दुकानों से राजस्व के रूप में 14 हज़ार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। नगर पालिका की इस कार्रवाई से पॉलिथीन का व्यापार करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कुछ दुकानदार अपनी अपनी दुकानों की शटर डालकर भाग गए। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी , एस आई देवेंद्र सिंह आदि ने अपनी टीम के साथ नगर के बाजार में स्थित दुकानों पर छापा मार कार्यवाही की जिसमें पॉलिथीन मुक्त अभियान के तहत उक्त दुकानों पर पॉलिथीन तथा प्लास्टिक के गिलासों को खंगाला गया जिसमें तकरीबन एक दर्जन दुकानों से 11 किलो के आसपास पॉलिथीन बरामद हुई तथा कुछ गिलास भी बरामद हुऐ।

# श्रीराम कथा में प्रभु श्रीराम के जन्म की कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के अंदुआ शनिचरा में चल रहे संगीतमयी श्रीराम कथा के दौरान रविवार को कथा वाचक पंडित राकेश शास्त्री ने श्रीराम जन्म की कथा का रसापान कराया। कथा के दौरान महिलाओं के द्वारा गाए गये सोहर व मंगलगीतों से पूरा पंडाल राममय हो गया।

कथा को आगे बढ़ाते हुए पं.राकेश शास्त्री ने कहा कि राजा दशरथ को पुत्र प्राप्त नहीं हो रहे थे। राजा दशरथ को गुरु वशिष्ठ ने ऋषि ऋंग्ा से अश्वमेध यज्ञ करने की सलाह दी। दशरथ ने पुत्र प्राप्ति की लिए ऋषि ऋंग से यज्ञ करवाया। अश्वमेध यज्ञ में महान विद्वान और ऋषि मुनि शामिल हुए। अश्वमेध यज्ञ प्रारम्भ हुआ। पूरा वातावरण मंत्र और सुगंध से महक रहा था। यज्ञ के दौरान एक तेजस्वी आकृति उत्पन्न हुई। उस आकृति ने देवताओं की तरफ से एक बर्तन दिया। उस बर्तन में खीर थी। राजा दशरथ ने इस खीर को अपनी तीनों रानियों को खिला दिया। खीर ग्रहण करने के परिणामस्वरूप से ही तीनों रानियों ने गर्भधारण कर लिया था। इसके पश्चात चैत्र माह की रामनवमी को तीनों रानियों ने पुत्र को जन्म दिया। कौशल्या ने रामको जन्म दिया था। कैकेयी ने भरत को जन्म दिया। सुमित्रा ने लक्ष्मण और शत्रुघ्न को जन्म दिया था। कथा के दौरान उपस्थित महिलाओं के द्वारा गाए गये सोहर व मंगलगीतों से पूरा पंडाल राम मय हो गया। इस दौरान गोलू, राकेश, शुभम शास्त्री, प्रेम प्रकाश, शिवा, अजय चौधरी, मुकेश, गिरजेश, लालजी, अनिल, रघुराज, बलराम, मयाराम आदि उपस्थित रहे।

# मोटर साइकिल अनियंत्रित होने से सवार हुए घायल

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के एन एच 233 बांसी बस्ती मार्ग पर काजी रुधौली चौराहे के कपिया शुक्ल मोड पर सोमवार की शाम चार बजे पहिया के नीचे गिट्टी आ जाने से मोटर साइकिल अनियंत्रित हो गई जिससे मोटर साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।आनन फानन में ग्रामीणों ने दोनों घायलों को बांसी पीएचसी पहुंचाया जहां मोटरसाइकिल चालक कोतवाली क्षेत्र के सोनखर गांव निवासी लालजी यादव उम्र 40 पुत्र रामप्रीत यादव का प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।मोटरसाइकिल पर सवार शक्तिमान उम्र 38 पुत्र गिरजापति यादव निवासी सोनखर का इलाज कर घर भेज दिया गया। यह अपने बड़े मां का दाह संस्कार करके राप्ती नदी बांसी से घर लौट रहे थे।

# शहरयार को दुबारा बनाया गया मिर्ज़ा ग़ालिब विद्यालय का प्रबंधक

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर - अम्बेडकरनगर।** पद्मश्री अनवर जलालपुरी द्वारा नगर में स्थापित मिर्ज़ा ग़ालिब इन्टर कालेज के प्रबन्ध समिति का चुनाव आज शिक्षा विभाग से आयीं पर्यवेक्षक श्रीमती रंजना प्रधानाचार्य राजकीय इन्टर कालेज भीटी की देख रेखा में सम्पन्न हुआ सम्पन्न हुआ जिसमें पद्मश्री अनवर जलालपुरी के बड़े बेटे मोहम्मद शहरयार को कार्यकारिणी के सदस्यों ने दुबारा प्रबन्धक/ अध्यक्ष चुना, कार्यकारिणी में कुल चौबीस सदस्य हैं। मिर्ज़ा ग़ालिब इन्टर कालेज के पचास वर्षीय इतिहास में आज पहली बार प्रबन्धक/अध्यक्ष मतदान के द्वारा चुना गया अभी तक सर्व सम्मत से प्रबंधक चुन लिया जाता था लेकिन आज निर्वतमान प्रबंधक मोहम्मद शहरयार के अलावा एक दावेदार शब्बीर हुसैन पूर्व विभागाध्यक्ष उर्दू बाबा बरुआ दास पी जी कालेज परूईया आश्रम ने भी प्रबन्धक के लिए दावा कर दिया ऐसी स्थित में पर्यवेक्षक रंजना देवी ने मतदान कराने का निर्णय लिया जिसमें चौबीस सदस्यीय कमेटी ने मतदान किया, मतदान में मोहम्मद शहरयार को चौबीस में तेरह मत प्राप्त हुए जबकि शब्बीर हुसैन को मात्र दस वोटों पर सन्तोष करना पड़ा,एक सदस्य तटस्थ रहे जिन्होंने किसी के पक्ष में मतदान नहीं किया उनके मत को पर्यवेक्षक ने नोटा के कालम में लिखा, प्रबन्ध कमेटी के अन्य पदाधिकारियों को सर्वसम्मत से चुनाव गया जिसमें डाक्टर अब्बास मेंहदी न्यूरो विशेषज्ञ को उप प्रबन्धक, अज़हर हुसैन को सचिव और गुलाम असगर को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

# जनपद के 80 होमगार्ड्स 12 दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत बनेंगे आपदा मित्र

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने 40 वर्ष से कम आयु के 80 होमगार्ड की बसों को आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में 80 होमगार्ड जिसमें 08 महिला एवं 72 पुरुष शामिल है, को आपदा प्रबंधन के संबंध में 12 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु लखनऊ भेजा गया है। उन्होने बताया कि अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के निर्देशानुसार उ.प्र. राज्य आपदा मोचन बल द्वारा दि. 25 जून से दि. 06 जुलाई तक जनपद के 100 पात्र होम गार्ड्स का 12 दिवसीय आवासीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कराया जाना निर्धारित है, प्रशिक्षण का उद्बेश्य आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त किये हुए होम गार्ड्स जनपद में किसी भी आपदा के समय जनपदों में आपदा मित्र के रूप में अपना पूरा सहयोग देंगे एवं जनपद में होने वाली आपदा संबंधित घटना यथा डूबना, सर्पदंश, आकाशीय विद्युत, आंधी-तूफान, अतिवृष्टि व आगजनी से होने वाली जनहानि की रोकथाम होगी। श्री सिंह ने बताया की आपदा मित्र के चयन हेतु अर्हतायें एवं मानक राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्रधिकरण द्वारा निर्धारित किये गये हैं, जिसके अन्तर्गत होमगार्ड्स का चयन कर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है, जनपद से 80 पात्र होम गार्ड्स की सूची जिला कमाण्डेन्ट, होमगार्ड्स द्वारा उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु उपलब्ध करायी गयी है, जिन्हे आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु दि. 24 जून को राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ में उपस्थित होना है, चयनित होम गार्ड्स उ.प्र. राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ में 12 दिन रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उन्हें इमरजेन्सी रेस्पान्डर किट भी उपलब्ध करायी जायेगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, जिला कमांडेंट होमगार्ड संजय कुमार शर्मा, डिप्टी कलेक्टर ध्रुव शुक्ला, योगेंद्र कुमार, डी.जी.सी. राजस्व सुधाकर मिश्रा, जिला आपदा विशेषज्ञ अंकिता सक्सेना, अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्रों की मांग

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना (PMEGP) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद-सिद्धार्थनगर के ग्रामीण क्षेत्र/शहरी क्षेत्र के नवयुवकों एवं नवयुवतियों को स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्रों की मांग की जा रही है। इस योजनान्तर्गत आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। योजनान्तर्गत परियोजना लागत सेवा कार्य में रूपये-20.00 लाख एवं विनिनिर्माण (उद्योग स्थापना) में अधिकतम रूपये-50.00 लाख तक आवेदन किया जा सकता है। जनपद-सिद्धार्थनगर आकांक्षी जनपद घोषित होने से सभी वर्ग के लाभार्थियों को परियोजना लागत का 5 प्रतिशत अंशदान स्वयं वहन करना होगा। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र के सभी वर्ग के लाभार्थियों को 35 प्रतिशत अनुदान (सब्सिडी) एवं शहरी क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों को 25 प्रतिशत अनुदान (सब्सिडी) दिये जाने का प्राविधान है। इच्छुक व्यक्ति www.kviconline.gov.in वेबसाइट (PMEGP) के ई-पोर्टल ,GENCY KVIB पर जा कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के अन्तर्गत उत्पादन एवं सेवा कार्य की नई इकाई स्थापित किये जाने का प्राविधान है। सौर ऊर्जा आधारित उद्योग और स्वयं सहायता समूहों की कार्यरत महिलाओं को चयन में वरियता दी जायेगी। अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय द्वितीय तल विकास भवन- सिद्धार्थनगर में सम्पर्क कर सकते है मो0नं0- 9580503136, 9453938215 से भी जानकारी ले सकते है। उक्त आशय की जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गंगाधर दुबे द्वारा दिया गया है।

# मारपीट की घटना से क्षुब्ध पेट्रोल पम्प के सेल्समैन दिनभर रहे हड़ताल पर

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी स्थित पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन और क्षेत्र के एक दबंग व्यक्ति के बीच डिब्बे में पेट्रोल न देने को लेकर हाथापाई हो गई जिससे क्षुब्ध होकर सेल्समैन दिन भर हड़ताल पर रहे और वाहन स्वामी दिन भर परेशान दिखे। बढ़नी स्थित विजया ऑटोमोबाइल्स पर तैनात कर्मी बकरीदी उर्फ रजीउद्दीन ने बताया कि शुक्रवार को दिन में करीब चार बजे अकरहरा निवासी एमाद खान नामक युवक द्वारा डिब्बे में पेट्रोल मांगा गया तो डिब्बे में पेट्रोल देने से मैने मना कर दिया जिस पर आग बबूला होकर उक्त व्यक्ति ने मुझसे अभद्रता की और हाथ छोड़ दिया। बताया जाता है कि रविवार को उक्त व्यक्ति के इस कारनामे से क्षुब्ध सभी पेट्रोल पम्प कर्मी हड़ताल पर रहे जिससे दिन भर लोग काफी परेशान दिखाई पड़े। हालांकि बताया जाता है कि उक्त मामले में दोनों पक्षों में ढेबरुआ थाने पर सुलह समझौता हो गया है किंतु फिर भी उक्त घटना से सेल्समैन काफी डरे हुए और भयभीत हैं।

# चुनाव में समर्थन के लिए अल्प. कांग्रेस ने मुस्लिमों दलितों और पिछड़ों का व्यक्त किया आभार

अवधनामा संवाददाता



**सवर्णों का 80 प्रतिशत वोट भाजपा में जाना चिंता का विषय, नए सवर्ण नेताओं को तैयार करेगी कांग्रेस**

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के ज़िला/शहर अध्यक्ष जुबेर खान ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिले समर्थन के लिए जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने उम्मीद जतायी की कभी भी मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं, जिसमें सफलता के आंकड़ों को और सुधारते हुए केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनायी जाएगी।

प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए सलमान नादिर ने कहा कि सीएसडीएस और लोकनीति के पोस्ट पोल सर्वे से यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया गठबंधन को मुसलमानों का एक मुश्त वोट मिला है. वहीं पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों का भी बड़ा हिस्सा इंडिया गठबंधन के साथ था। इसके लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस इन वर्गों का विशेष आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि सर्वे से यह भी उजागर हुआ कि सवर्ण वोटों का 80 प्रतिशत हिस्सा भाजपा के साथ गया और सिर्फ़ 16 प्रतिशत सवर्ण वोट ही इंडिया गठबंधन को मिला। यह देश और इंडिया गठबंधन के लिए चिंता का विषय है। इसकी एक बड़ी वजह इस समाज में इंडिया गठबंधन के मुद्दों का न पहुँच पाना भी हो सकता है. कांग्रेस सवर्ण समाज में नए चेहरों को विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है, ताकि आगे से सवर्ण समाज का पूरा वोट इंडिया गठबंधन और कांग्रेस ले सके। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना, आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने की राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी के एजेंडे पर आगामी दिनों में अभियान चलायेगी। इस अवसर पर जिला चेयरमैन (अल्पसंख्यक) जुबेर खान, मो. अनीश रजा खान प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक, सलमान नादिर प्रदेश प्रवक्ता (अल्पसंख्यक), मो उमैर प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक, शमशेर अली प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

# संचारी रोग व दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का भागीदारी अहम है : डीएम

अवधनामा ब्यूरो



**बैठक कर डीएम ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को दिया निर्देश**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं घर-घर दस्तक अभियान का सफल क्रियान्वयन हेतु अंतर्विभागीय जिला स्तरीय बैठक की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी अधिकारी जिले में संचारी अभियान के तहत होने वाली कार्रवाइयों के बारे में बताया गया।

1 से 31 जुलाई 2024 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई 2024 के मध्य दस्तक अभियान चलाया जाएगा। बैठक में गोरखपुर से आए चिकत्सक ने डेंगू रोग और उसके रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। बताया कि डेंगू के तीन विकृत रूप है, यह साफ और ठहरे हुए पानी में तेजी से पनपता है। 2019 में कुशीनगर में केवल 12 केस थे किंतु अब 2023 में बढ़कर 106 हो गए इसके लिए अपने आसपास सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, खुले स्थानों में, छतों, कूलर, टायरों, आदि में पानी इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्री इस पूरे विशेष अभियान में आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से कार्य करें तथा प्रत्येक ग्राम में दस्तक अभियान के अंतर्गत डेंगू बुखार, डायरिया आदि रोगों की सूचनाओं एकत्र कर की ईक्कवच पोर्टल पर अवश्य फीड करें। उन्होंने कहा कि मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, कालाजार, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने शहरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी को सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग करने, स्कूलों, कॉलेज, नाले नालियों तथा अन्य जलजमाव वाले स्थानों का विशेष तौर पर सफाई अभियान के माध्यम से सफाई कराने, तालाबों, नालों व नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव व उनकी बेहतर साफ सफाई, खुली नालियों को ढकने, उथले हैंडपंप को चिन्हित करने सड़क के दोनों और सड़क के दोनों ओर झाड़ियों की साफ सफाई तथा जल भराव की समस्या का समाधान कराने हेतु डीपीआरओ, अधि.अधि. नगर निकाय निर्देशित किया। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को संचारी रोग के बारे में बच्चों को जागरूक करने एवं कृषि विभाग के अधिकारी को खासकर झाड़ियों में रहने वाले चूहे व छछूंदर के काटने से होने वाले स्क्रब टायफस (बुखार) के प्रति भी जागरूक करने पर विशेष बल दिया। प्रत्येक सीएचसी में एंटी वेनम तथा एंटी रेबीज अवश्य उपलब्ध रहे, सभी डॉक्टर सीएचसी पर उपलब्ध दवाइयां ही रोगियों को लिखे, बाहर की दवाइयां किसी भी दशा में ना लिखें। सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अपने अपने केंद्र पर समय से ओपीडी में बैठे और पोस्टिंग स्थल पर ही निवास करें। अपने स्टाफ को ट्रेनिंग दें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कहा कि इसके लिए विशेष तौर पर प्रार्थना सभा में बच्चों को जागरूक करें इसके रोकथाम के उपाय बताए।

## भारत-बांग्लादेश की यारी-तीस्ता नदी की पारी-चीन पर भारी

वैश्विक स्तरपर भारत को यूं ही बौद्धिक क्षमता का धनी की संज्ञा नहीं दी गई है,बल्कि इसलिए भी कि आदि अनादि काल से भारत की भूमि पर जन्म लेने वालों की पीढ़ियों में भी अद्भुत सटीक बौद्धिक क्षमता का संचार होता है,इसलिए ही भारत को विदेश नीति में भी माहिर कहा जाता है, जिसका संज्ञान हम पड़ोसी मुल्क से ले सकते हैं जहां पूर्व पीएम ने भारत की विदेश नीति को खूब सराहा था,तो वहां की सेना के टारगेट पर आ गए। वहीं हम विस्तारवादी देश चीन के साथ व्यवहार में भी देखें तो भारत एक मांझी हुई कूटनीति का परिचय देता है। ठीक वैसे ही अमेरिका कनाडा ब्रिटेन सहित दुनियां के हर देश के साथ संबंधों में भारत की कूटनीति टाइमिंग को दर्शाता है। इसी सटीक टाइमिंग में दिनांक 22 जून 2024 को भारत के बांग्लादेश से हुए 10 समझौता में से एक तीस्ता नदी कासमझौता भी है, जिसपर लंबे समय से चीन की नजर थी, क्योंकि इसी के सहारे भारत को घेरने कीआखिरी कड़ी भी था, क्योंकि श्रीलंका पाकिस्तान नेपाल और अब बांग्लादेश में तीस्ता नदी समझौते से अप्रत्यक्ष रूप से वह भारत को घेरने की साजिश जैसे उपरोक्त देशो के सहयोग के साथ किया है परंतु भारत ने भी सटीक कूटनीतिक टाइमिंग से बांग्लादेश से तीस्ता नदी समझौता किया है, क्योंकि दूसरे देशों से कूटनीतिक संबंधों में टाइमिंग को एक बड़ा फैक्टर माना जाता रहा है।अगर हमनें भविष्य की संभावनाओं और आशंकाओं का अंदाजा लगाते हुए सही समय पर बड़े फैसले ले लिए तो हमारे विरोधी चारों खाने चित हो जाते हैं। बांग्लादेश के साथ तीस्ता नदी को लेकर शनिवार को भारत ने जो समझौता किया है वोसरकार की इसी कूटनीतिक टाइमिंग को दर्शाता है। पीएम और बांग्लादेश की पीएम के बीच हुई बैठक के बाद दोनों देश के बीच समझौता तो तीस्ता नदी को लेकर हुआ लेकिन इस समझौते से सबसे ज्यादा मिर्ची चीन को जरूर लग गई होगी। ऐसा इसलिए भी क्योंकि चीन लंबे अर्से से तीस्ता नदी के बहाने भारत को बांग्लादेश की तरफ से भी घेरने की तैयारी में था। चूंकि तीस्ता नदी समझौते पर चीन बांग्लादेश में तीस्ता नदी पर चीन सोचता रह गया और भारत ने अपनी शक्ति दिखा दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत बांग्लादेश की यारी,तीस्ता नदी की पारी,चीन पर भारी। साथियों बात अगर हम भारत बांग्लादेश की यारी चीन पर भारी की करें तो,चीन जिस तरह से बांग्लादेश की तीस्ता नदी परियोजना में अपनी रुचि दिखा रहा था, उसे लेकर कई तरह की आशंकाएं जन्म ले रही हैं।कई जानकार मानते हैं कि भारत को चारों तरफ से (श्रीलंका पाकिस्तान, नेपाल और अब बांग्लादेश) घेरने की अपनी योजना के तहत ही चीन बांग्लादेश को लेकर इतनी रुचि दिखा रहा है। चीन चाहता है कि तीस्ता नदी के बहाने वह किसी तरह से पहले बांग्लादेश में एंट्री करे और फिर धीरे-धीरे उसे अतिरिक्त कर्ज देकर उसे बाध्य करे कि वह उसे अपनी जमीन पर बेस बनाने की अनुमति दे।बता दें कि कुछ वर्ष पहले चीन ने इसी तरह से श्रीलंका में भी अपनी एंट्री की थी,वहां पहले एक बंदरगाह को विकसित करना का ठेका उसने लिया और धीरे-धीरे करके श्रीलंका को इतना कर्ज दे दिया जिसे वो एक समय के बाद चुका पाने की स्थिति में नहीं था।अब चीनश्रीलंका में अपना एक बेस भी तैयार कर चुका है ताकि वो वहां से भारत पर नजर रख सके। चीन ने पाकिस्तान और नेपाल के साथ भी कुछ ऐसा ही किया है। बांग्लादेश की पीएम को अगले महीने बीजिंग की यात्रा पर जाने वाली हैं। जानकारों के अनुसार उनकी बीजिंग यात्रा से भारत ने तीस्ता को लेकरजो समझौता किया है,उसकी वजह से चीन अब बांग्लादेश पर अतिरिक्त दबाव नहीं डाल पाएगा।

**किशन सनमुखदास भावनानी**

# भारत नेपाल सीमा पर तार बाड़ और पासपोर्ट जैसी व्यवस्था की मांग के पीछे कौन?

**भारत नेपाल की खुली सीमा पर कटीले तार लगाने के साथ ही भारत वासियों को नेपाल आने जाने के लिए वीजा पासपोर्ट जैसी व्यवस्था अनिवार्य करने संबंधी मांग को लेकर प्रमुख विपक्षी दल और सरकार आमने सामने हैं। हैरत है कि लोकतंत्र बहाली के बाद नेपाल में सत्तारूढ़ हुई सरकारें लोकतंत्र की मजबूती के लिए कम अपने पड़ोसी भारत के खिलाफ जरूर कुछ न कुछ ऐसा करती रही हैं जिससे दोनों देशों के बीच खटास ही पैदा हो। इधर डेढ़ साल में ही नेपाल में गठबंधन की तीन सरकारें आईं गईं। अभी जो प्रचंड की सरकार है वह तीसरे गठबंधन की सरकार है। इस छोटी अवधि में प्रचंड नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन की सरकार में थे और उसके पहले ओली के साथ उनका गठबंधन हो चुका है। अब फिर वे ओली के साथ हैं। बता दें कि केपी शर्मा ओली की सरकार जब भी सत्ता में होती हैं, वह कुछ न कुछ ऐसा जरूर करती हैं जो भारत के खिलाफ होता है। ओली की छवि चीन परस्त और भारत विरोध की है।**

**यशोदा श्रीवास्तव**



सत्तारूढ़ दल के सहयोगी एमाले सांसद और पार्टी के मुख्य सचेतक महेश बर्तौला के इस मांग से नेपाली राजनीति का माहौल गरमाया हुआ है। वहीं गृहमंत्री रवि लामीछाने की ओर से इस मामले पर चुप्पी साधे रहने से यह मामला और गहराता जा रहा है। महेश बर्तौला के मांग का समर्थन एमाले के एक और सांसद रघु जी पंत ने भी किया है। 1950 की भारत नेपाल मैत्री संधि के विपरीत यह मांग गृह मंत्री को संबोधित एमाले सांसदों ने नेपाली संसद में उठाई है। एमाले सांसदों के इस मांग को नेपाली संसद में ही विरोध किया जा रहा है। नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा ने एमाले सांसद के इस मांग को अव्यवहारिक बताते हुए कहा है कि वे और उनकी पार्टी ऐसा कदापि नहीं होने देगी। वहीं पूर्व मंत्री और मधेश क्षेत्र के बड़े नेता हृदयेश त्रिपाठी ने कहा है कि एमाले सांसदों की यह मांग भारत नेपाल संबंधों पर असर डालने वाला है। उन्होंने इस तरह की मांग करने वालों को अपरिपक्व मानसिकता का बताया है। कहा कि ऐसी बेतुकी मांगे तराई वासियों की मंशा के विपरीत है। इसका विरोध होना चाहिए। हृदयेश त्रिपाठी ने कहा कि भारत नेपाल सीमा पर बढ़ रहे अपराध और जरायम के चलते तारबंदी जरूरी बताया गया है तो इससे कहीं ज्यादा अपराध और तस्करी चीन बार्डर पर हो रहा है। भारत नेपाल संधि के तहत दोनों देश एक दूसरे देश के नागरिकों के आवागमन पर प्रतिबंध नहीं लगा सकते। इस सुविधाजनक संधि के नाते ही दोनों देशों के बीच रोटी बेटी का रिश्ता कायम रह सका है। इतना ही नहीं आज भी भारत और नेपाल के ढेर सारे लोगों की संपत्तियां एक दूसरे देश में है। नेपाल में बड़े व्यापार और उद्योग पर भारत के व्यापारियों का कब्जा है। कटीले तारों के बाड़ तक तो ठीक है लेकिन पासपोर्ट और वीजा जैसी व्यवस्था लागू हो जाने का बड़ा नुक्सान नेपाल का ही होगा। सीमावर्ती उसके बाजारों पर बड़ा असर पड़ेगा,सीमावर्ती क्षेत्रों में करीब दो सौ से अधिक कैसिनों और रिसार्ट बंद होने के कगार पर पंहुच जाएंगे और लुंबिनी स्थिति बुद्ध की जन्म स्थली बीरान हो जाएगी। ऐसा होने पर नेपाल आर्थिक रूप से कम जोड़ ही होगा। हृदयेश त्रिपाठी कहते हैं कि भारत नेपाल सीमा की भौगोलिक समझ नहीं रखने वाले सत्तारूढ़ दल के सांसदों की ऐसी बेतुकी मांगों का पुरजोर विरोध जरूरी है। भारत नेपाल की खुली सीमा किसी एक देश के लिए एक तरफा खतरा नहीं है।उत्तर प्रदेश के सात जिले नेपाल सीमा को स्पर्श करते हैं। यहां से घुसपैठियों की खबरें ज्यादा आती है।

बिहार नेपाल बार्डर से भी घुसपैठ की खबरें आती है। सच तो यह है कि खुली सीमा से ज्यादा खतरा भारत को ही है लेकिन मैत्री संधि के तकाजा के चलते भारत ने नेपाल सीमा पर तार बाड़ या पासपोर्ट जैसी व्यवस्था कभी नहीं सोची। यह सच है कि भारत नेपाल के बीच लंबी खुली सीमा सुरक्षा एजेंसियों के लिए सदैव चुनौती बनी रहती है।इस सीमा पर सैकड़ों ऐसे रास्ते हैं जो नदी नाले और झाड़ झंखाड़ से भरे है जहां से आतंकी, तस्कर अथवा अन्य अवांछनीय तत्वों का आना जाना जारी है। यहां कोई सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं है। जबतक बार्डर रोड नहीं बन जाता तब तक यहां पेट्रोलिंग भी संभव नहीं है। उत्तराखंड से लेकर बंगाल तक लगभग 1755 किलोमीटर से भी ज्यादा लंबी इस खुली सीमा का बेजा फायदा तीसरे देशों के नागरिक उठा रहे हैं। विदेशी नागरिक लगातार नेपाल से भारत में घुसपैठ की कोशिश करते रहते हैं। पूर्व में नेपाल सीमा से यासीन भटकल, अब्दुल करीम टुंडा, जब्बार, जावेद कमाल, वसीम, बब्बर खालसा का सुखबिंदर सिंह, भाग सिंह, अजमेर सिंह, मुंबई बम कांड का आतंकी टाइगर मेमन आदि कुख्यात आतंकी पकड़े जा चुके हैं। इतना ही नहीं भारत की आर्थिक व्यवस्था ध्वस्त करने के लिए जाली भारतीय मुद्रा नेपाल के रास्ते भारत भेजा जाता रहा। दाउद इब्राहिम सहित तमाम भारतीय दुश्मनों को नेपाल में पनाह मिलता रहा। इसके इतर इस खुली सीमा से भारत से नेपाल गए शायद ही कोई बड़ा अपराधी पकड़ा गया हो जो नेपाल में कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बना हो। इतना सबकुछ के बाद भी भारत ने दोनों देशों के आवागमन पर रुकावट जैसी बात नहीं सोची,वहीं नेपाल के मौजूदा सरकार के सांसद यदि यह मुद्दा उठा रहे हैं तो जाहिर है इसके पीछे किसी तीसरे देश का दिमाग है।

# पानी तेरी गजब कहानी



हरी राम यादव

पानी पृथ्वी पर प्रकृति द्वारा प्रदत्त एक अनमोल उपहार है। इसके बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। यह हाइड्रोजन और आक्सीजन से मिलकर बनता है। हमारी पृथ्वी पर तीन चौथाई जल तथा एक भाग जमीन है। पृथ्वी के हर जीव जंतु को पानी की आवश्यकता होती है । यह हमारे जीवन के लिए कितना जरुरी है इसके महत्व को ध्यान में रखते हुए रहीम दास जी ने लिखा है- रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गये न ऊबरे मोती, मानुष, चून। इसका अर्थ यह है कि हे ईश्वर इस पृथ्वी पर पानी को जरुर रखिए, पानी के बिना कुछ भी सम्भव नहीं है। पानी के न रहने पर न तो मोती जैसा बहुमूल्य रत्न पैदा हो सकता है और न ही मनुष्य तथा चूना जीवित रह सकता है। इस पृथ्वी की रचना भी पानी के कारण ही सम्भव हुई है। यह पृथ्वी आग का एक दहकता हुआ गोला थी, लेकिन लगातार पानी की वर्षा के कारण ही यह ठंडी होकर आज जीवनदायिनी बनी हुई है। पृथ्वी पर जीवन का पूर्वज अमीबा भी पानी में ही उत्पन्न हुआ।



पानी का महत्व इतना ज्यादा है कि पानी के ऊपर बहुत सारे मुहावरे बने हुए हैं जैसे पानी पानी होना, पानी फेरना, कौन कितने पानी में है, चुल्लू भर पानी में डूब मरना, दूध का दूध पानी का पानी होना, पानी उतर जाना आदि । यहाँ तक की मनुष्य के शरीर में भी पानी की मात्रा 65 प्रतिशत तक होती है। मनुष्य के शरीर की रचना में पानी की उपस्थिति को बताते हुए गोस्वामी तुलसी दास ने लिखा है - छिति , जल, पावक गगन, समीरा। पंच रचित अति अधम शरीरा। पानी की समस्या को देखते हुए हमें इस प्रश्न पर विचार करना आवश्यक है कि पृथ्वी के तीन चौथाई भाग पर पानी होते हुए भी पेय जल की समस्या क्यों गहराती जा रही है? कारण यह है कि पृथ्वी पर पाया जाने वाला ज्यादातर पानी खारा है। इस पानी का उपयोग न तो पीने के लिए और न ही सिंचाई के लिए किया जा सकता है। पृथ्वी के नीचे तथा ऊपर पाये जाने पाले पेय जल की मात्रा बढ़ते शहरीकरण, आधुनिक जीवन शैली, खेतों में रसायनों तथा उर्वरकों के प्रयोग तथा प्राकृतिक जीवन चक्र के टूटने के कारण कम होती जा रही है। हमारे देश के कुछ क्षेत्रों में पानी आसानी से उपलब्ध हो जाता है इसलिए हमें उसके महत्व का पता नहीं चलता। हमें पानी के महत्व को जानने के लिए राजस्थान के बाडमेर जैसलमेर, मध्य प्रदेश के चंबल के बीहडों के किनारे बसे गाँवों, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड , उड़ीसा के कालाहांडी तथा महाराष्ट्र के विदर्भ, तथा छत्तीसगढ़ के उन क्षेत्रों को देखना होगा जहाँ पर लोग पाँच छः किलोमीटर पैदल चलकर पानी भरने जाते हैं और अपनी बारी के इन्तजार में 6 से 7 घंटे बैठे बहते हैं। जो पानी भरकर लाते है वह भी या तो गन्दा होता है या तो पीने योग्य नहीं होता है। इन इलाकों में कुएं खोदना या बोरिंग करवाना आसान काम नहीं है। यहाँ पर जलस्तर 80 से 150 फीट तक नीचे है। यहाँ पर कुंआं खोदने या बोरिंग करने में लगभग 2 से 2.5 लाख रूपये की लागत आती है। इतनी बड़ी लागत लगाने के बाद भी यदि पानी खारा निकल जाता है तो लगायी गयी जमा पूंजी भी पानी में मिल जाती है क्योंकि इस पानी का उपयोग न तो खेती के लिए किया जा सकता है और न ही पीने के लिए किया जा सकता है।

पेय जल की समस्या का सबसे बड़ा कारण तेजी से बढ़ता शहरी करण है। लोग तथा सरकारें पानी के स्रोतों कुंआं, तालाब , झीलों तथा पोखरों को पाटकर उनके ऊपर मकान, दुकान, माल, फैक्ट्री, हवाई पट्टी तथा सडकें बनाते जा रहे हैं। इस निर्माण के कारण पृथ्वी का ज्यादातर भाग सीमेंट तथा कंक्रीट से ढंकता जा रहा है जिससे पानी बहुत कम मात्रा में जमीन के नीचे जा पा रहा है। ज्यादातर बरसात का पानी बहकर सीधे समुद्र में जा रहा है। इस कारण हर क्षेत्र का जलस्तर तेजी से नीचे गिरता जा रहा है और पेय जल की समस्या गहराती जा रही है। जो पानी बिना रूके हुए बहकर समुद्र में मिल रहा है उसके साथ मिट्टी के कण समुद्र में जम रहे है। इससे समुद्र का जल स्तर धीरे धीरे बढ़ रहा है। समुद्र के किनारे बसे शहरों पर जल प्रलय का खतरा बढ़ता जा रहा है। आज हम नहाने के लिए विभिन्न प्रकार के साबुन तथा कपडों को धोने के लिए डिटरजेंट पाउडर का खूब उपयोग करते है जिनमें ज्यादा झाग निकलती है। घर को साफ रखने के लिए हम फिनाइल या लाइजोल का प्रयोग कर रहे हैं। शौचालय को साफ करने के लिए हारपिक का प्रयोग कर रहे हैं। वासबेसिन को साफ रखने के लिए उसमें नेप्थलीन की गोलियों डालकर रखते है। यह सभी रसायन पानी के साथ मिलकर नालियों के माध्यम से नालों , नदियों तथा समुद्र में मिलते है और जल प्रदूषण को बढ़ावा देते हैं। दूसरी ओर इन प्रयुक्त रसायनों की कुछ मात्रा मिट्टी के साथ मिलकर पानी के माध्यम से धीरे धीरे जमीन के अन्दर जा रही है जिससे मिट्टी तथा पानी दोनों दूषित हो रहे हैं। मिट्टी के दूषित होने के कारण जमीन के अन्दर रहने वाले जीवों की कई प्रजातियाँ विलुप्त होने के कगार पर है। ज्यादा झाग वाले साबुन के उपयोग से ज्यादा पानी बरबाद हो रहा है तथा मि?ट्टी में खारेपन की मात्रा बढ़ रही है जिससे जमीन की उर्वरकता समाप्त होती जा रही है। यदि हम स्वयं के बारे में ही न सोचकर पृथ्वी के दूसरे जीवों के बारे में भी सोचें तो ऐसे साबुन या पाउडर का उपयोग न करें जो कपडों को जल्दी साफ करते है तथा ज्यादा झाग छोड़ते हैं। हम स्वयं को ज्यादा आधुनिक कहलाने की होड़ में आगे निकलने के लिए पश्चिमी सभ्यता वाले शौचालयों का प्रयोग करने लगे हैं। इन शौचालयों में साधारण शौचालयों की अपेक्षा 3 गुना ज्यादा पानी लगता है। हम अपने घरों में दोनों तरह के शौचालयों का निर्माण तो करें लेकिन उपयोग साधारण शौचालय का ही करें। पश्चिमी सभ्यता वाले शौचालयों का उपयोग केवल घर के बुर्जगों के लिए ही करें जो कि बुढापे के कारण ठीक से बैठ नहीं पाते। पेय जल की समस्या के लिए आधुनिक खेती काफी हद तक जिम्मेदार है। पहले लोग खेती में अच्छी उपज लेने के लिए गोबर की खाद तथा कूड़े कचरे से बनायी गयी कम्पोस्ट खाद का उपयोग करते थे। खेतों के आसपास पेड़ पौधे होने के कारण उनकी पत्तियाँ तथा टहनियाँ भी सडकर मिट्टी में मिलती थीं। इनके कारण जमीन नरम बनी रहती थी। मिदटी में खादय पदार्थ मिलने के कारण केंचुए जैसे जीव जमीज को कुरेदते रहते थे जिससे जमीन में रंध्र बन जाते थे । इन रंध्रों के माध्यम से सिंचाई तथा बरसात का ज्यादातर पानी आसानी से जमीन के अंदर जाता रहता था और जल स्तर ज्यादा ऊपर रहता था। आधुनिक जीवनशैली और बढ़ती आवश्यकताओं के कारण हमने पेड़ों को काटकर, गोबर तथा कम्पोस्ट की खाद को छोड़कर, खेतों में रासायनिक खादों का प्रयोग कर प्रकृति के जीवन चक्र को बिगाड दिया है जिससे वर्षा कम होती जा रही है और वर्षा के सहायक तत्व समाप्त होते जा रहे हैं। पानी को बर्बाद करने में एक दशक पूर्व में चलन में आए सबमर्सिबल पंप ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जब लोगों को कुँए या हैंडपंप से मेहनत करके पानी भरना होता था तब लोग काम भर को ही पानी उपयोग में लाते थे लेकिन जब से सबमर्सिबल पंप आया है तब से लोग अंधाधुंध पानी की बर्बादी कर रहे हैं । आप मोटी धार से फर्श , कार, मोटरसाइकिल और भैंस को लोगों धोते हुए देख सकते हैं । ठीक इसी तरह चलन में आया आर ओ का पानी भी पानी की बर्बादी में सबमर्सिबल पंप से दस गुना आगे है । इसमे लगभग तीन भाग पानी बेकार नालियों में बह जाता है । प्रकृति स्वयं एक उत्कृष्ट अभियंता है। उसने अपनी गति को निरन्तर बनाये रखने के लिए एक जीवन चक्र का निर्माण किया है। उस जीवन चक्र से हर जीव जन्तु जुडा हुआ है।

## देवरिया लोकसभा की 25 लाख जनता की समृद्धि के लिए नई राह

**सांसद की कलम से**



शशांक मणि
सांसद, देवरिया

देवरिया लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि के रुप में आप लोगों ने संसद में मेरी सीट पक्की की है। इसलिए मैं संसद सत्र के दौरान दिल्ली में मौजूद हूं। मैं देवरिया लोकसभा क्षेत्र के लिए एक नई राह तलाश रहा हूं। और वो है अमृतकाल में देवरिया की समृद्धि का मार्ग। एक ऐसा मार्ग जो प्रत्येक नागरिक को अपनी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए है। जिसे हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी भी अपनाने की अपील कर रहे हैं।

भारत को विकसित बनाने के लिए नई राजनीति की जरुरत है, इस नई राजनीति में एक नेता, एक सांसद, एक विधायक या एक डीएम के प्रयास से सफलता नहीं मिलेगी बल्कि हममें से प्रत्येक नागरिक को अपने क्षेत्र के लिए आगे आना होगा। सबके प्रयास से अपने क्षेत्र को विकसित बनाना होगा। इसलिए सबके प्रयास से देवरिया लोकसभा का विकास के मंत्र को अपनाना होगा। एक सवाल आपके मन में चल रहा होगा कि ये नया विचार क्यों? आप ये भी सोच रहे होंगे कि देवरिया और कुशीनगर को आगे बढ़ाने के लिए सांसद निधि और सरकार की विकासात्मक योजनाएं ही काफी हैं। लेकिन मेरा मानना है कि अगले 25 वर्षों में अपनी मातृभूमि को गौरवशाली बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के प्रयास की आवश्यकता है। एक एक व्यक्ति के जीवन में समृद्धि तभी आएगी जब समाज, सरकार और बाजार मिलकर काम करें। आदरणीय प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि %यही समय है, सही समय है मैं इसमें एक लाइन और जोड़ता हूं कि अंतिम समय है। क्योंकि आने वाले 20 वर्षों में हमारी आबादी औसतन बूढ़ी हो जाएगी और आने वाली पीढ़ी को यहा अवसर भी नहीं मिलेगा। अपने क्षेत्र को समृद्ध और गौरवशाली बनाने के लिए एक कुशल शिक्षक, एक बेहतर वकील, एक सफल उद्यमी, एक बेहतर अधिकारी, एक तेजस्वी छात्र, एक सफल दुकानदार, एक शानदार एथलिट बनकर हमें अपनी क्षमता को प्रदर्शित करना होगा। देवरिया और कुशीनगर की मूल क्षमता तक पहुंचने का एक रास्ता यह भी है कि प्रत्येक नागरिक को अनूठे तरीके से उनके कौशल को निखारा जाए। मुझे उम्मीद है कि इस नई पहल से सभी के जीवन में नए अर्थ भी आएंगे।

हो सकता है आप लोगों में से कई लोग मेरी इस नई राजनीति से सहमत ना हों लेकिन फिर भी आप में से कई लोगों को जानता हूं और विश्वास भी करता हूं, और आप भी मुझपर विश्वास करते हैं, इसलिए अपने दिल की गहराइयों से विश्वास दिलाता हूं कि हम देवरिया को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सफल होंगे। जब मैं अपनी पार्टी से देवरिया लोकसभा क्षेत्र के लिए टिकट मांग रहा था, तो कई लोगों के कहा कि मैं बहुत आदर्शवादी हूं। जब मैंने अपने कार्यालय का नाम सबके प्रयास से सबका विकास रखा तो कई लोगों को अजीब लगा। जब मैं अमृतकाल का देवरिया और सबका प्रयास के नारों के साथ चुनाव लड़ रहा था, तो कई लोग मेरी राजनीति से सहमत नहीं हो रहे थे। आज मैं आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार के साथ काम करना शुरु कर रहा हूं, और देवरिया कुशीनगर को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का संकल्प ले रहा हूं तो कई लोग अब भी अनिश्चितता के भाव से देख रहे हैं। लेकिन इन सभी विरोधी बातों को देवरिया के मतदाताओं और हमारे कार्यकर्ताओं ने हर बिंदू पर गलत साबित किया है। हमारे कार्यकर्ताओं ने मेरे दृष्टिकोण का पूरा समर्थन किया। देवरिया लोकसभा क्षेत्र के कई गणमान्य और वरिष्ठ नेताओं ने भी इस विचार में शामिल हो गए हैं। साथ ही शीर्ष नेतृत्व ने इस नए दृष्टिकोण की सराहना की है। तो आइये, हम इस मिशन में शामिल होने के लिए अपनी कमर कस लें। एक ऐसा संकल्प लें जिसमें देवरिया का प्रत्येक नागरिक क्षेत्र निर्माण के कार्य लग जाए। एक ऐसा क्षेत्र निर्माण करें जिसे हमारे बच्चे याद रखें।

# लोकसभा के सत्र नई उम्मीदों को पंख लगाये



ललित गर्ग

**अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बढ़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है।**



विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने एवं संसदीय कार्रवाई को बाधित करने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के परिदृश्य देखने को मिल रहे हैं। बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं, लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए। एक लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही के नाम पर विपक्ष संसद में हंगामा और अव्यवस्था पैदा करना उचित समझता आ रहा है, उसके तेवर इस बार ज्यादा ही उग्र एवं उत्तेजिक दिख रहे हैं, जो संसदीय परम्परा के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद चाहे जिस दल के हो, उनसे शालीन एवं सभ्य व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। लेकिन सांसद अपने दूषित एवं दुर्जन व्यवहार से संसद को शर्मसार करते हैं तो यह लोकतंत्र के सर्वोच्च मन्दिर की गरिमा के प्रतिकूल है।

संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मर्यादा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद भारत की संसद यदि सभ्य एवं शालीन दिखाई न दे तो ये स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण ही कही जायेगी। एक बार फिर ऐसी ही त्रासद स्थितियों से रू-ब-रू होने की स्थितियां बनना एक चिन्तनीय प्रश्न है। संसद की सार्थकता केवल इसमें नहीं है कि वहां विभिन्न मुद्दे उठाए जाएं बल्कि इसमें है कि उन पर गंभीर एवं शालीन तरीके से चर्चा होकर राष्ट्रहित में प्रभावी निर्णय लिये जाये। दुर्भाग्य से संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ऐसी कोई चर्चा कठिनाई से ही होती है जिससे देश को कोई दिशा मिल सके और समस्याओं के समाधान खोजे जा सके। उचित यह होगा कि संसद में दोनों ही पक्ष संसदीय कार्यवाही के जरिये एक उदाहरण पेश करें, नयी संभावनाओं एवं सौहार्द का वातावरण बनाते हुए नई उम्मीदों एवं संकल्पों के सत्र के रूप में इस सत्र एवं आगे के सत्रों का संचालन होने दें। अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र को लेकर उत्सुकता एवं कुतूहल का वातावरण पक्ष-विपक्ष के नवनिर्वाचित सांसदों में ही नहीं, बल्कि आम जनता में भी है। गठबंधन की स्थितियों के कारण यह लोकसभा पिछली लोकसभा से भिन्न होगी। इस बार विपक्ष का संख्या बल कहीं अधिक है और सत्तापक्ष गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहा है। यद्यपि यह गठबंधन सरकार अतीत की गठबंधन सरकारों से भिन्न है, क्योंकि उसका नेतृत्व करने वाला दल यानी भाजपा बहुमत से कुछ ही पीछे है। इसके बावजूद संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिल सकता है। इस टकराव के आसार भी उभर आए हैं, क्योंकि विपक्ष को प्रोटेम स्पीकर के नाम पर आपत्ति है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की मानसिकता संसदीय सत्रों में देश-विकास की योजनाओं पर निर्णय में सहभागिता से अधिक सत्ता पक्ष को घेरने एवं सरकार के कामकाज को बाधिक करने की ही अधिक दिखाई दे रही है। यह निश्चित है कि सार्वजनिक जीवन में सभी एक विचारधारा, एक शैली व एक स्वभाव के व्यक्ति नहीं होते। अतः आवश्यकता है दायित्व के प्रति ईमानदारी के साथ-साथ आपसी तालमेल व एक-दूसरे के प्रति गहरी समझ एवं सौहार्द भावना की। जनता के विश्वास पर खरे उतरते हुए नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करने की। राजनीतिक दल द्वंद्व, एक दूसरे की आलोचना एवं विरोध की स्थितियां चुनाव के मैदान तक सीमित करें, उन्हें संसद तक न लाये। संसद में तो सभी दल मिलकर राष्ट्र-निर्माण का काम करें। एक सांसद के साथ दूसरा सांसद जुड़े तो लगे मानो स्वेटर की डिजाईन में कोई रंग डाला हो। सेवा एवं जनप्रतिनिधित्व का क्षेत्र ÷मोजॉयक÷ है, जहां हर रंग, हर दाना विविधता में एकता का प्रतिक्षण बोध करवाता है। अगर हम सांसदों में आदर्श स्थापित करने के लिए उसकी जुझारू चेतना को विकसित कर सकें तो निश्चय ही आदर्शविहिन असंतुष्टों की पंक्ति को छोटा कर सकेंगे और ऐसा करके ही संसद को गरिमापूर्ण मंच बना पायेंगे। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटे हैं। मोदी का लोकसभा सदस्य एवं प्रधानमंत्री के रूप में यह तीसरा कार्यकाल है। उन्होंने वाराणसी सीट बरकरार रखी, जिसे वे 2014 से जीतते आ रहे हैं। पहली बार नए संसद भवन में शपथग्रहण हुआ। भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसा दूसरी बार है कि जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार शासन करने का अवसर दिया है। ये मौका 60 साल बाद आया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**मुख्यमंत्री ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की कार्ययोजनाओं के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया**

# शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए: मुख्यमंत्री

- प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के कार्यों में तेजी लाई जाए
- उ0प्र0 पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरा
- जैसे अतिमहत्वपूर्ण विषयों में मानकों का सख्ती से अनुपालन कराया जाए



**होटल इण्डस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन करने की आवश्यकता, पार्किंग, सिक्योरिटी और फ़ायर सेफ्टी**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की कार्ययोजनाओं के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास हेतु शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता जताई।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विगत वर्षों में शाहजहांपुर व आस-पास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की अनेक परियोजनाओं से औद्योगिक विकास तेज हुआ है और आबादी में भी बढ़ोत्तरी देखी गई है। वर्तमान सरकार के पहले कार्यकाल में ही शाहजहांपुर को नगर निगम बनाया गया था। यहां पूर्व से ही विनियमित क्षेत्र है। हाल ही में यहां का मास्टर प्लान-2031 भी तैयार कराया गया है। अब आवश्यकता है कि, शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास प्राधिकरण का गठन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि प्राधिकरण के अन्तर्गत आ रहे गांवों में आबादी की भूमि को ग्रीन लैण्ड न घोषित किया जाए। आम आदमी को किसी प्रकार की समस्या न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कतिपय सरकारी भवन या तो उपयोग में नहीं है अथवा निर्माण कार्य अधूरा है। उन्होंने निर्देशित किया कि इन्हें चिन्हित कर ऐसे भवनों का सदुपयोग किया जाए। अधूरे भवनों का निर्माण कार्य पूरा कराया जाए। प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के कार्यों में तेजी लाई जाए।

मुख्यमंत्री ने होटल इण्डस्ट्री के विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश की पर्यटन सम्भावनाओं को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। देश से सबसे ज्यादा पर्यटक उत्तर प्रदेश में आते हैं। इन सकारात्मक परिस्थितियों ने होटल इण्डस्ट्री के लिए अपार सम्भावनाओं को जन्म दिया है। प्रदेश में बड़ी संख्या में होटलों की आवश्यकता का अनुभव किया जा रहा है। होटल इण्डस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवासीय क्षेत्र में 06 कमरों से 20 कमरों तक के होटल निर्माण के लिए न्यूनतम भूमि और होटल तक पहुंच मार्ग की चैड़ाई की न्यूनतम सीमा में बदलाव किया जाना चाहिए। साथ ही, पार्किंग, सिक्योरिटी और फ़ायर सेफ्टी जैसे अतिमहत्वपूर्ण विषयों में मानकों का सख्ती से अनुपालन कराया जाए।

## ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाएगी योगी सरकार

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाने जा रही है। इसके लिए स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुरुआत में छोटी रकम के ई-स्टाम्प के जरिए इस सुविधा का लाभ जनता को देने की तैयारी है। इन ई-स्टाम्प को आधार कार्ड के जरिए ऑनलाइन प्रमाणन के बाद पर्सनलाइज्ड करके उसी आधार कार्ड धारक के द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के प्रयोग के लिए प्राप्त किया जा सकेगा। इससे जाली स्टाम्प के भय से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाएगी। विभाग ई-स्टाम्प के नये प्रारूप की डिजाइन भी फाइनल कर चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिलहाल 100 रुपए से कम के ई-स्टाम्प को लेकर ये प्रयोग किया जाएगा। नये प्रारूप की रूपरेखा और ई-स्टाम्प को सुरक्षित रखने के लिए 9 प्रकार के विशेष नये सिक्योरिटी फीचर्स इस्तेमाल में लाए गये हैं।

## यूपी के कई शहरों में तीन दिनों में झमाझम बारिश के आसार

**लखनऊ।** कानपुर समेत आसपास के शहरों में अगले तीन दिनों में मानसूनी बारिश के आसार हैं। दिन का तापमान अभी 40 डिग्री तक रहेगा। अगले 48 घंटे में प्री मानसूनी बारिश सुबह और शाम के समय ही होने की संभावना है। कानपुर सहित बुंदेलखंड व प्रदेश के दूसरे जिलों में भी मानसूनी बारिश का सिलसिला इसी बीच शुरू हो जाएगा। सीएसए के मौसम विभाग प्रमुख डॉ. एसएन सुनील पांडेय के अनुसार जून के इस आखिरी सप्ताह से लेकर सितंबर महीने तक मानसून की अच्छी बारिश होने की संभावना है। इस बीच ला निना और अल निनो का प्रभाव भी पूरी तरह से खत्म हो गया है। ऐसे में इस बार भारी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। गंगा और दूसरी नदियों के तराई वाले क्षेत्रों में आंधी के साथ बारिश की संभावना है। डॉ. पांडेय ने बताया कि दिन में उत्तर पश्चिमी हवाएं बहुत धीमी गति से चल रही हैं।

# गठबंधन के नेताओं ने भी संसद परिसर में संविधान की प्रति लेकर किया प्रदर्शन





अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** 18 वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरुआत हो गई है। पहले दिन अखिलेश यादव, डिंपल यादव और समाजवादी पार्टी के सभी अन्य सांसद भारत के संविधान की एक प्रति लेकर संसद पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। गठबंधन के नेताओं ने भी संसद परिसर में संविधान की प्रति लेकर विरोध प्रदर्शन किया। फैजाबाद (अयोध्या) सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा, मैं फैजाबाद के देवतुल्य मतदाताओं की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा...हमारे एजेंडे अब तय होंगे...हमारे पास अयोध्या के लिए अच्छी योजनाएं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, ÷संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ है, लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की। इसलिए आज हम यहां एकत्रित होकर विरोध कर रहे हैं। यहां पर गांधी जी की प्रतिमा थी और हम यहीं पर विरोध कर रहे हैं... हर लोकतांत्रिक नियमों को तोड़ा जा रहा है इसलिए हम बता रहे हैं कि मोदी जी आज संविधान के तहत चलिए। समाजवादी पार्टी इस लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत व सीटों के लिहाज से अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। उसे 37 सीटों के साथ ही 33.59 प्रतिशत वोट मिले हैं। पार्टी अपने इस प्रदर्शन में पीडीए रणनीति का अहम योगदान मान रही है। पार्टी ने पिछड़ों में गैर यादव ओबीसी पर फोकस किया तो उसे अच्छे परिणाम मिल गए। लोकसभा चुनाव में 10 कुर्मी/पटेल नेताओं को टिकट दिया गया, जिसमें से सात चुनाव जीत गए। निषाद, बिंद, जाट, राजभर, लोधी, भूमिहार, मौर्य/शाक्य/कुशवाहा जातियों पर भी पार्टी ने फोकस बढ़ाया है। लोकसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) रणनीति की सफलता से उत्साहित सपा इसकी धार और तेज करने जा रही है। पार्टी की नजर अब 10 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव पर है। इसके लिए सपा गांव-गांव पीडीए पंचायत का आयोजन करने जा रही है। इसके जरिए सपा इनमें आने वाली जातियों को एकजुट करेगी और उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक करेगी।



**गोरखपुर से सांसद रवि किशन ने लोकसभा में साथी कलाकार एवं मंडी से सांसद कंगना राणावत को जीत की बधाई दी**

## तय्यब मैरिज हॉल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** तहफ्फुज-ए-औकाफ समिति ने सोमवार को एसीपी बाजारखाला को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंप कर ऐशबाग ईदगाह में संचालित हो रहे तय्यब मैरिज हॉल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। समिति के अध्यक्ष मोहम्मद तौहीद सिद्दीकी नजमी के नेतृत्व में गये प्रतिनिधिमंडल ने अपने ज्ञापन में कहा कि ईदगाह परिसर में दो मैरिज हॉल चल रहे हैं, जिनकी लिखित शिकायत पुलिस आयुक्त से 11 जून 2022 को की गयी। शिकायत पर हुई जांच के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अगर कोई कानूनी कार्रवाई न हुई तो मुस्लिम समुदाय लोकतांत्रिक तरीके से आन्दोलन को बाध्य होगा।

# मॉब लिन्चिंग के लिये सरकार बनाये कानून: एआइपीएमएम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विगत 18 जून को मामू भांजा के साथ अलीगढ़ में हुई मॉब लिचिंग मामले में पसमांदा युवक की मौत की घटना को लेकर आल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने गम्भीरता से लेते हुए इसकी कड़ी निन्दा की है। मुख्यकार्यकारी अध्यक्ष मुहम्मद युनुस ने कहा है कि सरकार मॉब लिंचिग के मामलों में सख्त कानून बनाए जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए उचित कार्यवाही हो सके। राष्ट्रिय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा है कि ऐसे मामलों में आरोपी किसी भी धर्म का हो और वह दोषी पाया जाये तो उसके विरूद्व विधिसम्मत कार्यवाही की जाये। दोषियों अथवा उनके सम्बन्धियों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाना अथवा चलाये जाने की मांग करना सरासर गलत है और गैर संविधानिक है।

उल्लेखनीय है कि माब लिन्चिंग के इस मामले में स्थानीय पुलिस प्रशासन के आला अफसरों, पुलिस अधीक्षक, सी.ओ., चैकी इंचार्ज एवं अन्य पुलिस अफसरों द्वारा जिस तत्परता से उक्त घटना में हस्तक्षेप करके वहां की स्थिति पर काबू कर नगर की शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने का असाधारण कार्य किया

तथा आगे इस प्रकार की अन्य कोई घटना न होने पाये, पुलिस द्वारा इसके लिए भी बहुत ही सूझबूझ से प्रभावी कदत उठाये गये, वह बहुत ही प्रशंसीय कार्य है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शमीम अंसारी ने पुलिस प्रशासन की इस मामले में प्रभावी कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की। संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष शारीक अदीब ने अलीगढ़ के बाशिंदों से अपील की है कि नगर में आपसी सौहार्द बनाये रखें और सभी लोग एक साथ मिलकर रहें तथा असमाजिक तत्वों को इस प्रकार की कार्यवाही करने से रोके।

# भाजपा ने हर अवसर पर किया भ्रष्टाचार

- देश में आस्था और पवित्रता के प्रतीक भी भाजपा के लिए लूट का अवसर: अजय राय



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि शहीदों के ताबूत हों या भगवान का मंदिर, भारतीय जनता पार्टी के लिए यह सभी भ्रष्टाचार के मौके बन गये हैं। देश में आस्था और पवित्रता के प्रतीक भी उनके लिए लूट के अवसर मात्र हैं। पुजारी सत्येन्द्र दास के बयान से साफ हो गया है कि करोड़ों रुपयों की लागत से बने राम मंदिर के गर्भ गृह में पहली बारिश से पानी का रिसाव हो रहा है और जल निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। श्री राय ने कहा कि यही नहीं अयोध्या कश विकास का ढोल पीटने वाली भाजपा का मुखौटा राम मंदिर उद्घाटन से ठीक पहल 624 करोड़ की लागत से बन रामपथ में तमाम स्थानों पर सड़क ढहने से उतर गया है। यह साफ हो गया है कि चुनावी लाभ लेने के लिए ही जल्दबाजी में दोयम दर्जे का निर्माण करा भाजपा ने भ्रष्टाचार का अड्डा अयोध्या को बनाया है। अयोध्या प्रवासियों को भी उनका सही मुआवजा न देकर भाजपा ने वहां की जनता के साथ सिर्फ अन्याय ही किया है। इसी अन्याय के चलते भाजपा को लोकसभा चुनाव 2024 में हार का मुंह देखना पड़ा और आने वाले विधानसभा चुनाव उपचुनाव में भी इसका माकूल जवाब प्रदेश की जनता उन्हें देगी।

## इंडिया गठबंधन को मिले समर्थन के लिये शाहनवाज ने जनता का किया आभार व्यक्त

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मिले समर्थन के लिए जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि कभी भी मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं जिसमें सफलता के आंकड़ों को और सुधारते हुए केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाई जाएगी। सोमवार को पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए विभाग के प्रवक्ता एवं बाराबंकी लोकसभा प्रभारी चौधरी सलमान कादिर ने कहा कि सीएसडीएस और लोकनीति के पोस्ट पोल सर्वे से साफ हो गया है कि इंडिया गठबंधन को मुसलमानों का एकमुश्त वोट मिला। वहीं पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों का भी बड़ा हिस्सा इंडिया गठबंधन के साथ था। उन्होंने कहा कि सर्वे से यह भी उजागर हुआ कि सवर्ण वोटों का 80 प्रतिशत हिस्सा भाजपा के साथ गया और सिर्फ 16 प्रतिशत सवर्ण वोट ही इंडिया गठबंधन को मिला।

# बहुसंख्यकों ने देश के संविधान को बचाने के लिया वोट

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस पदाधिकारियों की बैठक कैसरबाग स्थित तकिया पीर जलील में प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नदीम सिद्दीकी एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी नेताओं के साम्प्रदायिकता के बावजूद वोटों को बांटने की कोशिशों और चुनाव आयोग के पक्षपात की वजह से भाजपा अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सकी, जिससे यह साफ है कि देश के मुसलमानों सहित बहुसंख्यक लोगों ने देश के संविधान और भाईचारे को बनाए रखने के लिए वोट किया। बैठक में इंडिया गठबंधन की सफलता में मुसलमानों की अहम भूमिका की सराहना करते हुए मजलिस कार्यकर्ताओं ने देश के संविधान और एकता में विश्वास रखने वालों को धन्यवाद दिया। बैठक में इंडिया गठबंधन के नेताओं खास कर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं से मुसलमानों, दलितों और अन्य पिछड़े वर्गों की समस्याओं के समाधान के लिए खुल कर आवाज उठाने को कहा गया। बैठक में फिलीस्तीन में इस्राईली बर्बरता की निंदा के साथ ही मुस्लिम देशों की आपराधिक चुप्पी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए फिलीस्तीन का समर्थन करने वाले देशों की सरकार से इस्राईल पर दबाव बनाने और युद्ध रोकने की मांग करते हुए कहा कि 10 अगस्त को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देंगे। बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय जुलफकारुल्लाह सहित तमाम पदाधिकारियों व परिजनों के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

# ईद-ए-गदीर की पूर्व संध्या पर जगह-जगह महफिलों का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ईद-ए-गदीर की पूर्व संध्या पर सोमवार को जगह जगह महफिलों का आयोजन किया गया। रौजाए काजमैन में जश्ने एलाने गदीर का आयोजन मौलाना शौजफ काजिम जरवली की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर मौलाना अब्बास इरशाद व मौलाना यासूब अब्बास ने महफिल को खिताब किया। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कुराने पाक से किया। इस अवसर पर उलमा ने गदीर के वाकिये और उसकी अजमत को बयान किया। इसके बाद शायर जैगम शमीम अम्रोहवी, खुर्शीद मुजफ्फरनगरी, जुगनू औरंगाबाद, फखरी मेरठी, फरहान बनारसी, फराज बस्ती, फय्याज रायबरेलवी, इरशाद अब्बास गोंडवी, जर्रार अकबराबादी, शुमूम आरफी, जकी भारती, अंजुम गदीरी, गुलरेज नकी, वसी मोहनी सहित कई स्थानीय शायरों ने गदीर पर अपने कलाम पेश किये। महफिल का आयोजन गदीर अकादमी ने किया था। जश्न के कनवीनर एजाज जैदी ने महफिल में आये सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। रौजाए बैतुल हुज्न में रूस्तम नगर में महफिल को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। अंजुमन रजाए हुसैन की ओर से कर्बला दियानुतदौला में आयोजित महफिल को मौलाना अली रिजवान जैदपुरी ने खिताब किया।

### 110 मस्जिदों में होगी नमाज

मस्जिदे कूफा काजमैन 11 बजे, दरगाह हजरत अब्बास 10 बजे, अब्बासिया मस्जिद हसनपुरिया 9 बजे, मस्जिद इमामे जमाना वजीरबाग 11 बजे, मस्जिद इमामबाड़ा शाह नजफ हजरतगंज 10 बजे, मस्जिदे मोहम्मदी 10 बजे, मस्जिद मोलसिरी नक्खास, 10.30 बजे इमामबाड़ा आगा बाकर चौक 9 बजे, रौजाए जैनबया 10.30 बजे,मस्जिद बाहरे आलम मंसूर नगर में 9.30 बजे इन मस्जिदों सहित शहर की 110 मस्जिदों में गदीर की नमाज अदा की जाएगी।

### देर रात तक चलीं ईदे गदीर की तैयारियां

**लखनऊ।** अमीर उल मोमेनीन हजरत अली (अ.स.) के एलान-ए-विलायत की पूर्व संध्या पर सोमवार को पुराने शहर में देर रात तक तैयारियां होती रही। गदीर में पहननें के लिए नये कपड़ों, जूता-चप्पल और सिवई व मिठाइयों की खरीदारी की गयी। पुराने शहर में गदीर को लेकर लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। शहर में होने वाली महफिलों की तैयारियां भी देर रात तक चलती रही। नमाज के लिए मस्जिदों में विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। मस्जिदे कूफा सहित शहर की तमाम मस्जिदों में नमाज के बाद सिवई, आइसक्रीम और मिठाइयों के अलावा अन्य उपहार भी बांटे जायेगें। पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं भी अपने घरों में जश्ने गदीर शीर्षक से महफिलें करेंगी और मिठाइयां बाटी जायेगी।

## रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय निदेशक से मुलाकात कर जताया आभार

**लखनऊ।** अफ्हाम-ए-जमा सोसाइटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय निदेशक से मुलाकात कर लखनऊ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के उपभोक्ताओं का पैसा वापस मिलने पर आभार जताया। लखनऊ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक में उपभोक्ताओं के पैसा निकालने पर आर.बी.आई. ने रोक लगा दी थी। मामले की जानकारी होने पर संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने बैंक के प्रबंधक से मुलाकात की और 20 जनवरी 2023 को मुम्बई स्थित आर.बी.आई. मुख्यालय में गवर्नर शक्तिकांत दास से मुलाकात कर प्रकरण से अवगत कराते हुए उपभोक्ताओं का पैसा वापस दिलाने की मांग की। 24 जनवरी 2023 को आर.बी.आई. ने आदेश दिया कि उपभोक्ताओं का पैसा समय-सीमा में देने के लिए क्लेम फार्म भराए जाएं। इस कार्रवाई के बाद उपभोक्ताओं का पैसा वापस मिलने पर संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने आर.बी.आई. के क्षेत्रीय निदेशक से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया।

## कुलपति ने किया जस्टिस पर्सानिफाइड, द गर्वनेन्स ऑफ इमाम अली पुस्तक का विमोचन



**लखनऊ/अवधनामा ब्यूरो।** डॉ. अली मेहदी नकवी की पुस्तक जस्टिस पर्सानिफाइड, द गर्वनेन्स ऑफ इमाम अली, का विमोचन सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक राय ने किया। डॉ. अली मेहदी नकवी दुबग्गा स्थित युनिटी लॉ कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। पुस्तक के बारे में डॉ.अली ने बताया कि ये किताब इमाम अली के न्याय और नेतृत्व पर आधारित है। बताया गया है कि पुस्तक में हजरत अली के अर्थशास्त्र और उनके हर विषय में दिये गये बयानों को लिखा गया है। पुस्तक में हजरत अली को एक अर्थशास्त्री, प्रशासक और प्रबंधन विशेषज्ञ के रूप में चित्रित किया गया है। पुस्तक अंग्रेजी में है और ऑनलाइन के अलावा विभिन्न स्टॉलों पर उपलब्ध है।

### प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की बैठक निरस्त

**लखनऊ/अवधनामा ब्यूरो।** प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की मंगलवार को होने वाली बैठक निरस्त कर दी गयी है। बैठक अब 29 जून को सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में होगी। बैठक में ओबीसी समाज के हक-हुकूक के लिए सभी जरूरी मुद्दों, नीतियों पर चर्चा, विभाग के पुनर्गठन पर निर्णय, लोकसभा चुनाव के आंकडों में ओबीसी वोटर का कांग्रेस के पक्ष में वोट प्रतिशत में बढ़ोत्तरी की खुशी को साझा करने और आगामी जिला पंचायत और विधानसभा चुनाव 2027 में विभाग की रणनीति पर चर्चा होगी।

# सभ्यता, संस्कृति व इंसानियत से परे है कांग्रेस की विचारधारा: ए.के. शर्मा

- थरूर के ट्वीट पर मंत्री ए.के. शर्मा का पलटवार
- एके शर्मा ने कांग्रेस को हिन्दी में समझाया, उत्तर प्रदेश क्या है



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और ऊर्जा-नगर विकास विभाग के मुखिया ए.के. शर्मा ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा उत्तर प्रदेश के बारे में किए गए अभद्र ट्वीट का करारा जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सभ्यता, संस्कृति व इंसानियत से परे है, जिस प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में उन्हें जीवनदान दिया, चुनाव खत्म होते ही उस प्रदेश का अपमान करना शुरू कर दिया। इससे साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस कितना मौकापरस्त और अवसरवादी है।

मंत्री शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और उनके नेताओं द्वारा किए गए खोखले वादें और दावे क्या थे और चुनाव खत्म होते ही कांग्रेस की सोच और नियत को उनके ही एक नेता शशि थरूर ने अपने ट्वीट के माध्यम से जाहिर कर दी। जिस प्रदेश की जनता ने उन्हें जीवनदान देकर लोकसभा की 06 सीटें दी हो, उनका धन्यवाद तो नहीं किया। मगर अपमान करना शुरू कर दिया। मंत्री शर्मा ने कहा कि शशि थरूर से कुछ बेहतर उम्मीद भी नहीं जा सकती, लेकिन यूपी के बारे में उनका आज का व्यंग पूरे प्रदेश और प्रदेशवासियों का घोर अपमान है। उन्होंने कहा जिस प्रदेश की जनता ने पहले भी इनके अनेक नेताओं को पाल-पोस कर प्रधानमंत्री और सरकार का मुखिया बनाया उसी प्रदेश और वहां की जनता के लिए कांग्रेस ने किया तो कुछ नहीं, मगर अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मंत्री शर्मा ने व्यंग पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के नेताओं को उत्तर प्रदेश के महत्व को हिंदी में समझाते हुए लिखा कि उत्तर प्रदेश में सत्यवादी महाराजा हरिश्चन्द्र हुए।यहीं से भगवान बुद्ध ने सत्य और अहिंसा का पाठ पूरी मानव जाति को पढ़ाया। इसी भूभाग से जगतगुरु भगवान कृष्ण ने गीता का ज्ञान पूरी श्रृष्टि को दिया। इसी राज्य में भगवान राम ने व्यक्ति को पुरुषोत्तम बनने का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा यह भूमि भगवान विश्वनाथ की भूमि है,जो आदिगुरु और सुरगुरु माने जाते हैं। यह पतित पावनी मां गंगा और पुण्य सलिला मां यमुना, मां सरयू और मां सरस्वती की पावन भूमि है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास किसी भी मुद्दे का तथ्यात्मक जवाब तो नहीं होता, वह हमेशा झूठ फैलाने में विश्वास करती है। उत्तर प्रदेश की प्रगति आज किसी से छिपी हुई नहीं है, इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, उद्योग, व्यापार, रोजगार, शिक्षा, कानून व्यवस्था आदि के क्षेत्रों में प्रदेश तेज गति से आगे बढ़ रहा है और पूरे देश के लिए विकास का एक मॉडल बन गया है, ऐसे उत्तर प्रदेश का अपमान करने वाली कांग्रेस को प्रदेश की जनता से माफ़ी मांगनी चाहिए। अन्यथा यहां की जनता आने वाले समय में उनसे हिसाब करेगी। कांग्रेस की यह मानसिकता अत्यंत निंदनीय है। उत्तर प्रदेश की जनता को नमन उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का दोष नहीं है, यह उनकी संस्कृति और सभ्यता विहीन कुत्सित विचारधारा का परिचय है और प्रदेश की जनता ने जो कुछ उन्हें सम्मान दिया,वो भी उन्हें रास नहीं आया।

# नव निर्वाचित पदाधिकारियों को विजेता प्रमाण-पत्र दिये गए

■ अनिल गौर, देवेंद्र पाल व नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव 2024-25 15 जून को सम्पन्न हुआ था। इसी दिन चुनाव परिणाम देर रात्रि तक घोषित भी हुये थे। सोमवार को एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन योगेन्द्र किशोर तिवारी, सदस्यगण शान्ती स्वरूप पाठक, रवीन्द्र सिंह दुबे, रमाशंकर चौधरी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को विजेता प्रमाण-पत्र डी0बी0ए0 हॉल में एक कार्यक्रम के दौरान प्रदान किये। सर्व प्रथम एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन योगेन्द्र किशोर तिवारी ने नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार गौर को माल्यार्पण कर स्वागत कर विजेता प्रमाण-पत्र दिया इसके बाद महामंत्री देवेन्द्र पाल सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुये प्रमाण-पत्र दिया। इसके बाद एल्डर्स कमेटी के अन्य सदस्यों ने विजेताओं को माल्यार्पण कर उनका स्वागत करते हुये प्रमाण-पत्र दिये गये वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुशवाहा, मध्यम उपाध्यक्ष श्रीमती शशिवाला चतुर्वेदी, मनोज कुमार शंखवार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शिवम सिंह सेंगर, गजेन्द्र पाल सिंह चौधरी, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार मिश्रा संयुक्त मंत्री अनिल कुमार शाक्य, संदीप अग्रवाल, सुभाष राजपूत, कनिष्ठ सदस्य पर प्रदीप कुमार राजपूत, अभिषेक वर्मा, भानू प्रताप सिंह अतुल श्रीवास्तव, श्रीमती किरन राजपूत, कु0 साक्षी शर्मा तथा वरिष्ठ सदस्यगण जो निर्विरोध चुने गये उन्हें भी प्रमाण-पत्र भेंट किये गये। कार्यक्रम के दौरान चुनाव अधिकारी रवीन्द्र सिंह यादव व कार्यालय प्रभारी तुलाराम राजपूत का भी स्वागत किया गया। डी0बी0ए0 के अध्यक्ष अनिल कुमार गौर ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह चुनाव एक वर्ष का है अगले 15 जून को कार्यकाल समाप्त होते ही वोटर लिस्ट बनना शुरू हो जायेगी उन्होंने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि अब भविष्य में डी0बी0 का चुनाव नहीं लड़ूंगा मैं दो बार लड़ा दोनों बार चुनाव जीता मेरा दो सौ प्रतिशत रिजल्ट रहा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को चुनाव लड़ना है वह अभी से ही अपनी तैयारी शुरू कर दें और अब आगामी दिनों में डी0बी0ए0 के चुनाव गर्मियों में ही होंगे। उन्होंने एल्डर्स कमेटी पर भी कटाक्ष करते हुये कहा कि पूरे चुनाव में एल्डर्स कमेटी में आपस में सहमति नहीं बनी। उक्त कार्यक्रम की जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित ने दी।

# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए होमगार्ड लखनऊ रवाना

■ 12 दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण लेंगे सभी होमगार्ड

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, जिला होमगार्ड कमांडेंट रवि शंकर त्रिवेदी, जिला आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे, दैवीय आपदा लिपिक राना बेगम ने सोमवार को जनपद से 25 होमगार्ड की टीम को लखनऊ में आयोजित होने वाले विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण के लिए जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी प्रशिक्षित होमगार्ड जवानों को विभिन्न प्राकृतिक अप्राकृतिक आपदाओं के दौरान कुशल आपदा प्रबंधन को सुनिश्चित करने के साथ जनता की मदद करना है। इसके साथ ही भविष्य में आपदा पूर्व तैयारी पर आम जनमानस के मध्य समुदाय स्तरीय प्रशिक्षण भी इनके द्वारा प्रदान किया जा सकेगा। इस विशेष प्रशिक्षण को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, इटावा एवं राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) सम्पन्न कराएगा। प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु में बाढ़, भूकंप अथवा गैस लीक इत्यादि त्रासदी में किस प्रकार से लोगों का बचाव किया जा सके शामिल हैं। इन जवानों को किसी भी प्रकार की इमरजेंसी में स्थलीय आपदा प्रबंधन विषयक विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के समस्त संबंधित होमगार्ड को मेडिकल फिटनेस टेस्ट करने के बाद ही लखनऊ रवाना किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित ऊसरा अड्डा की महिलाओं ने सोमवार को सुंदरपुर वार्ड सभासद अविनाश कुशवाहा व ऊसरा अड्डा सभासद जितेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में कचहरी पहुंचकर प्रदर्शन किया जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कौशल कुमार को सौंपा। महिलाओं ने भेदभाव का आरोप लगाते हुये कहा कि क्षेत्र की महिलाओं की सुनवायी नहीं हो रही है। सभासद अविनाश कुशवाहा ने कहा कि वार्ड के विकास कार्य में अगर भेदभाव होगा तो बर्दास्त नहीं करेंगे, हर विकास कार्य के लिये आवाज़ उठाते रहेंगे। ज्ञापन के समय प्रवेश कुशवाहा, शिवा ठाकुर, मनीष, योगेश, सूर्या, कुलदीप, विकास, प्रदीप, श्रेष्ठ कुमार भी महिलाओं के साथ रहे।

### आज काला दिवस के रूप में मनायेगी भाजपा

**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** कांग्रेस द्वारा राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 50 वीं बरसी को भाजपा संगठन विरोध स्वरूप काला दिवस के रूप में मनाएगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्या ने बताया कि आज 25 जून 2024 दिन मंगलवार दोपहर 12 बजे भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की हत्या एवं मानवधिकारों का हनन सहित हुए अत्याचारों से अवगत करवाने हेतु एक वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में अजीत पाल इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। संगोष्ठी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरनाथ सिंह कुशवाह को जिला संयोजक बनाया गया है।

### सेंटमेरी में फादर शीजू जॉर्ज ने प्रिंसिपल का चार्ज लिया



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** सेंटमेरी इन्टर कालेज इटावा के नए प्रिंसिपल फादर शीजू जॉर्ज ने प्रिंसिपल का विधिवत चार्ज लिया। सेंटमेरी इन्टर कालेज में विगत कई वर्षो से संस्था को ऊंचाइयों तक ले जाने वाले सफल व मिलनसार प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ का स्थानांतरण हो जाने पर फादर शीजू जॉर्ज ने प्रिंसिपल का विधिवत चार्ज लिया। इस अवसर पर सेंटमेरी इन्टर कालेज के मैनेजर फादर बिंसन, वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन, सिस्टर जोस्मिन, सिस्टर नवीना सहित सेंटमेरी परिवार ने प्रिंसिपल फादर शीजू जॉर्ज को बुके देकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।

### मिस्टर मिस व किड्स इंडिया मॉडल हक़ सीजन 2 का हुआ आयोजन



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** प्लैटिनम प्रोडक्शन हाउस द्वारा इटावा में शो का आयोजन शहर के एक मैरिज होम में किया गया। कार्यक्रम की ऑर्गेनाइजर ज़ैद खान और रिजवान शेक ने बताया प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमे मॉडलिंग में जूनियर कैटेगरी में प्रथम बाबर, द्वितीय नूपुर, तृतीय अंश रहे। फीमेल मॉडल में प्रथम ख़ुशी, द्वितीय चंचल एवं तृतीय स्थान पर शगुन रही। पुरुष मॉडल मै प्रथम रेहान द्वितीय हिमांशु एवं तृतीय गुरु रहे। ब्लू अम्ब्रेला रेस्टोरेंट, मूनलाइट क्रिएशन, आशीर्वाद हॉस्पिटल, हीरोज सालोंन अन अकैडमी, लाइफस्टाइल जिम टीम आमिर और माया मेकअप स्टूडियो रहे सामिल। निष्कर्ष तिवारी और साहिल कुरेशी के द्वारा किया गया जजमेंट। प्लैटिनम प्रोडक्शन द्वारा फैसल शेख को बनाया गया ब्रांड एंबेसडर। इस इवेंट को सफल बनाने के लिए निशा शेख, तालिब, रेहान दिक्सा, साहिल, समीर, समीर डब्बू, आफ़रीन, अनम, शिम्मी, अरबाज, नौशाद, अंसार, फैजान सोना, नौशीन, कैफ ने की खूब मेहनत। सीनियर मॉडल का किरदार निभाया मिस्टर राज, कार्तिक, खुशी, महिमा, एकता सिंह, दीक्षा, हर्ष गुप्ता, समीर मार्क, मिथुन, सिम्मी और योगेश ने। मीडिया प्रभारी का प्रोडक्शन द्वारा सम्मान किया गया।

# केएमयू के कुलाधिपति को लीजेंड ऑफ यूपी के अवार्ड से किया गया सम्मानित

■ फ्री शिक्षा, फ्री चिकित्सा ही मेरा लक्ष्यः किशन चौधरी

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** एक न्यूज चैनल का सलाना कॉनक्लेव ''लीजेंड ऑफ यूपी'' का आयोजन किया। इस समारोह में केएम विश्वविद्यालय के चांसलर किशन चौधरी को लीजेंड ऑफ यूपी के अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के केबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, सांसद हेमा मालिनी, केन्द्रीय मंत्री एसपी बघेल, कथावाचक अनिरुद्ध आचार्य सहित कई धर्मगुरू शामिल हुए।

विदित रहे कि न्यूज चैनल ÷लीजेंड ऑफ उत्तर प्रदेश÷ के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मथुरा और उससे आगे उत्कृष्ट लोगों के बीच गर्व और एकता की भावना को प्रेरित करना है, जिससे उत्तर प्रदेश को एक राज्य बनाने में उनकी भूमिका को मजबूत किया जा सके। इसी को लेकर वृंदावन के रूक्मिणी बिहार स्थित एक होटल में लीजेंड आफ उत्तर प्रदेश का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन केबिनेट मंत्री, केन्द्रीय मंत्री तथा स्थानीय सांसद ने किया। इसके बाद सम्मान समारोह में मथुरा की प्रमुख हस्तियां, जिनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया, उपस्थित रहे। केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी को चैनल द्वारा लीजेंड ऑफ उत्तर प्रदेश अवार्ड से सम्मानित किया गया। चैनल पर चर्चा के दौरान कुलाधिपति से उत्तर प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास, मथुरा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उनके विश्वविद्यालय-हॉस्पिटल से संबंधित चर्चा की गई। शिक्षा को लेकर साक्षी द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा कि 2002 शिक्षा के क्षेत्र में इंटर कॉलेज खोलकर कदम रखा था। हमारे शहरी क्षेत्र में विश्वविद्यालय बहुत थे लेकिन देहात में नहीं थे, ग्रामीण क्षेत्र की बहिन-बेटियां एवं भाइयों को दूरी के साथ आर्थिक संकट भी था, जिसे दृष्टिगत रखते हुए केएम विवि की नींव रखी गई, जिससे हमारे यहां की बहिन बेटियां एवं भाई शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन सकें, अब बिना पढ़े मेरे क्षेत्र की कोई भी बहिन, बेटी व भाई अशिक्षित न रहे।

मेडिकल कॉलेज के एक प्रश्न का जबाव देते हुए उन्होंने कहा कि मैं जनता हूं कि दवाइयों में पैसा बहुत खर्च होता है, निम्न आर्थिक स्थिति के परिवार ज्यादा नहीं खर्च कर सकते, इसलिए हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। अब मेरा प्रयास है कि मेरे ब्रज में कोई बीमार और अनपढ़ न रहे।

निःशुल्क इलाज के लिए पूरे जनपद में 20 बसें प्रतिदिन मरीजों को निःशुल्क लेकर आती है, उन्हें उपचार के बाद उनके गतंव्य छोड़ने जाती है। इसी प्रकार से मथुरा के दर्जनों वृद्ध आश्रम मेरे द्वारा गोद लिए हुए हैं, जिनका पूरा खर्च वो स्वयं वहन करते हैं। मेरा मानना है कि आने वाले पांच वर्षों में मेरा विश्वविद्यालय प्रदेश में नम्बर वन पॉजिशन पर होगा क्योंकि मैं और मेरी पूरी टीम मेहनत कर रही है, उन्होंने आगे बताया कि पूरे जनपद के ग्रामीण अंचलों में ओपीडी खोली गई हैं, जिनमें एमबीबीएस और पीजी डाक्टर्स लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं। नीट परीक्षा, नई शिक्षा नीति और यूथ पर उन्होंने अपनी बेबाक राय रखी। कार्यक्रम में इस दौरान केएम विवि के रजिस्ट्रार पूरन सिंह भी चांसलर के साथ मौजूद रहे।

### वृक्षारोपण,गंगा,पर्यावरण समिति की बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ के निर्देशन में डीएफओ प्रवीण खरे की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति तथा जिला पर्यावरण समिति की बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में समस्त विभागों से भूमि चयन, वृक्षारोपण हेतु गड्ढा खोदान की प्रगति रिपोर्ट, गड्ढा मापांकन की व्यवस्था, रोपण स्थलों की फोटो तथा वीडियोग्राफी, वृक्षारोपण स्थलों का चयन ऐसी जगहों पर किया जाना तथा ऐसे पौधो का किया जाना जिनसे नदियों का पुनरोद्धार भी किया जा सके आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। सभी को निर्देश दिया गया कि अपने विभाग की कार्ययोजना तैयार कर ले। इस अवसर पर डीसी मनरेगा सुशील त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरख नाथ पटेल सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अब बतानी होगी वर वधू को मिले उपहारों की सूची

**मथुरा।** अब विवाह के बाद वर वधु को मिले उपहारों की सूची तैयार जमा करनी होगी। दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के तहत अब विवाह के एक महीने के अंदर दोनों पक्षों को विवाह में मिले उपहार की सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी को सौंपनी होगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी जनपद में जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी भी होता है। महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश ने दहेज उत्पीड़न की रोकथाम के लिए कुछ ठोस कदम उठाए हैं जैसे कि अब सभी मैरिज हॉल, बैंक्विट हॉल में इनका मोबाइल नंबर भी अंकित किया जाएगा। विवाह के पक्षकारों या माता पिता में से कोई या उनमें से किसी के द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिकारी को विवाह के एक महीने के भीतर सूची प्रस्तुत की जायेगी। अब से इस कानून का सख्ती से अनुपालन होगा और जिले में होने वाले सभी विवाह जो पंजीकृत हो या अपंजीकृत, उनके दोनों पक्षों को सूची बनाकर, दोनों पक्षों के हस्ताक्षर के बाद यह सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही जल्द ही सभी विवाह स्थल और गेस्ट हाउस के बाहर इसका बोर्ड स्थापित कराया जाएगा।

# ऑपरेशन जागृति में लव रिलेशन के प्रति किया जा रहा सचेत

■ ऑपरेशन जागृति के द्वितीय चरण मे गांवों में चलाया जा रहा है अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** ऑपरेशन जागृति के द्वितीय चरण में अभियान के अंतर्गत गांव गांव चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा गांव गांव जाकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए चौपाल लगाकर महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीड़न की रोकथाम के लिए समस्त थानों पर ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल व ऑपरेशन जागृति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों यथा प्रमुख चौराहों, कस्बों, प्रमुख बाजारों, मन्दिरों, शिवालयों, शॉपिंग मॉल आदि के आस पास गश्त, चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक किया जा रहा है। महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांवों, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थानों तथा मिशन शक्ति कक्ष में चौपाल लगाकर बालिकाओं को उच्चाधिकारियों के नम्बर्स व नारी सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि के बारें में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों के दुरूपयोग व झूठे मुकदमे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। लव रिलेशन के प्रति परिवारों, किशोर व किशोरियों को सचेत किया जा रहा है।

# 24 घंटे में करोडी चोरी का खुलासा

■ पुलिस ने शत प्रतिशत चोरी गया धन किया बरामद

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** फरह क्षेत्र में हुई करोड़ी चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी गई शतप्रतिशत नकदी को बरामद किया है। चोरी गये एक करोड रूपये, एक स्कूटी व चोरी की घटना में प्रयुक्त कटर मशीन भी बरामद की है। वहीं दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी की घटना के संबंध में थाना फरह पर आईपीसी की धारा 457, 380 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। 23 जून को मुकेश कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. राधेलाल निवासी कमला नगर आगरा मूल निवासी कस्बा फरह जनपद मथुरा ने कस्बा फरह में स्थित अंजनी नन्दन गैस सर्विस के बगल से स्थित इमारत में अपनी दुकान में रखे एक करोड़ रुपयों की दुकान के ताले तोड़कर तिजोरी काटकर चोरी कर ले जाने की तहरीर दी थी। लीला उर्फ लीलाधर की निशादेही पर चोरी किये गये 4,30,000 रुपये बरामद किये गये तथा अभियुक्त कृष्णकान्त से 92 लाख रुपये बरामद किये गये तथा घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गयी। अभियुक्त कृष्णकांत फरह कस्बे में ही प्ले स्कूल से लेकर कक्षा पांच तक न्यू स्मार्ट बचपन प्री स्कूल चलाता है जिसमें लगभग 250 से 300 बच्चे है। स्कूल मुकेश अग्रवाल के परिसर में किराये पर संचालित है। अभियुक्त कृष्णकांत द्वारा अलग से फराह मंदिर के पीछे अपनी जमीन पर स्कूल परिसर तैयार कराया जा रहा है। 28 मई को मुकेश अग्रवाल अपने पुत्र के साथ अपने परिसर में स्थित एक दुकान जिसमें उसके पिताजी दुकान करते थे उसमें एक तिजोरी वजन करीब पांच क्विंटल है। जिसमें एक करोड रूपये लाकर रखे थे। 16 जून की रात्रि में पांच घण्टे तक तिजोरी को काटा और पैसे निकाल लिये। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना फरह कमलेश सिंह, निरीक्षक अपराध मुस्तकीम अली थाना फरह, एसआई सुभाष चन्द्र थाना फरह, एसआई अभय कुमार स्वाट टीम मथुरा, एसआई अर्जुन सिंह थाना फरह, एसआई नितिन तेवतिया थाना फरह, एसआई मनोज कुमार थाना फरह, एसआई यूटी अमित चौहान थाना फरह, एसआई यूटी राज वर्मा थाना फरह आदि थे।

### रेल यात्रा वृत्तांत प्रतियोगिता में दस हजार रुपये होगा प्रथम पुरस्कार

**प्रयागराज।** रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) सभी भारतीयों के लिए हिंदी में रेल यात्रा वृत्तांत प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। इसमें पुरस्कार प्रदान किये जाने का प्रावधान है, जिसके तहत प्रथम पुरस्कार (एक) 10,000, द्वितीय (एक) 8,000 एवं तृतीय पुरस्कार (एक) 6,000 रुपये रखा गया है। प्रेरणा पुरस्कार जो कि पांच लोगों को दिया जायेगा वह 4,000 रुपये प्रत्येक के अनुसार प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता के लिये कुछ नियमों को प्रभावी किया गया है जिसके तहत रेल यात्रा वृत्तांत हिंदी भाषा में होना चाहिए और मौलिक होना चाहिए।

### माता पिता की सेवा जीवन का आधारः शास्त्री

**वृंदावन (मथुरा)।** माता पिता की सेवा को ही अपने जीवन का आधार बनाए. व्यास पार्थ भाई शास्त्री जय श्री राधे जय श्री राधे आज श्री बृज धाम आश्रम परिक्रमा मार्ग में चल रही है श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञमै व्यास पीठ पर विराजमान गुजरात के युवा कथा व्यास पार्थ भाई शास्त्री के द्वारा भारतीय संस्कृति एवं सनातनी संस्कृति के बारे में बहुत ही सुंदर वक्तव्य उनके द्वारा एक तरफ संत धर्म की ध्वजा को फैला रहे हैं एवं राजनेता जो राज्य के व्यवहार सुशासन की रक्षा करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं दोनों ही अपना कर्तव्य निष्ठा पूर्ण करें और भारत पुणे विश्व गुरु तरफ अपनी दृष्टि करें वैसी उनकी कल्पना और उज्जवल भारत का भविष्य संस्कृत में भविष्य बना रहे ऐसे श्री ठाकुर जी के चरण में प्रार्थना की। इस कथा में पधारे हुए मेहमान मानव सेवा संस्थान मुंबई के संस्थापक पूज्य स्वामी महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानन्द महाराज एवं विधान परिषद सदस्य ठाकुर ओम प्रकाश सिंह , निरंजन सिंह,अंकुर अग्रवाल, सदस्य पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ठाकुर राजेंद्र सिंह, उद्योगपति मुरारी ठाकुर , पत्रकार राजकुमार तोमर , विशिष्ट रूप से उपस्थित इस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में हुऐ सामिल इसी के साथ मैं सभी बृजवासियों का आभार एवं अभिनंदन करता हूं।

### केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी छात्र सभा मथुरा द्वारा राजकीय छात्रावास से जुलूस के रूप में गगन भेदी नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए नीट परीक्षा में हुई धांधली पेपर लीक की घटना की निंदा करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र की मांग व पेपर लीक करने के आरोपीयों पर कठोर करने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को संभोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सोंपा प्रदर्शन के दौरान सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष अंगद सिंह व महानगर अध्यक्ष रानू यादव ने संयुक्त रूप से कहा नीट परीक्षा का पेपर लीक करके भाजपा ने अपना राष्ट्रद्रोही होने का परिचय दिया है। छात्र विरोधी सरकार है केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को नैतिकता के आधार पर अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।अपने संबोधन में समाजवादी पिछड़ा वर्ग महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी व मथुरा वृन्दावन विधानसभा अध्यक्ष डा राजेंद्र प्रसाद लोधी ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर बार पेपर लीक कर धांधली कर रही है। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर भ्रष्टाचारी अत्याचारी लोगों का जमावड़ा बन गया है। प्रदर्शन के दौरान महानगर महासचिव अभिषेक यादव, देवकीनंदन कश्यप, मुन्ना मलिक पार्षद, पवन चौधरी, डा ओमवीर सिंह, आकाश यादव, रोहतास चौधरी, रामफल सिंह, राजेंद्र प्रसाद, अतुल शर्मा, इमरान अब्बास, नजर पहलवान, शिवम् यादव आदि उपस्थित रहे।

# पेन्टिंग विद् आयल कलर्स विशिष्ट कला शिविर का भव्य समापन

■ कलायें हमारे जीवन को सुन्दर और रसमय बनाती हैं : अन्विता तिवारी

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** सिद्धन रोड स्थित कला भवन में प्रख्यात चित्रकार ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा आयोजित 26 मई से 23 जून 2024 तक विशिष्ट कला शिविर पेन्टिग विद् आयल कलर्स का समापन आबकारी निरीक्षक अन्विता तिवारी के मुख्य आतिथ्य में एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या शान्ति मालवीय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। शिविर आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने शिविर में किये गये कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि इस शिविर में कलासाधकों से पिक्चर कम्पोजीशन में सुर साधिका, लैण्डस्केप में प्रकृति सौन्दर्य एवं एब्सट्रैक्ट पैन्टिंग में सियाराम कलाकृतियों को बनाया गया। एब्सट्रैक्ट पैन्टिंग सियाराम के विषय में बताते हुये उन्होंने कहा कि सिया और राम के बीच में जब सोने का मृग आया, और सीता ने स्वर्ण मृग की मांग की, तभी सीता का हरण हुआ और श्री राम व सीता को कष्टों का सामना करना पड़ा। बिरथरे ने बताया कि कलासाधना शिविर में कलासाधकों में अपने कार्य को पूर्ण करने की क्षमता एवं चिन्तनशीलता का विकास हुआ। शिविर के कलासाधको द्वारा बनाई गयी कलाकृतियों को देखकर उपस्थित अतिथि मंत्रमुग्ध हो गये। मुख्य अतिथि आवकारी निरीक्षक अन्विता तिवारी ने कहा कि बिरथरे जी के द्वारा कलाभवन में बनाये गये चित्रों को मैने देखा है, वह निश्चित रूप से प्रदेश एवं राष्ट्र के लिए गौरव का रूप है। ललितपुर एवं बुन्देलखण्ड में कलाशिविरों का आयोजन निश्चित रूप से आज की आवश्यकता है। चित्रसूत्र में चित्र कला को समस्त कलाओं में श्रेष्ठ कहा गया है। कला हमारे जीवन को सुन्दर और रसमय बनाती है, साथ ही वर्तमान समय में युवा पीढ़ी में बढ़ते हुए अवसाद और धैर्य की कमी का कारण युवा को निराशा व कुंठा की ओर ले जा रहा है, ऐसे में उनकी सृजनशक्ति को चित्रकला के माध्यम से उपयोग करके सृजनात्मकता की ओर ले जाकर उन्हें सकारात्मक बनाया जा सकता है। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के पूर्व कला भवन में लगी बिरथरे के चित्रों की प्रदर्शनी का परिवार सहित अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य ने कहा कि मात्र 29 दिनों में कलासाधकों द्वारा इतनी दक्षता प्राप्त कर लेना निश्चित ही सुखद प्रयास है। सेवा निवृत्ति के बाद से बिरथरे द्वारा कला प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रतिवर्ष दो निशुल्क शिविरों के आयोजनों के द्वारा कला साधकों को कला शिक्षण के द्वारा अच्छे चित्रकार बनाने की दिशा में उनका योगदान निश्चित ही सराहनीय है। इस अवसर पर कवि अखिलेश शांडिल्य द्वारा ओ.पी. बिरथरे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कवि अखिलेश शांडिल्य, मिशन बेटियाँ के संयोजक डा.विकास गुप्ता, कृष्णकान्त सोनी, मानव आर्गनाईजेशन के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., जयशंकर द्विवेदी, जगदीश पाराशर ने भी सम्बोधित किया। इस शिविर मे प्रतिभाग कर रहे 23 कलासाधकों को प्रमाणपत्र स्मृति चिन्ह देकर पुस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में इंजी.महेश प्रसाद बिरथरे एवं इंजी.शुभ विशेष का सहयोग रहा। इस अवसर पर गोविन्द व्यास, विनोद त्रिपाठी, उर्वशी साहू, अरविन्द नायक, सुरेश साहू, मुकेश पटेल, तरूण जामकर, अवधेश त्रिपाठी, अजयवीर सिंह, इंजी.रूचिका बिरथरे, गंगेले विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# भूमाफिया किस्म के दंबग व्यक्ति विधवा के प्लाट को जबरन बता रहे अपना

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा वृंदावन बरसाना गोवर्धन में मन्दिरों में दर्शन करने एवं तीर्थ यात्रा करने के लिए श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है।

वहीं उनकी सुख सुविधा के लिए जगह जगह पर धर्मशाला होटल बने हुए है।तो कुछ भूमफिया ने सस्ती जमीनों को लेकर बिल्डरों को अच्छे दामों में बेचकर अपना मुनाफा भी कमा रहे है।बस ऐसे ही लोभ के कारण भूमाफिया किस्म के दंबग व्यक्ति लाचार कमजोर लोगों की जमीन के गलत तरीके से कागजात तेयार कराकर अपने नाम करा लेते है।और फिर उनकी जमीनों को अपनी बताकर अपना कब्जा कर लेते है।और कोई बोलने की हिम्मत करता है तो फिर धमकी और अपने लोगो को भेजकर डराते और धमकाते है।जिससे बेचारा लाचार व्यक्ति उनके आगे कुछ बोलने की हिम्मत नहीं करता और न ही पुलिस शिकायत करने की हिम्मत जुटा पाता है।

फिर वही भूमाफिया किस्म के दंबग व्यक्ति उसकी जमीन को किसी बिल्डर या किसी अन्य व्यक्ति को बेचकर अच्छा मुनाफा कमाते है।ऐसा ही एक मामला थाना जेत क्षेत्र के सुनरख बांगर का है।

जहा बांके बिहारी कालोनी में मथुरा की रहने वाली एक विधवा महिला का प्लाट है।जब वो विधवा महिला महिला अपने प्लाट पर बेटे और बहू के साथ कार्य कराने जाती है तो भूमाफिया किस्म के दंबग व्यक्ति वहा आकर काम न करने की बात करते है।और कहते है कि यह प्लाट हमारा आप इस पर काम नही कर सकते।और कहते है कि इस प्लाट को हमे बेचकर चले जाओ।नहीं तो ये भी नहीं मिलेगा।वहीं पीड़ित विधवा महिला ने प्रशाशन से मदद की गुहार लगाई है।और कहा कि यह प्लाट उनके पति ने दस वर्ष पूर्व लिया था।जो कि मेरे नाम है।और कागजातों और नक्शा में भी उनका प्लाट है।फिर यह प्लाट इन लोगो का केसे हो गया।पीड़ित विधवा महिला ने मीडिया के माध्यम से कहा कि वह लोग जान से मारने की धमकी देते है पीड़िता ने दबग लोगो से छुटकारा दिलाने और अपने प्लाट में काम कराने की प्रसाशन से मदद की गुहार लगाई है।

# बारिश बिगाड़ देगी ऑस्ट्रेलिया का खेल? भारत को होगा फायदा



बारिश की वजह से अगर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाने वाला मुकाबला रद्द हो जाता है तो दोनों टीमों के खाते में एक-एक अंक जुड़ जाएगा। भारतीय टीम फिलहाल ग्रुप-1 में चार अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके पांच अंक हो जाएंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया दो अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है। उनके खाते में तीन अंक हो जाएंगे। यह उनका सुपर-8 में आखिरी मुकाबला होगा।

भारत का सोमवार को ऑस्ट्रेलिया से सेंट लूसिया में सामना होगा। इस मैच में भारतीय टीम अपने विजयी रथ को जारी रखना चाहेगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया जीत की पटरी पर लौटने की कोशिश करेगी। रविवार को उन्हें अफगानिस्तान के हाथों 21 रनों से करारी हार मिली। इससे उनके सेमीफाइनल में पहुंचने की राह कठिन हो गई है।

भारतीय टीम फिलहाल ग्रुप-1 की अंक तालिका में शीर्ष पर है। उन्हें सुपर-8 के अपने दोनों मैचों में जीत मिली है। मौजूदा टूर्नामेंट में दोनों टीमें पहली बार आमने-सामने होंगी। ऐसे में भारत अपना दबदबा बरकरार रखना चाहेगा। डैरन सैमी राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मुकाबले पर बारिश का संकट मंडरा रहा है। ऐसे में किस टीम को फायदा होगा और किसको नुकसान, आइये जानते हैं।

टी20 विश्व कप 2024 में अब तक भारत और दक्षिण अफ्रीका ही दो अजेय टीमें हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 31 टी20 मैचों में से 19 जीते हैं। अब दोनों टीमें सोमवार को आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला सेंट लूसिया में स्थानीय समयानुसार सुबह 10.30 बजे शुरू होगा। हालांकि, भारतीय समयानुसार यह मैच रात आठ बजे से शुरू होगा। इस मैच पर काले बादल मंडरा रहे हैं। भारत के सभी मैच अब तक सुबह के ही रहे हैं। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, सुबह के समय बारिश की 55 प्रतिशत संभावना है और तापमान 32 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। इस बात की पूरी संभावना है कि बारिश खेल बिगाड़ सकती है।


बारिश की वजह से अगर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाने वाला मुकाबला रद्द हो जाता है तो दोनों टीमों के खाते में एक-एक अंक जुड़ जाएगा। भारतीय टीम फिलहाल ग्रुप-1 में चार अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके पांच अंक हो जाएंगे और वह सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया दो अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है। उनके खाते में तीन अंक हो जाएंगे। यह उनका सुपर-8 में आखिरी मुकाबला होगा। इस मैच के रद्द होते ही अफगानिस्तान के पास बांग्लादेश को हराकर चार अंक और बेहतर नेट रनरेट के साथ सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका होगा। सेंट लूसिया के डैरेन सैमी स्टेडियम में अब तक 180 से ज्यादा मैच खेले जा चुके हैं और ज्यादातर मैचों में टीमों की तरफ से अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला है। अफगानिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज द्वारा बनाया गया 218 रन का स्कोर इस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए इस मैदान पर दूसरी पारी में 197 रन बने हैं। ऐसे में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाला मुकाबला हाई-स्कोरिंग हो सकता है।

# टूर्नामेंट में हार के बाद पीसीबी में बदलाव की तैयारी, खिलाड़ियों के लिए लिया जाएगा अहम फैसला



पाकिस्तान टीम का टी20 विश्व कप में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और टीम का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया था। पाकिस्तान में इस हार के बाद बड़े बदलाव की मांग चल रही है और टीम के लचर प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में बदलाव की तैयारी चल रही है। पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने पुष्टि की है कि अध्यक्ष मोहसिन नकवी कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के प्रदर्शन से नाराज हैं और उन्होंने टीम में व्याप्त अनुशासनहीनता के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया है। खिलाड़ियों के लिए आचार संहिता बनाने की तैयारी भी की जा रही है जो टूर्नामेंट के दौरान अपने परिवारों को साथ ले जाने और पैसे लेकर प्रचार कार्यक्रमों में जाने के लिए आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से सूत्र ने कहा, आप उम्मीद कर सकते हैं कि पीसीबी भविष्य में वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के कुछ अधिकारियों को बाहर कर देगा और खिलाड़ियों के लिए कुछ सख्त नीतियां भी लागू करेगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आईसीसी और अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं में अपने परिवारों को साथ ले जाने की अनुमति नहीं देने के बारे में नीतिगत निर्णय भी पीसीबी द्वारा जल्द ही घोषित किए जाने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, इतने सारे खिलाड़ी ना केवल अपनी पत्नियों और बच्चों को विश्व कप के लिए ले गए बल्कि उनके माता-पिता, भाई आदि भी टीम होटल में ठहरे जिससे अध्यक्ष नाखुश हैं। जब इस बारे में पूछताछ की गई कि खिलाड़ियों को अपने परिवार के सभी सदस्यों को दौरे पर ले जाने की अनुमति किसने दी तो पता चला कि इस निर्णय के पीछे बोर्ड के कुछ वरिष्ठ अधिकारी थे।

# जमशेदपुर एफसी ने मुय कोच खालिद जमील का करार दो साल के लिए बढ़ाया



एएफसी प्रो लाइसेंस धारी कोच खालिद 2017 में सुर्खियों में आये थे जब उनकी देखरेख में आइजोल एफसी ने आई-लीग का खिताब जीता था। उन्होंने पिछले सत्र के मध्य में जमशेदपुर के मुख्य कोच का पदभार संभाला था।

जमशेदपुर। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम जमशेदपुर एफसी (जेएफसी) ने मुख्य कोच खालिद जमील की सेवाओं को अगले दो वर्षों के लिए बरकरार रखने की सोमवार को घोषणा की। एएफसी प्रो लाइसेंस धारी कोच खालिद 2017 में सुर्खियों में आये थे जब उनकी देखरेख में आइजोल एफसी ने आई-लीग का खिताब जीता था। उन्होंने पिछले सत्र के मध्य में जमशेदपुर के मुख्य कोच का पदभार संभाला था। जब वह टीम से जुड़े थे उस समय जमशेदपुर एफसी अपने 11 में से केवल दो मैच जीत सका था।

उनकी नियुक्ति के बाद टीम के प्रदर्शन में सुधार आया और इस क्लब ने वापसी करते हुए 2024 कलिंगा सुपर कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने जमशेदपुर एफसी के कोच के तौर पर आईएसएल के अपने शुरुआती पांच मैचों में से तीन जीत और दो ड्रॉ का स्वाद चखा। इससे यह टीम लीग चरण के अंतिम मैच तक प्लेऑफ की दौड़ में बनी रही थी। खालिद ने 2025-26 सत्र के आखिरी तक चलने वाले करार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा, हम आईएसएल जीतना चाहते हैं। टीम के प्रति जबरदस्त समर्थन दिखाने वाले हमारे प्रशंसक इसके हकदार हैं। क्लब का सत्र पूर्व शिविर जुलाई में शुरू होगा।

## घर में वर्ल्ड कप जीतने का वेस्टइंडीज का सपना टूटा, दक्षिण अफ्रीका से हारकर टूर्नामेंट से हुई बाहर

नॉर्थ साउंड। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को बारिश से प्रभावित टी20 विश्व कप के सुपर 8 मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में हार से सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। वेस्टइंडीज ने 8 विकेट पर 135 रन बनाए थे। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था। खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। दक्षिण अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज की। उसने सुपर 8 में अपने तीनों में जीते और इस तरह से ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस ग्रुप से इंग्लैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा।

# उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप में पनामा पर 3-1 की जीत से अपना अभियान शुरू किया




मियामी गार्डन्स। उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप फुटबॉल का खिताब रिकॉर्ड 16वीं बार जीतने के लक्ष्य के साथ अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप सी में पनामा पर 3-1 की जीत के साथ की। उरुग्वे की टीम इस मैच में देश के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले दिग्गज लुइस सुआरेज के बिना मैदान में उतरी थी। मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 16वें मिनट में उरुग्वे का खाता खोला जबकि डार्विन नुनेज (85वें मिनट) और मैटियास विना (90+1 मिनट) ने आखिरी पलों में छह मिनट के अंदर दो गोल टीम की जीत को पक्का कर दिया। इस पूरे मैच में उरुग्वे का दबदबा रहे जो 20 बार पनामा की रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहा। इसमें से उसके सात प्रयास निशाने पर रहे और तीन गोल में बदले। पनामा के लिए अमीर मुरिलो ने स्टॉपेज समय (90+4 मिनट) ने गोल कर हार के अंतर को कम किया। ग्रुप सी के एक अन्य मैच में अमेरिका ने बोलीविया को 2-0 से हराया। उरुग्वे अब गुरुवार को न्यूजर्सी में बोलीविया का सामना करेगा जबकि इसी दिन अमेरिका के सामने पनामा की चुनौती होगी।

# अपनी शादी के दिन सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी मां की शादी की साड़ी पहनी, फिर लाल बनारसी में किया पति ज़हीर इकबाल संग जमकर डांस



बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने आखिरकार अपने लंबे समय के प्रेमी ज़हीर इकबाल से मुंबई में एक समारोह में शादी कर ली। हीरामंडी एक्ट्रेस ने अपने विवाह समारोह के लिए लाल रंग की बनारसी रेशमी साड़ी पहनी थी। वहीं दूल्हे ने पार्टी की रात के लिए सफेद शेरवानी चुनी। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा ने सभी बड़े ब्रांड और डिजाइनर परिधानों को छोड़कर अपनी मां की शादी की साड़ी को चुना। 9 जुलाई, 1980 को पूनम सिन्हा ने दिग्गज अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा से सफ़ेद आइवरी साड़ी में शादी की। और सोना ने भी अपने बड़े दिन के लिए वही साड़ी चुनी। दूसरी ओर, ज़हीर ने भी शादी समारोह के दौरान सफ़ेद आइवरी कुर्ता पहना था। बाद में सोनाक्षी ने अपने रिसेप्शन के लिए चमकीले लाल रंग की रेशमी साड़ी चुनी।

सोनाक्षी सिन्हा ने सबसे पहले शादी की तस्वीरें साझा कीं। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर एक दिल को छू लेने वाली पोस्ट के साथ लंबे इंतजार को खत्म किया। तस्वीरों में सोनाक्षी को अपने पिता की बांह पकड़े हुए देखा जा सकता है, जबकि ज़हीर को शादी के प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए देखा जा सकता है। जो लोग नहीं जानते, उनके लिए बता दें कि नवविवाहितों ने आज शाम सिविल मैरिज की। इसी दिन, सात साल पहले (23.06.2017) हमने एक-दूसरे की आँखों में प्यार को उसके सबसे शुद्ध रूप में देखा और उसे थामे रखने का फैसला किया। आज उस प्यार ने हमें सभी चुनौतियों और जीत के माध्यम से मार्गदर्शन किया है इस पल तक पहुँचाया है जहाँ हमारे दोनों परिवारों और हमारे दोनों देवताओं के आशीर्वाद से हम अब पति-पत्नी हैं। यहाँ प्यार, उम्मीद और एक-दूसरे के साथ सभी खूबसूरत चीजें हैं, अभी से लेकर हमेशा के लिए सोनाक्षी-ज़हीर, 23.06.2024 सोनाक्षी सिन्हा और ज़हीर ने 7 साल तक डेटिंग करने के बाद अपने रिश्ते को वैध कर दिया। इस जोड़े को नवंबर 2022 की फिल्म डबल एक्सएल में भी साथ देखा गया था। इस फिल्म में बॉलीवुड अदाकारा हुमा कुरैशी भी थीं और वह सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल की शादी में पहुंचने वाली पहली मेहमान थीं।

# सनी देओल और जेपी दत्ता की फिल्म की कहानी से उठा पर्दा, जानें किस युद्ध पर आधारित होगी नयी मूवी



गदर 2 की सफलता के बाद सनी देओल सातवे आसमान पर हैं। ढाई किलो का हाथ अभिनेता अब फिल्म उद्योग के सबसे व्यस्त सितारों में से एक हैं। उनके पास कई फिल्में हैं। सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक बॉर्डर 2 है। 1997 में, बॉर्डर ने बॉक्स ऑफिस पर जादू बिखेरा। सनी देओल, सुनील शेट्टी और अन्य अभिनीत युद्ध ड्रामा देशभक्ति से भरपूर थी और इसने बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। सालों बाद, जेपी दत्ता बॉर्डर 2 के साथ वापस आ रहे हैं। सनी देओल की मेजर कुलदीप की भूमिका के साथ सीक्वल की घोषणा की गई है।

ईटाइम्स के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, जेपी दत्ता ने सनी देओल की बॉर्डर 2 की कहानी और अन्य के बारे में कुछ बातें बताईं। उन्होंने खुलासा किया कि सीक्वल 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान लड़ी गई अन्य लड़ाइयों पर केंद्रित होगा।

फिल्म निर्माता ने जोर देकर कहा कि सशस्त्र बलों की बहादुरी और वीरता की कहानियाँ हमेशा प्रासंगिक रहेंगी क्योंकि हर कोई देश से प्यार करता है। उन्होंने आगे बताया कि बॉर्डर की सफलता इसलिए थी क्योंकि यह वीरता की कहानी थी। उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बल अपने हर काम में इतने प्रेरणादायक हैं कि अगर भावना को सही तरीके से पकड़ा और चित्रित किया जाए, तो यह लोगों के दिलों में जादू पैदा कर सकता है। साथ ही, मेरे अभिनेताओं ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। उन्होंने किरदारों को बहुत अच्छे से निभाया। जेपी दत्ता ने आगे बताया कि बॉर्डर 2 में देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी होगी। उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनकी पिछली फिल्मों की तरह ही लोगों को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने वाली संवेदनाएँ रखेगी। जेपी दत्ता ने यह भी बताया कि बॉर्डर 2 की कहानी उनकी बेटी निधि ने दो साल पहले लिखी थी।बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह करेंगे। सनी देओल के अलावा, आयुष्मान खुराना भी बॉर्डर 2 का हिस्सा हैं। शूटिंग शेड्यूल और अन्य जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

बॉर्डर 2 के अलावा सनी देओल के पास लाहौर, 1947, सफ़र जैसी फ़िल्में भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे रामायण का भी हिस्सा बनने जा रहे हैं। वे नितेश तिवारी की अगली फ़िल्म में भगवान हनुमान की भूमिका निभाएंगे जिसमें रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में हैं।

# रेस 4 के लिए कमर कस रहे हैं सलमान खान? एक्टर की फ्रैंचाइज़ में वापसी को लेकर रमेश तौरानी ने किए खुलासे



रेस एक बड़ी फिल्म फ्रैंचाइज़ है। सभी को यह फिल्म बहुत पसंद आई है और फिल्म के हर हिस्से को शानदार प्रतिक्रिया मिली है। रेस का हर हिस्सा हर बार लोकप्रिय हुआ है। रमेश तौरानी इस फिल्म के निर्माता रहे हैं। लोग अगली फिल्म की कहानी जानने के लिए बेहद उत्साहित हैं। अब, निर्माता रमेश तौरानी ने रेस 4 के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने बताया है कि क्या यह फिल्म आएगी और इस भाग के लिए कौन-कौन से कलाकार होंगे।

उन्होंने पीटीआई से बात की और पुष्टि की कि रेस 4 बन रही है। रेस 3 में, हमने सलमान खान को फ्रैंचाइज में प्रवेश करते देखा और इसने फिल्म को अगले स्तर पर पहुंचा दिया। लोगों ने फिल्म में भाईजान की एंट्री को खूब पसंद किया। पहली दो फिल्मों में सैफ अली खान मुख्य भूमिका में थे और तीसरी में सलमान खान थे

रमेश तौरानी ने खुलासा किया कि रेस 4 की स्क्रिप्ट तैयार है और वे जल्द ही कलाकारों की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि कास्ट नई होगी और वह इस पर टिप्पणी नहीं कर सकते कि सलमान खान इसमें शामिल होंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि फिल्म साल के अंत तक फ्लोर पर आ जाएगी और अभी यह तय नहीं हुआ है कि फिल्म का निर्देशन कौन करेगा। जो लोग नहीं जानते, रेस की पहली फिल्म में सैफ अली खान, कैटरीना कैफ, अक्षय खन्ना, बिपाशा बसु अहम भूमिका में थे। बाद में रेस 2 में सैफ अली खान, जॉन अब्राहम, दीपिका पादुकोण, जैकलीन फर्नांडिस, अनिल कपूर, अमीषा पटेल और अन्य लोग थे।

रेस 3 में सलमान खान, जैकलीन, साकिब सलीम, बॉबी देओल, अनिल कपूर, डेजी शाह और अन्य लोग थे। रमेश तौरानी ने यह भी खुलासा किया कि बॉबी देओल और प्रीति जिंटा स्टारर सोल्जर का सीक्वल बन रहा है। अर्जुन कपूर और सैफ अली खान स्टारर भूत पुलिस का भी स्पिन-ऑफ होगा।

# अमिताभ बच्चन से हो गयी बड़ी गलती! महानायक ने प्रभास के फैंस से हाथ जोड़कर मांगी माफी



नाग अश्विन ने कल्कि 2898 एडी के लिए बेहतरीन कास्टिंग की है। इस फ़िल्म से कई बड़े नाम जुड़े हैं। प्रभास और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में हैं। महानायक अमिताभ बच्चन फ़िल्म में अश्वत्थामा की भूमिका निभा रहे हैं। कमल हासन भी अहम भूमिका में हैं। इतने बेहतरीन कलाकारों के साथ, कल्कि 2898 एडी से बहुत ज़्यादा उम्मीदें हैं। यह वीएऊएक्स, एक्शन, रोमांच और बहुत कुछ से भरपूर है। अब, कल्कि क्रॉनिकल्स रिलीज़ हो गई है, जिसमें पूरी कास्ट ने फ़िल्म पर काम करने के अपने अनुभव साझा किए हैं। वीडियो में अमिताभ बच्चन प्रभास के प्रशंसकों से माफ़ी मांगते हैं। ऐसा क्यों? आगे पढ़ें।

जब अमिताभ बच्चन कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और निर्माताओं के साथ फ़िल्म पर चर्चा करने के लिए बैठे, तो उन्होंने अपने किरदार के बारे में अपनी पहली प्रतिक्रिया बताई। उन्होंने बताया कि जब नाग अश्विन ने कल्कि 2898 ई.डी. के साथ उनसे संपर्क किया, तो वे बस बिग बी के किरदार की एक तस्वीर लेकर आए। उन्हें यह भी दिखाया गया कि प्रभास कैसे दिखेंगे। उन्होंने आगे कहा, और मैं एक बहुत बड़ा आदमी था जो प्रभास को धक्का दे रहा था। प्रभास के सभी प्रशंसक, कृपया मुझे माफ़ करें। मैं हाथ जोड़कर माफ़ी मांग रहा हूँ। फिल्म में मैंने जो किया है, उसे देखने के बाद मुझे मत मारो। इस पर प्रभास और बाकी सभी लोग ज़ोर से हंस पड़े। प्रभास ने आगे कहा कि उनके सभी प्रशंसक अमिताभ बच्चन के भी प्रशंसक हैं।

अमिताभ बच्चन द्वारा नाग अश्विन की प्रशंसा करने के अलावा, कमल हासन ने बताया कि वे कैसे इसमें शामिल हुए। उन्होंने साझा किया कि उन्होंने निर्माताओं से पूछा कि वे स्टोरीबोर्ड पर जो कुछ भी डालेंगे, उसे कैसे बनाएंगे। फिर उन्हें अमिताभ बच्चन की फुटेज दिखाई गई और कमल हासन इस विचार से पूरी तरह सहमत हो गए।

कल्कि 2898 ्ष 27 जून 2024 को रिलीज़ होने जा रही है। हाल ही में फिल्म के प्रमोशन के लिए मुंबई में एक इवेंट रखा गया था। इस इवेंट में सभी सितारे शामिल हुए और दूसरा ट्रेलर लॉन्च किया गया। बताया जा रहा है कि फिल्म 600 करोड़ रुपये के बजट में बनी है।

# बच्चे को भावना व्यक्त करने के लिए प्रेरित करें

अभिभावकों को पता होना चाहिए कि उनके बच्चे की मनोदशा कैसी है। वह क्या सोचता है, उनके विचार या उनकी भावना का समझने के लिए जरूरी है कि बच्चा माता पिता से अपनी बातों को अभिव्यक्त करना जानता हो। अचानक से आप उनके किसी बर्ताव विशेष के बारे में पूछेंगे तो बच्चा आपसे सच बोलने में झिझकेगा। इसलिए प्रतिदिन उसे कुछ वक्त दें। बच्चा के दिन कैसा गया, दिनभर क्या किया, आदि सवाल उनसे पूछें। इससे वह अपनी बात व्यक्त करना सीखेंगे। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। बच्चे तनावग्रस्त रहते हैं और माता पिता के सामने इस बात को जाहिर नहीं कर पाते। बाल मन बहुत आसानी से अपनी आसपास की गतिविधियों से प्रभावित हो जाता है। बच्चों पर परिवार, आसपास के लोगों, स्कूल में सहपाठियों, फिल्मों और सोशल मीडिया का गहरा प्रभाव पड़ता है। बच्चे के विचार विकसित होने में समाज एक अहम भूमिका में होता है। वहीं माता पिता बच्चों की जरूरते पूरी करने व उनकी शिक्षा पर तो ध्यान देते हैं लेकिन अक्सर बच्चे की गतिविधियों को नजरअंदाज कर देते हैं। इससे उन्हें पता ही नहीं चलता कि बच्चे को किसी तरह की कोई समस्या है। कोविड काल में बच्चों की मनोस्थिति पर असर देखा गया। पिछले सालों में कई मामले सामने आए, जिसमें बच्चे छोटी छोटी बातों पर दूसरों या खुद को चोट पहुंचाने लगते हैं। लखनऊ में पब्जी को लेकर एक



बच्चे ने अपनी ही मां की हत्या कर दी और शव घर में छुपाए रखा। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए यूनिसेफ कई कार्यक्रम चला रहा है। आपको भी बच्चे के भविष्य और सेहत की चिंता है तो ये जानने का प्रयास करें कि क्या आपका बच्चा किसी तनाव में है। बच्चे के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए अभिभावकों को इन बातों पर ध्यान देना चाहिए। अभिभावकों को पता होना चाहिए कि उनके बच्चे की मनोदशा कैसी है। वह क्या सोचता है, उनके विचार या उनकी भावना का समझने के लिए जरूरी है कि बच्चा माता पिता से अपनी बातों को अभिव्यक्त करना जानता हो। अचानक से आप उनके किसी बर्ताव विशेष के बारे में पूछेंगे तो बच्चा आपसे सच बोलने में झिझकेगा। इसलिए प्रतिदिन उसे कुछ वक्त दें। बच्चा के दिन कैसा गया, दिनभर क्या किया, आदि सवाल उनसे पूछें। इससे वह अपनी बात व्यक्त करना सीखेंगे।

## गतिविधि पर नजर रखें

बच्चा किस तरह के कामों में रूचि रखता है, उसकी पसंद और नापसंद का ध्यान रखें। वहीं अगर बच्चे की गतिविधियों में बदलाव या उनके व्यवहार में कुछ अलग महसूस करें तो बच्चे से इस बारे में बात करें। यह जानने का प्रयास करें कि उनके बर्ताव में बदलाव की क्या वजह है। अक्सर जब बच्चे किसी परेशानी या दबाव में होते हैं, तो उन कामों में रूचि नहीं लेते, जो उन्हें पसंद होती है। वहीं चिढ़चिढ़ापन, गुस्सा होना, गुमसुम हो जाना आदि लक्षण नजर आने लगते हैं।

## बच्चे को समय दें

बच्चे के व्यवहार पर या उनके कोई दिक्कत है, इस पर आप तब ध्यान दे पाएंगे जब आप उन्हें प्रतिदिन अपना कुछ वक्त देंगे। अधिकतर माता पिता दिनभर के कामकाज में व्यस्तता के चलते पर बच्चे के उतना ध्यान नहीं देते, जितना उन्हें देना चाहिए।बच्चा अक्सर माता पिता की तवज्जो पाने के लिए भी ऐसे कार्य कर देता है, जो गलत होते हैं।

## अपनी भावना व्यक्त करें

महज बच्चे से सवाल-जवाब करने से उनकी मनोस्थिति को समझना आसान नहीं। हो सकता कि बच्चा किसी बात को लेकर डरा हो, उसने कोई गलती कर दी हो, और आपसे कहने में वह झिझक रहा हो। अभिभावक को चाहिए कि वह बच्चे को भरोसा दिलाएं कि वह उनके साथ हैं। आप क्या महसूस करते हैं, ये उन्हें बताएं और उन्हें भी प्रेरित करें।

## समझाएं

अगर आपको बच्चे की कोई बात पसंद नहीं आती, तो उन्हें डांटे नहीं बल्कि समझाएं। आपको आक्रोशित व्यवहार से वह डर जाएंगे और अगली बार अपनी बातें आपको बताने में संकोच करेंगे। धैर्य पूर्वक उनकी बातें सुनें और अच्छा करने पर तारीफ व कुछ गलत करने पर समझाएं। बच्चे को अपने कामों में शामिल करें। उनसे घर के कामों में आपकी मदद करने के लिए कहें।

# चिया सीड्स को अपने आहार में कैसे शामिल करें



वजन कम करने के लिए चिया सीड के फायदों के बारे में इंटरनेट पर आपको अनेकों लेख मिल जाएंगे। लेकिन क्या वास्तव में यह कारगर है? क्या चिया के बीज वास्तव में लोगों का वजन कम करने में मदद कर सकते हैं? चिया के बीज बहुत स्वस्थ होते हैं और इन्हें किसी भी चीज़ में मिलाया जा सकता है। इसका सेवन पेय के रूप में भी किया जा सकता है। इसके कई फायदे हैं और यह वजन कम करने में भी मदद करता है; बशर्ते, आप जंक फूड से हर कीमत पर परहेज करें। वजन घटाने में शक्करयुक्त और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को कम करना जरूरी है क्योंकि कोई भी अकेला भोजन आपको वजन कम करने में मदद नहीं कर सकता है।

## हाई फाइबर

चिया के बीज फाइबर में उच्च होते हैं, जो लंबे समय तक आपका पेट भरे रखने में मदद करते हैं और पचने में अधिक समय लेते हैं। यह आपकी क्रेविंग को खत्म करने में मदद कर सकता है, जिससे आपको कुछ भी खाने की जरूरत नहीं पड़ती और आपका वजन कम करने में मदद कर सकता है। साथ ही इनमें उच्च मात्रा में प्रोटीन होता है जो ओवरईटिंग को रोकने में मदद करके आपकी तृप्ति को बढ़ाता है और मीठे खाद्य पदार्थों के लिए आपकी लालसा को समाप्त करता है।

## चिया सीड्स को अपने आहार में कैसे शामिल करें

आप चिया सीड्स को जूस, पुडिंग, स्मूदी आदि में मिला सकते हैं। आप चिया सीड का पानी बनाकर ड्रिंक के रूप में इसका सेवन कर सकते हैं। इस ड्रिंक को बनाना आसान है। बस एक गिलास पानी में एक चम्मच चिया सीड्स मिलाएं, इसे हिलाएं और इस हेल्दी ड्रिंक को पिएं।अधिकतम लाभ लेने के लिए आप इसे अपने सलाद में शामिल कर सकते हैं। हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है चिया के बीज एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होते हैं जो हृदय रोगों के विकास की संभावना को रोकने में मदद करते हैं और आपके रक्तचाप को भी कम करते हैं और रक्त शर्करा के स्तर में सुधार करते हैं।

## हड्डियों के लिए अच्छा है

चिया के बीज में कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस होते हैं जो आपकी हड्डियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।

## पाचन संबंधी समस्याएं

यदि आप अधिक मात्रा में चिया के बीज का सेवन करते हैं तो आपको कब्ज, पेट दर्द, सूजन, दस्त और गैस जैसी पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। अगर आप कम फाइबर वाले आहार पर हैं तो आपको धीरे-धीरे चिया बीजों का सेवन बढ़ाना चाहिए। बहुत अधिक चिया बीज खाने से खून पतला भी हो सकता है। ऐसा उनमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड की वजह से होता है।

# स्नो वर्ल्ड आपके लिए एक बढ़िया विकल्प साबित होगा

कुछ ही दिनों में गर्मी का मौसम आने वाला है। ऐसे में अगर आप



चिलचिलाती धूप से राहत पाना चाहते हैं और नोएडा में बर्फ का मजा लेना चाहते हैं, तो स्नो वर्ल्ड आपके लिए एक बढ़िया विकल्प साबित होगा। सेक्टर 18 स्थित डीएलएफ मॉल में मौजूद ये स्नो वर्ल्ड एक थीम पार्क में मौजूद है, जहां आप स्कीइंग, आइस स्केटिंग, स्नो स्लेजिंग जैसी स्नो एक्टिविटीज का आनंद उठा सकते हैं। अगर आप इस वीकेंड खासतौर पर अपने बच्चों के साथ बिताना चाहते हैं, तो उन्हें नोएडा के स्टेलर चिल्ड्रन म्यूजियम ले जा सकते हैं। नोएडा सिटी सेंटर से लगभग 27 किमी की दूर ग्रेटर नोएडा पर मौजूद यह म्यूजियम खासतौर से बच्चों के लिए ही है। यहां आपको विज्ञान और शिक्षा से जुड़ी कई चीजें देखने को मिलेगी, जो बच्चों के लिए काफी उपयोगी भी साबित होगी। आप यहां सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक जा सकते हैं। रोज की भागदौड़ और थकान से दूर अक्सर लोग सुकून भरे पल बिताने के लिए वेकेशन प्लान करते हैं। लेकिन कई बार छुट्टियां न मिलने की वजह से लोग कहीं दूर वेकेशन पर नहीं जा पाते हैं। अगर आप भी इन्हीं लोगों में से एक हैं, जो छुट्टियों की कमी की वजह से कई बाहर घूमने नहीं जा पा रहे हैं और अगर आप नोएडा के रहने वाले हैं, तो हम आपको बताएंगे कुछ ऐसी जगहों के बारे में, जहां आप परिवार के साथ अपना वीकेंड सेलिब्रेट कर सकते हैं।

## सूरजपुर बर्ड सेंचुरी

अगर आप प्रकृति प्रेमी हैं और ऐसी ही किसी जगह घूमना चाहते हैं, तो नोएडा के सूरजपुर गांव में स्थित सूरजपुर बर्ड सेंचुरी जा सकते हैं। नोएडा सिटी सेंटर से लगभग 16 किमी दूर यह एक वाइल्ड लाइफ प्रिजर्व है। यहां आपको 180 से ज्यादा पक्षियों की प्रजातियों को देखने का मौका मिलेगा। यह सेंचुरी सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक पयर्टकों के लिए खुली रहती है।

## शहीद स्मारक

अगर आप किसी ऐसी जगह जाना चाहते हैं, जहां आपको गौरव और शौर्य का अनुभव हो, तो आप नोएडा के बुद्ध नगर में मौजूद शहीद स्मारक जा सकते हैं। देश के बलिदान दे चुके सैनिकों के सम्मान बना यह स्मारक हेक्सागोनल शेप में बना हुआ है। यहां आपको हथियारों, मिसाइलों, बंदूकों, टैंक, लड़ाकू विमानों के मॉडल भी देखने को मिलेंगे। यह स्मारक सुबह 5 बजे से लेकर रात 8 बजे तक खुला रहता है। बॉटेनिक गार्डन ऑफ इंडियन रिपब्लिक, जिसे बॉटेनिकल गार्डन के नाम से भी जाना जाता है भी

# इंस्टेंट ग्लो फेस पैक से पाएं निखार

**हम सभी ने कभी ना कभी अपने दोस्तों या खास लोगों से अचानक मिलने या पार्टी के लिए निमंत्रण पाया होगा। किसी पार्टी या कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लास्ट मिनट कॉल से हम सभी को घबराहट होने लगती है कि क्या पहने और कैसे दिखें।**

खासकर जब आप नियमित रूप से अपनी त्वचा की देखभाल नहीं कर पा रही हैं तब। इस दौरान क्लिंजर, मॉइस्चराइजर या फिर कोई मेकअप भी चेहरे में एक्स्ट्रा ग्लो नहीं ला पाते। ऐसी परिस्थिती में आपको में जरूरत होती है एक ऐसे इंस्टेंट ग्लो फेस पैक की जिससे आपका चेहरा दमकता हुआ नजर आए। हम सभी समय-समय पर अपने स्किनकेयर रूटीन को बदलते रहते हैं और यह DIY नुस्का आपको तत्काल चमक दिलाने के लिए एकदम सही मिश्रण साबित हो सकता है।

## इंस्टेंट ग्लो फेस पैक के लिए सामग्री

1 बड़ा चम्मच टमाटर का रस
1 बड़ा चम्मच मैश किया हुआ खीरा
1 बड़ा चम्मच मैश किया हुआ पपीता

## ऐसे बनाएं फेस पैक

इन सामग्रियों को अच्छी तरह मिलाएं और पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। इसे 30 मिनट तक चेहरे पर रखें और रस को रोमछिद्रों में ठीक से प्रवाहित होने दें। इसे धो लें और फिर आप अपना मेकअप लगा सकती हैं। इससे आपकी त्वचा कोमल महसूस होती है और मेकअप के लिए एकदम सही बेस मिलता है। हालांकि, आपको इस फेस पैक का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट करना चाहिए और देखना चाहिए कहीं आपको इनमें से किसी चीज से एलर्जी तो नहीं। अगर आपको टमाटर से एलर्जी नहीं है, तो यह फल मुंहासों को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है क्योंकि यह विटामिन सी, ए और के से भरपूर होता है। चेहरे पर तेल के उत्पादन को नियंत्रित कर सकता है और आपकी त्वचा को तरोताजा बनाकर मृत त्वचा कोशिकाओं को हटा सकता है। इसके अलावा, यह सूजन को भी शांत कर सकता है। खीरा सुस्त और शुष्क त्वचा को जीवंत करने में मदद करता है और आपको तुरंत चमक देता है। दूसरी ओर, पपीता हाइड्रेशन प्रदान करता है, जो त्वचा की कई समस्याओं का मुकाबला करता है। खीरा सुस्त और शुष्क त्वचा को जीवंत करने में मदद करता है और आपको तुरंत चमक देता है। दूसरी ओर, पपीता हाइड्रेशन प्रदान करता है, जो त्वचा की कई समस्याओं का मुकाबला करता है।



# प्राकृतिक तरीकों से मिटाने हैं चेहरे के दाग-धब्बे तो अपनाएं ये तरीके

बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल का असर लोगों के शरीर के साथ-साथ चेहरे पर भी दिखाई देता है। जिस तरह से खराब लाइफस्टाइल से शरीर आंतरिक रूप से कमजोर होता है, ठीक उसी तरह से बाहर के खान-पान और तनाव के चलते चेहरे पर कई परेशानियां दिखने लगती हैं। इसके अलावा हार्मोन्स के असंतुलन, तेज धूप या पिंपल्स के कारण चेहरे पर काले दाग-धब्बे हो जाते हैं, जिन्हें छुपाना आसान नहीं होता। इन सभी परेशानियों से छुटकारा दिलाने के लिए बाजार में तमाम तरह के प्रोडक्ट मिल जाते हैं, जिनमें काफी ज्यादा केमिकल भी पाया जाता है। ऐसे में ये फायदा पहुंचाने की बजाय नुकसान भी पहुंचा देते हैं। इसी के चलते ज्यादातर लोग चेहरे को चमकाने के लिए घरेलू प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने चेहरे के दाग-धब्बों को साफ कर सकते हैं।

## दही और नींबू

अगर आप दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो इस पैक के इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। इसे बनाने के लिए आपको दही में नींबू का रस मिलाने की जरूरत है। इनमें मौजूद ब्लीचिंग तत्व से चेहरे पर अच्छा असर दिखाता है।

## एलोवेरा जेल

अगर आपके पास पैक बनाने और इसे लगाने का समय नहीं है तो सिर्फ एलोवेरा जेल के इस्तेमाल से आप दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके इस्तेमाल से लिए आपको चेहरा धोने के बाद एलोवेरा जेल को सही से चेहरे पर लगाना है। आप चाहें तो इसके लिए ताजे एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## पपीता

अगर आपके चेहरे पर कई तरह के दाग-धब्बे हैं तो आप पपीते का इस्तेमाल कर सकते हैं। पपीते के इस्तेमाल से आप अपने चेहरे को स्क्रब कर सकते हैं।

## नींबू का रस

अगर आप आसानी से अपने घर पर चेहरे को साफ करना चाहती हैं तो नींबू के रस में चीनी मिलाकर स्क्रब करने से भी धब्बे हल्के होने में मदद मिलती है।

## हल्दी

हल्दी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा चमक उठेगा।

इसको लगाने के लिए बस आपको इसका पैक तैयार करना है और फिर इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करना है। कुछ ही दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

# कॉफी चर्बी कम करने में है मददगार




स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, कॉफी कई तरह की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करता है। कॉफी पर हुए कुछ अध्ययनों के मुताबिक, कॉफी का सेवन अगर सही मात्रा में किया जाए तो गंभीर रोगों में लाभ मिल सकता है। कॉफी के उच्च स्तर के एंटीऑक्सीडेंट और पोषक तत्व सेहत के लिए फायदेमंद हो सकते हैं। कई तरह की गंभीर बीमारियों का खतरा भी कॉफी पीने से कम हो सकता है। चलिए जानते हैं सही मात्रा में कॉफी के सेवन से होने वाला स्वास्थ्य लाभ।

## कॉफी मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद

साल 2014 स्टडी के मुताबिक, कॉफी का सेवन लोगों में टाइप-2 मधुमेह के खतरे को कम करता है। शोधकर्ताओं ने 48,000 से अधिक लोगों के डेटा अध्ययन में पाया कि जिन लोगों ने चार सालों में रोजाना कम से कम एक बार कॉफी का सेवन किया है, उनमें मधुमेह का खतरा 11 फीसदी तक कम हुआ है। लेकिन डायबिटीज रोगियों को डॉक्टर की सलाह से ही कॉफी का सेवन करना चाहिए। कॉफी ताजगी और ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने वाला पेय पदार्थ होता है। कई लोगों की नींद बिना कॉफी के खुलती ही नहीं। हालांकि कई रिपोर्ट्स में कॉफी के अधिक सेवन को नुकसानदायक बताया गया है। कॉफी में कैफीन नाम का मुख्य घटक पाया जाता है, जिस के अधिक सेवन से गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन अगर सही मात्रा में कॉफी का सेवन किया जाए तो शरीर के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है।

## कॉफी से लिवर कैंसर का जोखिम होता है कम

2019 में हुए एक अध्ययन के निष्कर्ष में कहा गया कि कॉफी के सेवन से लिवर कैंसर का खतरा कम हो सकता है। इसके पहले साल 2015 में अमेरिका में भी शोधकर्ताओं ने पाया था कि रोजाना दो से तीन कप कॉफी का सेवन करने से प्रतिभागियों में हेपैटोसेलुलर कार्सिनोमा और क्रोनिक लिवर रोग होने का जोखिम करीब 38 फीसदी तक कम हो सकता है।

कॉफी ब्लड प्रेशर को करती है नियंत्रित

कॉफी में पाया जाने वाला कैफीन का सही मात्रा में सेवन फायदेमंद भी होता है। कैफीन के सेवन से रक्तचाप और हृदय स्वास्थ्य को लाभ मिलता है। साल 2018 में हुए एक अध्ययन के मुताबिक, प्रतिदिन तीन से पांच कप कॉफी पीने से हृदय रोग का जोखिम 15 फीसदी तक कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि रोजाना एक से चार कप कॉफी पीने से दिल की बिमारी के कारण होने वाली मृत्यु दर में भी कमी आती है। कैफीन से शरीर की चर्बी कम होती है। इन दिनों फैट बर्निंग सप्लीमेंट्स में कैफीन पाया जाता है। कैफीन मेटाबॉलिज्म की दर को 3-11त्न तक बढ़ा सकता है। मोटे व्यक्तियों के फैट को कम करने में कॉफी असरदार है।

## होली के लिए अभी से तैयार करके रखें साबूदाना के पापड़


होली एक ऐसा त्योहार है, जिसमें हर कोई एक ही रंग में रंग जाता है। होली खेलने के बाद लोग एक-दूसरे के घर बधाई देने जाते हैं। ऐसे में लोग अपने घरों में तरह-तरह के पकवान तैयार करके रखते हैं। इन पकवानों में गुजिया, नमकीन, सेव, मठरी आदि चीजें शामिल होती हैं। इन सभी चीजों के अलावा होली पर चिप्स पापड़ बनाने की प्रथा भी है। हर घर में होली से पहले लोग तमाम तरह के चिप्स और पापड़ तैयार करते हैं। अगर आप भी पापड़ बनाने का सोच रहे हैं, तो साबूदाना के पापड़ एक बेहतर विकल्प है। साबूदाना का पापड़ बनाना बेहद आसान है और इसे आप एक बार बनाकर लंबे समय तक स्टोर करके रख सकते हैं। इसकी सबसे खास बात ये है कि इनका सेवन आप व्रत-उपवास में भी कर सकते हैं। तो चलिए देर ना करते हुए आपको साबूदाना का पापड़ बनाने की आसान रेसिपी बताते हैं।

**साबूदाना के पापड़ बनाने के लिए सामान**

साबूदाना - 1 कप
जीरा सेंधा नमक - स्वादानुसार

विधि- वैसे तो साबूदाना के पापड़ बनाना बेहद ही आसान है, लेकिन इसे बनाने की विधि सही तरह से पूरी करना बेहद जरूरी है। साबूदाना के पापड़ बनाने से पहले कई बार साबूदाना को अच्छी तरह से धो जरूर लें। साबूदाना धोने के बाद एक बड़े कटोरे में साबूदाना से तीन गुना पानी डालकर इसे भिगो कर रख दें। दो से तीन घंटे के बाद जब ये सही तरह से फूल जाए तो एक बड़े भगोने में पानी लेकर उसे उबालना शुरू करें। जब पानी में उबाल आ जाए तो इसमें भिगो कर रखा गया साबूदाना डालकर पकाएं।





# अनिद्रा को कम कर सकता है गोटू कोला

चिंता, तनाव और अवसाद को ठीक करने की इसकी कथित क्षमता के कारण, गोटू कोला का उपयोग उन बीमारियों के इलाज के लिए भी किया जा सकता है। कुछ लोगों का मानना है कि यह हर्बल दवा अनिद्रा और नींद संबंधी अन्य विकारों के इलाज के लिए एक सुरक्षित विकल्प है। हालांकि, इन निष्कर्षों की पुष्टि करने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है।

गोटू कोला वस्कुलर सिस्टम में दो कार्य करता है। सबसे पहले, पौधे का अर्क रक्त वाहिकाओं और केशिका की दीवारों की रक्षा और मजबूती प्रदान करता है। रक्त की कमी को रोक सकता है और संचार प्रणाली को अनुकूलित कर सकता है। दूसरा, यह रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है, जिससे शरीर के कई हिस्सों और महत्वपूर्ण अंग प्रणालियों में ऑक्सीजनेशन बढ़ जाता है। यह खराब रक्त परिसंचरण के लक्षणों को भी कम करता है, जैसे कि एडिमा, पैर में भारीपन और खराश जैसी समस्या कम होती है। गोटू कोला एक ऐसा बारहमासी पौधा है, जो एशिया में बड़ी आसानी से पाया जाता है। इसके संभावित स्वास्थ्य लाभों के कारण ही कई वर्षों से पारंपरिक चिकित्सा में इसका उपयोग किया जा रहा है। गोटू कोला को लेकर यह भी दावे किए जाते हैं कि यह पौधा घाव भरने में सहायता कर सकता है, सीखने की क्षमता बढ़ाता है और साथ ही रक्तचाप भी कम कर सकता है। असामान्य आकार की पत्तियां पौधे का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और इनका उपयोग आमतौर पर हर्बल दवाओं में किया जाता है।

चिंता से लेकर हृदय रोग तक विभिन्न प्रकार के रोगों के उपचार में इसका जैल, लोशन, गोली की खुराक, मलहम और अन्य रूपों में परिवर्तित कर के उपयोग में लिया जा सकता है। यह इसमें पाए जाने वाले अद्वितीय ट्राइटरपेनॉइड रसायनों (जिन्हें सैपोनिन्स भी कहा जाता है) में हाई कंसंट्रेटेड होते हैं। गोटू कोला का पौधा नम वातावरण में बढ़ता है और इसके पत्ते थोड़े सफेद या गुलाबी फूल पैदा करते हैं।एक संक्षिप्त नैदानिक जांच के निष्कर्ष से पता चला है कि गोटू कोला वृद्ध व्यक्तियों को लाभान्वित कर सकता है, जिनकी औसत आयु लगभग 65 वर्ष है। इससे वृद्ध लोगों का मिजाज बेहतर होता है। इसके अलावा, गोटू कोला से ध्यान, निर्णय लेने, सीखने और याद्दाश्त कमजोर जैसी समस्या का समाधान करने में लाभदायक है। यह मानसिक स्वास्थ्य को शांत करता है जिससे आक्रामकत भी कम होती है और मन शांत रहता है।

## त्वचा के लिए अच्छा

गोटू कोला में सैपोनिन्स होते हैं, जो त्वचा की बनावट में सुधार करते हैं और इनमें उच्च मात्रा में एंटीऑक्सिडेंट पाए जाते हैं। निशान, झुर्रियों और अन्य खामियों को कम करने की इसकी क्षमता ने कई कॉस्मेटिक और दवा कंपनियों को अपनी ओर आकर्षित किया है। अध्ययनों के अनुसार, गोटू कोला का उपयोग घाव, जलन और हाइपरट्रॉफिक निशान के इलाज के लिए भी किया जा सकता है।

## सोरायसिस के लक्षणों को कम करता है

गोटू कोला में त्वचा कोशिका प्रजनन को रोकने की क्षमता होती है। हालांकि, यह एक हाइपरप्रोलिफेरेटिव त्वचा रोग, सोरायसिस के लक्षणों को कम करने के लिए एक हर्बल उपचार के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

## गोटू कोला के दुष्प्रभाव

गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं, सर्जरी से गुजरने वाले और लिवर की समस्या वाले लोगों को गोटू कोला से बचना चाहिए। गोटू कोला के दुष्प्रभाव में त्वचा की एलर्जी शामिल है जिससे रेडनेस और खुजली शामिल है। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल की समस्या भी हो सकती है।

# नाजायज संबंध के कारण भाई की कर दी गला रेत कर नृशंस हत्या

**सनसनीखेज वारदात में दोस्त भी था शामिल, आरोपित गिरफ्तार**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के उसरौली गांव की दलित बस्ती के बगल बाग में सोमवार को युवक का गला रेतकर की गई नृशंस हत्या में वारदात को अंजाम देने वाला कोई दूसरा नहीं वल्कि उसका सगा छोटा भाई ही निकला। उसी ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर सहोदर भाई का गला रेत दिया था। घटना का कारण देवर भाभी के बीच अंतरंग संबंध बताया जाता है। मृतक के पिता द्वारा दी गई नामजद तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतक के भाई को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि उसका दोस्त अभी फरार बताया जा रहा है। घटनास्थल पर एसपी सिटी शैलेन्द्र कुमार सिंह सीओ शाहगंज अजीत सिह ने पहुंच कर घटना की जानकारी लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पीएम हेतु भेज दिया है। घंटे भर प्रयास के बाद शव की शिनाख्त शेराज अहमद निवासी गांव कपसिया के रूप में कर ली गई।

उसरौली गांव के कुछ ग्रामीण भोर में शौच को गये थे। जहां बाग में एक शव पड़ा देख शोर मचाने लगे। धीरे धीरे वहां सैकड़ों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। युवक का गला रेतकर कर नृशंसता पूर्वक उसकी हत्या की गई थी। घटनास्थल पर खून फैला हुआ था। वहीं बगल म्यान सहित चाकू , नायलान की रस्सी और तंबाकू भरी चुनौटी फेंकी मिली। शव को देखकर लगता था कि हत्या इसी स्थल पर की गई है। घटना जंगल की आग की तरह चारों ओर फैल गई। पड़ोसी गांव कपसियां के शिराज अहमद अपने छोटे भाई इरफान के साथ बाइक से रविवार की सायं लगभग साढ़े पांच बजे पट्टी नरेंद्रपुर बाजार गये थे। देर रात उनका भाई इरफान वापस घर लौट आया। रात में पिता के वापस न लौटने पर दूसरे दिन उसके 12 वर्षीय पुत्र जिसान और 8 वर्षीय पुत्र अकरम पिता की तलाश कर रहे थे। साथ में इरफान भी खोजबीन कर रहे थे।तभी उन्हें सूचना मिली कि उक्त बाग में एक शव मिला है। मृतक के दोनों बेटे भागते हुए घटनास्थल पर पहुंचे तो शव देखते ही बिलख बिलख कर रोने लगे। शिनाख्त के बाद पुलिस शव को पीएम भेज घटना की छानबीन शुरू किया। प्रभारी निरीक्षक दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मृतक के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी हत्या छोटे पुत्र इरफान ने किया है।

# मीरगंज के पांच लोगों की प्रयागराज में मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (मीरगंज)।** क्षेत्र के चौकीखुर्द गांव से रिस्तेदारी में गए हुए पांच बनवासियो की बाईक से लौटते समय डम्फर की चपेट में आने से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा प्रयागराज जिले के सरायममरेज थाना क्षेत्र के रस्तीपुर गांव में हुआ है।पुलिस ने डम्फर को कब्जे में लेते हुए ड्राइवर को हिरासत में ले लि या है।

चौकीखुर्द गांव निवासी विकास कुमार 19 वर्ष पुत्र बल्ली बनवासी बुढिया के इनारा से हण्डिया बारात गया था वहा से वह बारात से लौटने के बाद बाईक घर चौकीखुर्द लौट रहा था उसके साथ बाईक पर जनता देबी 26 पत्नी नमकीन बनवासी, सुंदरी 7 वर्ष पुत्री नमकीन,दीवाना 3 वर्ष पुत्र नमकीन, व नमकीन की नानी करियई 60 वर्ष निवासी बुढ़िया का इनारा सवार हो गये। पांचों एक ही बाइक से वापस घर चौकीखुर्द के लिए लौट रहे थे कि वह जैसे ही सरायममरेज के रस्तीपुर स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने पहुचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही डम्फर की चपेट में आ गए। जिससे बाइक से सभी गिरकर सड़क पर गिर गए जिससे उनकी डम्फर दबकर दर्दनाक मौत हो गयी।

सूचना पर पहुंचे सरायममरेज पुलिस ने मृतक के शवो को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक को हिरासत मे ले लिया। वहीं सड़क से गुजर रहे लोग हादसा देख हैरान रह गए। सूचना पर पहुची सरायममरेज थाने कीण पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन करने में छूट गई है। वही पुलिस ने ट्रक और चालक को पकड़ लिया हैं।

थानाध्यक्ष सरायममरेज योगेश प्रताप ने बताया कि मृतक के शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बनहरा, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 25-06-2024 से 01-07-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 02-07-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सन्तोष यादव**
**ग्राम प्रधान- बनहरा**
**वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**दीपक कुमार यादव**
**सचिव- बनहरा**
**वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत धिरौली नानकार, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 25-06-2024 से 02-07-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 03-07-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सुरेश यादव**
**ग्राम प्रधान- धिरौली नानकार**
**वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**दीपक कुमार यादव**
**सचिव- धिरौली नानकार**
**वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मूलकपुर, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 25-07-2024 से 03-08-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 04-08-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**रीमा**
**ग्राम प्रधान- मूलकपुर**
**वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**दीपक कुमार यादव**
**सचिव- मूलकपुर**
**वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रानीपुर, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 25-07-2024 से 04-08-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 05-08-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्सं ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सुबाष यादव**
**ग्राम प्रधान- रानीपुर**
**वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**रवि प्रकाश यादव**
**सचिव- रानीपुर**
**वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

# राजधानी में ग्लोबल अवार्ड्स ऑफ यूपी-2024 का हुआ आयोजन

**नई दिल्ली।** एनएफसीडी लिमिटेड और ग्रीन व्यू सोलर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड ने संयुक्त रूप से ग्लोबल



अवार्ड्स ऑफ यूपी-2024 और ग्लोबल रनवे फैशन वीक% का आयोजन किया। इस आयोजन में राजकीय पॉलिटेक्निक लखनऊ के छात्रों द्वारा डिज़ाइन किए गए परिधानों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मॉडलों ने पहन कर रैम्प वॉक किया। लखनऊ के निराला नगर स्थित द रेनेंट होटल में हुए इस कार्यक्रम में आयोजक समरेन्द्र प्रताप सिंह (कार्यकारी निदेशक, एन.एफ.सी.डी.) के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले महान विभूतियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्लम के गरीब बच्चो ने भी इस फैशन शो में भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पद्मजा चौहान अपर पुलिस महानिदेशक, विशिष्ट अतिथि के रूप में अर्चना गहरवार , रुचिता चौधरी , रत्नेश सिंह (निदेशक वित्त), विशिष्ट अतिथि अनिल सिंह गोमती रत्न सम्मान से विभूषित पूर्व प्रबन्धक नेशनल डिग्री कालेज लखनऊ एवं वर्तमान में राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय उदयपुर के कार्यपरिषद सदस्य के साथ ही कई प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रमुख समाजसेवी, प्रसिद्ध कलाकारों का समर्थन मिला। प्रसिद्ध अभिनेता अनिरुद्ध दवे,अन्तरराष्ट्रीय डिजायनर कीर्ती सिंह राठौर, पद्म श्री राम चेत चौधरी, संस्था उम्मीद की संस्थापक आराधना, रेड ब्रिगेड संस्था से उषा विश्वकर्मा, आकार-आईएस से संबंधित प्रमुख हस्तियों की मौजूदगी से कार्यक्रम को समृद्धि मिली। कार्यक्रम के आयोजक समरेन्द्र प्रताप सिंह (कार्यकारी निदेशक, एन.एफ.सी.डी.) ने कहा कि हमारा हमेशा से ही उद्देश्य रहा है कि हमारे देश की वह प्रतिभाएं जिन्हें अब तक उचित मंच नहीं मिल सका उन्हें दुनिया के सामने लाया जाए, जिसके तहत हमने देखा कि आज कैसे राजकीय पॉलिटेक्निक लखनऊ के छात्रों द्वारा डिज़ाइन किए गए परिधानों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मॉडलों ने पहन कर रैम्प वॉक किया।

## ग्लेनईगल्स बीजीएस हॉस्पिटल ने बनाया नया रिकॉर्ड

**लखनऊ।** ग्लेनईगल्स बीजीएस अस्पताल के द्विपक्षीय फेफडे के प्रत्यारोपण के बाद एक मरीज की सेहत में सुधार देखकर जल्दी डिस्चार्ज दिया गया है। थोरैसिक सर्जरी मरीज के लिए एक अत्याधुनिक इलाज साबित हो रहा हैं। इंटरस्टिशियल लंग फाइब्रोसिस से पिडित बांसठ वर्षीय आनंद कुमार पिछले कुछ महिनों से ऑक्सिजन पर थे।

उन्हें चलते और दैनिक गतिविधियां करते समय सांस लेने में तकलीफ होती हैं। छाती में संक्रमण के कारण एक महिने में उन्हें दो बार अस्पताल में भर्ती किया गया था। मरीज को फेफडे प्रत्यारोपण की जरूरत थी। इसलिए, वह कई महिनों से अंगदान के प्रतिक्षायादीवर थे। सौभाग्य, से समय रहते एक ब्रेनडेड मरीज का फेफडा मिला। तुरंत उनकी फेफडे की प्रत्यारोपण सर्जरी कराई गई। प्रत्यारोपण के बाद मरीज कुछ ही दिन में ठिक हो गया। मरीज की सेहत में सुधार देखकर डॉक्टरों ने उसे सर्जरी के 14 दिन बाद ही डिस्चार्ज दिया।ग्लेनईगल्स बीजीएस अस्पताल के हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट प्रोग्राम डायरेक्टर, एचओडी डॉ. अपार जिंदल ने मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहाँ की, ''मरीजों का तुरंत इलाज करने उन्हें नई जिंदगी देना हमारा मुख्य उद्देश है।'' ग्लेनईगल्स बीजीएस अस्पताल के निदेशक, एचओडी कार्डियोथोरेसिक और



वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) और हार्ट लंग ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. बालासुब्रमणि गोविनी ने कहाँ की, मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज करके उन्हे जल्दी डिस्चार्ज देना हमारा मुख्य उद्देश हैं। पश्चिमी मानकों के बराबर वैद्यकीय सेवा पोहचाने के लिए हम प्रयास कर रहे हैं। डॉ शुभम शर्मा, ट्रांसप्लांट पल्मोनोलॉजिस्ट और डॉ मंजुनाथ पी.एच., इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट की विशेषज्ञता और समर्पण का अभिन्न अंग था। बेंगलुरु स्थित ग्लेनईगल्स अस्पताल के क्लस्टर सीईओ बीजू नायर ने कहाँ की, प्रत्यारोपण सर्जरी के लिए प्रतीक्षा करने वाले मरीजों की जान बचाने के लिए अंगदान करना जरूरी हैं। और अंगदान के लिए लोगों में इसके महत्त्व के बारे में जागरूकता निर्माण करना आवश्यक हैं। क्योंकि अंगदान के माध्यम से किसी मरीज की जान बच सकती हैं। हम अंगदान के बारे जागरूकता बढ़ाने और अधिक लोगों को दाता बनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स फंड लॉन्च किया

**लखनऊ।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की जो निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स को ट्रैक करने वाली एक ओपन-एंडेड इंडेक्स स्कीम है यह फंड निवेशकों को एक विविध पोर्टफोलियो में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है जिसमें बड़े, मध्यम, छोटे और माइक्रो कैप के 750स्टॉक शामिल हैं जो भारतीय इक्विटी बाजार का 95प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) सोमवार, 24 जून 2024 को खुलेगा और शुक्रवार, 5 जुलाई 2024 को बंद होगा। बंधन निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जा सकता है। निफ्टी टोटल मार्केट इंडेक्स रणनीति पर विचार करने के मुख्य कारणों के बारे में बात करते हुए, बंधन एएमसी के सीईओ, श्री विशाल कपूर ने कहा कि टोटल मार्केट फंड कॉन्सेप्ट ने अपनी सरलता और व्यापक कवरेज के लिए वैश्विक लोकप्रियता हासिल की हैं।

# हर कुशल भारतीय पेशेवर एक चेंजमेकर और भारत का एम्बेसडर है: जयन्त चौधरी



**नई दिल्ली।** भारतीय नर्सों को ग्लोबल करियर के अवसरों से सशक्त बनाने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने आज जर्मन लैंग्वेज ट्रेनिंग के बी1 लेवल को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए 32 हेल्थकेयर प्रोफेशनल को सम्मानित किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य नर्सों को जर्मनी में सफल करियर और आजीविका के लिए आवश्यक भाषा कौशल से सुसज्जित करना है। यह डेवलपमेंट भारत को कुशल प्रतिभाओं के लिए ग्लोबल हब बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और स्किल इंडिया मिशन के तहत महत्वाकांक्षी रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करता है। स्किल इंडिया इंटरनेशनल पहल के तहत दो से तीन महीने का व्यापक रेजिडेंशियल ट्रेनिंग प्रोग्राम उन सभी उम्मीदवारों को दिया गया, जिन्होंने बीएससी नर्सिंग या जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) प्रोग्राम पूरा कर लिया है। पेशेवर जर्मन मूल के प्रशिक्षकों द्वारा संचालित यह कार्यक्रम सुनिश्चित करता है कि प्रतिभागियों को उच्च स्तरीय भाषा शिक्षा मिले। इस अवसर पर, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयन्त चौधरी ने कहा, भारत के पास बहुत बड़ा जनसांख्यिकीय लाभांश है, जो हमारे देश और ग्रामीण क्षेत्रों को 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था में बदलने की दिशा में एक स्पष्ट रास्ता है। इसके साथ ही, आज दुनिया में कौशल की कमी भी बढ़ रही है। सिकुड़ती ग्लोबल इकोनॉमी में भी, 2030 तक दुनिया में लगभग 8.5 करोड़ अवसर होंगे। और इनमें से कितने अवसरों को हमारे महत्वाकांक्षी युवा प्रोफेशनल लोग हासिल कर पाते हैं, यही हमारी अर्थव्यवस्था का भविष्य तय करेगा।उन्होंने आगे कहा कि, ÷वास्तव में, अकेले जर्मनी में, उनकी वृद्ध आबादी के साथ, उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए लगभग 18 लाख नौकरी के अवसर उपलब्ध होंगे। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम इन पदों को केन्द्रित तरीके से भरने के लिए सही अप्रोच अपनाएं, और स्किल इंडिया इंटरनेशनल का उद्योग जगत के साथ मजबूत संबंध इस कमी को पूरा कर सकता है। मैं प्रत्येक उम्मीदवार को बधाई देना चाहता हूं, क्योंकि आप में से प्रत्येक एक चेंजमेकर और भारत के एम्बेसडर हैं। मंत्री ने ग्लोबल स्किलिंग पावरहाउस बनने के भारत के मिशन के तहत विभिन्न देशों में 58,000 से अधिक कुशल भारतीयों की सफल नियुक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने विदेशों में रोजगार पाने के इच्छुक भारतीय युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण प्रदान करने में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और एनएसडीसी इंटरनेशनल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सफल उम्मीदवारों को बधाई दी और उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्लेसमेंट ऑफर सौंपे, जिससे उनमें फ्यूचर रोल के लिए आत्मविश्वास और उत्साह का संचार हुआ। सभी 32 उम्मीदवारों ने टीईएलसी के माध्यम से क्ष्1 जर्मन भाषा प्रशिक्षण उत्तीर्ण की है। उन्हें प्रमुख अस्पतालों और इम्प्लॉयर्स के साथ रखा जाएगा, जहाँ उन्हें प्रति माह 2300 से 2700 यूरो (2 लाख रुपए से अधिक) मिलेंगे, जिसमें B2 प्रशिक्षण भी शामिल है। जर्मनी में क्ष्2 पूरा करने के बाद, उनका वेतन लगभग 3 से 4 लाख रुपए तक बढ़ जाएगा।

जर्मन एम्बेसडर डॉ. फिलिप एकरमैन ने भारत के स्किलिंग इकोसिस्टम की प्रशंसा की और आशा व्यक्त की कि यह ऐसे कई अन्य अवसरों की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा, ÷जर्मनी में, विशेष रूप से हेल्थकेयर सेक्टर में, बढ़ता स्किल गैप एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इसलिए, हमें एक सॉल्यूशन खोजने की आवश्यकता महसूस हुई जो स्ट्रक्चर्ड माइग्रेशन है, जो न केवल स्किल गैप को पूरा करता है बल्कि हमें हेल्थकेयर इंडस्ट्री की मांगों को पूरा करने के लिए अपेक्षित गुणवत्ता भी प्रदान करता है। यहीं पर भारत की शिक्षा प्रणाली, मजबूत कौशल बुनियादी ढाँचा और व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम इस अंतर को पाटने में मदद कर रहे हैं। हम एनएसडीसी इंटरनेशनल के उनके मजबूत प्रयासों के लिए बेहद आभारी हैं क्योंकि केवल दो महीनों में, वे जर्मनी के लिए इस युवा कार्यबल को तैयार करने में कामयाब रहे।÷ माननीय मंत्री, जर्मन एम्बेसडर के साथ-साथ एमएसडीई के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी और एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी ने उम्मीदवारों को हवाई अड्डे तक ले जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाई और उनका मनोबल बढ़ाया।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में एनएसडीसी ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएसडीसी इंटरनेशनल के माध्यम से भारत को स्किल्ड वर्कर्स के एक भरोसेमंद स्रोत के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। एनएसडीसी इंटरनेशनल ने जर्मन लैंग्वेज ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए टैक्ट ग्रुप की कंपनी ऑक्सिला एकेडमी के साथ साझेदारी की थी और जर्मनी में उन्हें सही कैरियर के अवसर दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह पहल न केवल भारतीय नर्सों के लिए आकर्षक करियर के अवसर खोलती है, बल्कि जर्मनी में कुशल नर्सिंग पेशेवरों की बढ़ती मांग को भी पूरा करती है। स्किल इंडिया इंटरनेशनल इनिशिएटिव के तहत भारतीय युवाओं के कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता है, जिससे वैश्विक मंच पर उनकी सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।

## काजोल दिखेंगी टाटा साल्ट हिमालयन रॉक साल्ट के नए विज्ञापन अभियान में, बताया इसे 'देश का नंबर 1 रॉक साल्ट'

**नई दिल्ली।** भारत के ब्रांडेड आयोडीन युक्त नमक खंड में अग्रणी और मार्केट लीडर, टाटा साल्ट ने टाटा साल्ट हिमालयन रॉक साल्ट के लिए नया विज्ञापन अभियान लॉन्च किया है। जानी-मानी अभिनेत्री काजोल की मुख्य भूमिका वाले इस विज्ञापन अभियान में उन्हें उत्पाद की प्रशंसा करते हुए दिखाया गया है, जिसमें वह इसे 'देश का नंबर 1 रॉक साल्ट' बताती हैं।

काजोल, नमक की बेहतरीन गुणवत्ता की तारीफ करते हुए इस बात पर ज़ोर देती हैं कि भरोसेमंद टाटा ब्रांड का नमक होने के कारण यह बाज़ार में उपलब्ध दूसरे सेंधा नमक से बहुत अलग है। टाटा साल्ट के उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला में, टाटा साल्ट हिमालयन रॉक साल्ट उपभोक्ताओं को बेहतरीन गुणवत्ता का भरोसा दिलाता है। आयुर्वेद ने सदियों से सेंधा नमक के सेवन का परामर्श दिया है और अब सेंधा नमक टाटा साल्ट हिमालयन रॉक साल्ट के रूप में टाटा ब्रांड की गुणवत्ता के साथ आता है। इस ब्रांड के लिए उपभोक्ताओं के कई दशकों के विश्वास ने टाटा साल्ट हिमालयन रॉक साल्ट को देश का नंबर 1 रॉक साल्ट बना दिया है। अभिनेत्री काजोल ने इस गठजोड़ के बारे में अपनी टिप्पणी में कहा, टाटा साल्ट जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ जुड़ना खुशी और सौभाग्य की बात है, जिसे इस्तेमाल करती हुई मैं बड़ी हुई हूं। सेंधा नमक सेहतमंद होने के कारण भारतीय परंपरा का महत्वपूर्ण अंग रहा है, और इसके सेवन की सलाह आयुर्वेद में दी गई है। टाटा के भरोसे के आश्वासन के साथ, यह पूरे परिवार के लिए बेहतरीन उत्पाद है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स- इंडिया, दीपिका भान ने कहा, ÷टाटा साल्ट देश में ब्रांडेड नमक के मामले में अग्रणी कंपनी है, और उपभोक्ता इसे शुद्धता और गुणवत्ता के स्वर्णिम मानक के रूप में पसंद करते हैं। हम हिमालयन रॉक साल्ट में उसी गुणवत्ता को ला रहे हैं, ताकि उपभोक्ताओं को एक ऐसा ब्रांड मिले जिस पर वे भरोसा करें और सेंधा नमक खरीदना चाहें। हम सेंधा नमक की उभरती श्रेणी को मजबूत बनाने के लिए उत्साहित हैं।÷ ओगिल्वी के सीसीओ-वेस्ट, अनुराग अग्निहोत्री ने कहा, ÷टाटा साल्ट हिमालयन रॉक साल्ट का नया विज्ञापन अभियान, दाने-दाने में टाटा के स्थायी भरोसे को घर तक पहुंचाने की बात करता है। इस विज्ञापन अभियान को तैयार करने के लिए हमने बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री काजोल के साथ भागीदारी की, जो बेहद प्यारी सी शख्सियत हैं और जो टाटा के ब्रांड नाम की तरह ही भारत के दिल से जुड़ी हैं। टाटा साल्ट हिमालयन रॉक साल्ट पर यह नई डिजिटल फिल्म विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लॉन्च की जाएगी। इस फिल्म के ज़रिये, ब्रांड न केवल प्रीमियम नमक अपनाने के इच्छुक उपभोक्ताओं को आकर्षित करेगा, बल्कि रोजमर्रा के जीवन में सेंधा नमक के फायदों के प्रति सजग लोगों का भी पसंदीदा उत्पाद बनेगा।

## अक्षर योग केंद्र ने रचा इतिहास, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बनाए पांच गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** अक्षर योग केंद्र ने अपने संस्थापक और पूज्य हिमालयन सिद्ध योगी अक्षर के दूरदर्शी नेतृत्व में इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को पांच नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया। हजारों योग साधकों और समाज के विभिन्न क्षेत्रों के उत्साही लोगों ने बेंगलुरु स्थित अक्षर योग केंद्र में आयोजित योग कार्यक्रम में विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए नौकासन (बोटपोज), कौंडिन्यासन (सागाकौंडिन्यआसन), चक्रासन (व्हीलपोश्चर), नटराजासन (लॉर्डशिवापोज) और सूर्य नमस्कार (सनसैल्यूटेशन) सहित कुल सात योगासनों में प्रतिभाग किया। इन पांच आसनों (नौकासन, कौंडिन्यासन, चक्रासन, नटराजासन और सूर्य नमस्कार) में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। शेष दो आसनों में पॉजिटिव रेस्पांस है और रिजल्ट का इंतजार है। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना, एनसीसी, वायुसेना, कर्नाटक राज्य पुलिस के सदस्यों के साथ-साथ दिव्यांगों, अनाथालयों के बच्चों, व्यवसाय और कॉरपोरेट समुदाय के सदस्यों सहित 3000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हिमालयन सिद्ध योगी अक्षर ने कहा, आसन और तकनीक के अलावा, योग व्यक्ति




के बेहतर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की समग्र अवधारणा है। हमारा निरंतर प्रयास रहा है कि योग की प्राचीन प्रथा को नए शिखर पर ले जाएं और दुनियाभर में इसे घर-घर में लोकप्रिय कर देंता कि यह लोगों की दिनचर्या में शामिल हो जाए। योग दिवस के अवसर पर 20 देशों के लोगों की भागीदारी के साथ पांच नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना योग की अद्वितीय शक्ति का सम्मान है। यहां जो आसन किए गए, वे सभी के लिए बहुत लाभकारी हैं, खास कर महिलाओं के लिए, जो रोजमर्रा की जिंदगी में कई चुनौतियों का सामना करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य योग के बहुमुखी लाभों के बारे में जागरुकता बढ़ाते हुए वैश्विक एकता और सामूहिक उपलब्धि की भावना को बढ़ावा देना है। गिनीज रिकॉर्ड की आधिकारिक घोषणा के बाद, संचार मंत्रालय के तहत आने वाले डाक विभाग द्वारा एक विशेष कवर और पोस्टमार्क जारी करके इन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की उपलब्धि का जश्न मनाया जाएगा। हफ्तों तक व्यापक प्रशिक्षण के बाद, प्रतिभागियों ने इस योग कार्यक्रम में 30 सेकेंड से लेकर 5 मिनट तक की अवधि वाले ये आसन किए। नौकासन (बोटपोज), कौंडिन्यासन (सागाकौंडिन्यआसन), चक्रासन (व्हीलपोश्चर), नटराजन (लॉर्डशिवापोज) एवंसूर्यनमस्कार (सनसैल्यूटेशन) में क्रमशः 382, 352, 390, 595 एवं 1372 लोगों ने प्रतिभाग किया। यह सफल आयोजन योग के प्रति अक्षर योग केंद्र की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिसमें दुनिया भर से प्रभावी प्रशिक्षण और उत्साही भागीदारी शामिल है। इस 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाने के अलावा, अक्षर योग केंद्र ने योग की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन की गई गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की। गौरतलब है कि अक्षर योग केंद्र ने पिछले साल तीन अलग-अलग योगासनों वशिष्ठासन, उष्ट्रासन और हलासन को क्रमशः 45 सेकेंड, 60 सेकेंड और 90 सेकेंड की अवधि के लिए करने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था।

## स्प्राइट एग्रो लिमिटेड का राइट्स इश्यू खुला


**लखनऊ।** कृषि, कॉन्टैक्ट फार्मिंग, ग्रीनहाउस टेक्नोलॉजी सहित अन्य व्यवसायों में लगी अहमदाबाद स्थित स्प्राइट एग्रो लिमिटेड का 44.87 करोड़ रूपये का राइट्स इश्यू आज 24 जून, सब्स्क्रीप्शन के लिए खुल गया। इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों सहित कंपनी की विस्तार योजनाएं के लिए किया जाएगा। कंपनी का राइट इश्यू 19 जून, 2024 को 45.69 रूपये प्रति शेयर के बंद भाव की तुलना में रु. 13.4 प्रति शेयर की कीमत पर पेश किया गया था। राइट्स इश्यू 12 जुलाई, को बंद हो जाएगा। कंपनी एक रूपये के अंकित मूल्य के 3,34,84,611 पूरी तरह से भुगतान किए गए इक्विटी शेयर 13.4 रूपये प्रति इक्विटी शेयर की कीमत पर नकद में जारी करेगी, जिसका कुल मूल्य 44.87 करोड़ रूपये होगा। प्रस्तावित इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 1:15 पर तय किया गया है रिकॉर्ड तिथि 7 जून, 2024 को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 15 पूर्ण भुगतान वाले इक्विटी शेयरों के लिए एक रूपये के अंकित मूल्य का एक राइट्स इक्विटी शेयर)। ऑन-मार्केट अधिकार अधिकारों के त्याग की अंतिम तिथि 8 जुलाई है। 44.87 करोड़ रूपये की इश्यू से मिलने वाली आय में से, कंपनी 34.15 करोड़ रूपये कार्यशील पूंजी आवश्यकता के लिए और 10.32 करोड़ रूपये सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग करने का इरादा रखती है। 1994 में स्थापित, स्प्राइट एग्रो लिमिटेड, जिसे पहले टाइन एग्रो लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, कृषि और वानिकी कार्यों का विकास करती है। कंपनी स्वामित्व और या पट्टे पर लिए गए खेतों में विभिन्न कृषि और वानिकी फसलें, बागवानी फसलें, ग्रीनहाउस, नेट हाउस, औषधीय और सुगंधित पौधे लगाती है, उगाती है, खेती करती है, उत्पादन करती है और निर्माता, आयातक और निर्यातक, थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता और सभी प्रकार की कृषि एवं अन्य वस्तुओं के व्यापारी के रूप में काम करती है।

## प्रमुख एआई असिस्टेंट मेटा एआई ने अब भारत में प्रवेश किया

**नई दिल्ली।** मेटा एआई को मेटा Llama 3 के साथ बनाया गया है और यह दुनिया के सबसे अग्रणी एआई असिस्टेंट्स में से एक है। यह 12 से ज़्यादा देशों में लोगों के फोन में पहले ही मुफ्त में उपलब्ध है। और अब इसे भारत में अंग्रेज़ी में रोल किया जा रहा है। आप मेटा एआई का उपयोग व्हॉट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर, इंस्टाग्राम पर चीज़ें करवाने, कंटेंट निर्माण करने और आपके लिए महत्वपूर्ण चीज़ों से जुड़े रहने के लिए कर सकते हैं। हमने पहली बार मेटा एआई की घोषणा पिछले साल के कनेक्ट में की थी और अप्रैल से दुनियाभर के लोगों के लिए हम ल्यड्डद्बद्ब 3 से बने मेटा एआई का सबसे लेटेस?ट वर्जन लेकर आ रहे हैं। क्या आप दोस्तों के साथ रात को बाहर घूमने की योजना बना रहे हैं? आपके व्हॉट्सऐप ग्रुप चैट मैं ज़बरदस्त रिव्यू वाले और वीगन विकल्पों वाले रेस्टॉरेंट रिकमेंड करने के लिए कहें जहां आप और आपके दोस्त जा सकते हैं। क्या आप वीकएंड पर कहीं बाहर जाने का प?लान बना रहे हैं? मेटा आई से रोड ट्रिप के दौरान ठहरने की जगहों के बारे में आपको आइडिया देने के लिए कहें। क्या आप किसी परीक्षा के लिए याद कर रहे हैं? वेब पर मेटा एआई को अनेक विकल्पों वाली एक परीक्षा तैयार करने के लिए कहें। क्या आप अपने खरीदे हुए पहले अपार्टमेंट में शिफ्ट होने जा रहे हैं? मेटा एआई से आप जैसी खूबसूरती चाहते हैं उसे ÷ईमेजिन÷ करने के लिए कहें ताकि आप फर्नीचर शॉपिंग के लिए एआई जनरेटेड इमेजेस का एक मूड बोर्ड तैयार कर सकें। जब आप अपने फेसबुक फीड को स्क्रोल कर रहे हों, तब भी आप मेटा एआई एक्सेस कर सकते हैं। क्या आपको कोई ऐसी पोस?ट देखने को मिली है जिसमें आपकी दिलचस्पी है? आप पोस्ट से ही मेटा एआई को अधिक जानकारी के लिए पूछ सकते हैं। तो यदि आपने आइसलैंड में नॉर्दर्न लाइट्स की एक फोटो देखी है, तो आप मेटा एआई से पूछ सकते हैं के औरोरा बोरियलिस यानी उत्तर ध्रुवीय ज्योति देखने का साल का सर्वोत्तम समय कौन सा होता है। मेटा एआई के साथ सीधे इंटरैक्ट करते हुए या एक ग्रुप चैट में इमेजिन शब्द का उपयोग करके आप तस्वीरें बनाकर साझा कर सकते हैं। इमेजिन यह शब्द टेक्स्ट से ईमेज तैयार करने की हमारी योग्यता है जो आपको अपनी रचनात्मकता जगाने में सहायता करती है। आपके बच्चे की बर्थडे पार्टी के लिए आप एक मज़ेदार इन्विटेशन तैयार कर सकते हैं, या मज़ेदार तस्वीरें तैयार करने के लिए अपेन दोस्तों के साथ किसी विषय पर फटाफट बात कर सकते हैं।

# बिहार फिर से बन रहा उच्च शिक्षा का केंद्र

**नई दिल्ली।** बिहार की पहचान नालंदा यूनिवर्सिटी और विक्रमशिला यूनिवर्सिटी जैसे शिक्षा के ऐतिहासिक केंद्रों से जोड़ी जाती है। आधुनिक युग में भी एक समय पटना के साइंस कॉलेज, बीएन कॉलेज आदि का बड़ा नाम था। बाद में कई कारणों से बिहार में शिक्षा विशेषकर उच्च शिक्षा की स्थिति बदहाल हो गई। हालांकि पिछले कुछ सालों में परिस्थितियां तेजी से




बदली हैं। अब बिहार में कई प्राइवेट यूनिवर्सिटी विश्वस्तरीय शिक्षा मुहैया करा रहे हैं। सासाराम में स्थित गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी (त्नहस्) इनमें प्रमुख नाम है। यहां पढ़ चुके स्टूडेंट आज के समय में अमेजन, फ्लिपकार्ट और एचडीएफसी बैंक जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों में उच्च पदों पर काम कर रहे हैं। अमेजन में प्रोसेस एसोसिएट स्निग्धा त्रिपाठी कहती हैं कि जीएनएस यूनिवर्सिटी में आपके दायरे का विस्तार होता है और आप यहां के हर अनुभव से बेहतर बनते हैं। आपको यहां करियर की राह में आगे बढ़ने में हमेशा सहारा मिलेगा। एचडीएफसी बैंक में डिप्टी मैनेजर पद पर कार्यरत शुभम कुमार भी जीएनएसयू के छात्र रह चुके हैं। शुभम कहते हैं कि जीएनएसयू में बिताए गए हर पल शानदार रहे। जीएनएसयू में शानदार फैकल्टी है, जो बेहद को-ऑपरेटिव है। यहां स्टूडेंट और फैकल्टी के बीच आत्मीय संबंध स्थापित होता है, जिसने मुझे आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया। फ्लिपकार्ट के हब इंचार्ज शशिकांत अपने अनुभव के बारे में बताते हैं कि वह पहले जीएनएस यूनिसर्विटी में एडमिशन लेने से पहले घबरा रहे थे। अब उन्हें जीएनएस यूनिवर्सिटी में इनरॉल होने के अपने फैसले पर गर्व है। शशिकांत कहते हैं, मैंने जो शानदार अनुभव पाया है, उसे महसूस करने के लिए आपको भी यहां पढ़ना पड़ेगा। आपको बता दें कि इस यूनिवर्सिटी की स्थापना 2018 में हुई थी। यह यूनिवर्सिटी बिहार के सासाराम जिले में जमुहार में स्थित है। आज इस यूनिवर्सिटी से 12 कॉलेज संबद्ध हैं, जहां 400 से अधिक शिक्षकों की फैकल्टी 4000 से अधिक विद्यार्थियों को 60 से अधिक पाठ्यक्रम पढ़ा रही है। यूनिवर्सिटी में मेडिकल, पैरा-मेडिकल, नर्सिंग, फार्मेसी, कृषि विज्ञान, लॉ, पत्रकारिता एवं जन संचार, सूचना प्रौद्योगिकी, कॉमर्स (वाणिज्य), पुस्तकालय विज्ञान और प्रबंधन (मैनेजमेंट) के क्षेत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों की विश्वस्तरीय पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध है।

## ओप्पो ने 17,999 रुपये में ए3 प्रो पेश किया, जो ड्यूरेबिलिटी और क्वालिटी के नए मानक स्थापित कर रहा

**कानपुर।** ओप्पो इंडिया ने ओप्पो ए3 प्रो के लॉन्च की घोषणा की है, जो प्रीमियम डिज़ाइन के साथ ऑल-राउंड एंड्योरेंस के लिए तैयार किया गया है। इस नए ए-सीरीज़ स्मार्टफोन में ड्रॉप एवं इंपैक्ट रज़िस्टैंस के लिए डैमेजप्रूफ ऑल-राउंड आर्मर बॉडी, पानी एवं धूल के रज़िस्टैंस के लिए आईपी54 सर्टिफिकेशन, और गीले हाथों से उपयोग के लिए स्प्लैश टच टेक्नोलॉजी है। इसमें 120हट्ज़ अल्ट्रा ब्राइट डिस्प्ले, एआई लिंकबूस्ट, एआई इरेज़र, और 5100 एमएएच की शक्तिशाली आईपर एनर्जी बैटरी लगी है, जो 45 वॉट के सुपरवूक फ्लैश चार्ज और चार साल से ज्यादा लंबी उम्र के साथ आती है।

**अत्यधिक विश्वसनीयता और ड्यूरेबिलिटी**

ओप्पो ए3 प्रो की डैमेजप्रूफ ऑल-राउंड आर्मर बॉडी में मजबूत



आंतरिक संरचना और अनेक ड्रॉप रज़िस्टैंट सामग्री, जैसे स्क्रीन कवर के लिए ब्लू ग्लास डबल टैंपर्ड ग्लास है, जो फोन को रोजमर्रा के धक्कों और टूट-टूट से सुरक्षा प्रदान करता है। फोन के आंतरिक पुर्जों को धक्कों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए उनके चारों ओर बायोमिमेटिक स्पंज का गद्दा बनाया गया है। ए3 प्रो को अपनी अत्यधिक मजबूती के लिए एसजीएस ड्रॉप-रज़िस्टैंस सर्टिफिकेशन स्टैंडर्ड और एसजीएस मिलिटरी स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन दिया गया है।

गिरने से सुरक्षा प्रदान करने के लिए ओप्पो ए3 प्रो बॉक्स में नए डिज़ाइन के एंटी-ड्रॉप शील्ड केस के साथ आता है। ओप्पो लैब्स में किए गए परीक्षणों में यह डिवाईस टंबल ड्रम में 450 रोटेशन तक सुरक्षित पाई गई, जिससे बिना केस की तुलना में इसके 200 प्रतिशत ज्यादा सुरक्षित होने का प्रदर्शन होता है।

इसके अलावा, ओप्पो के स्प्लैश टच फीचर द्वारा फोन को गीले हाथों से उपयोग करना भी संभव हो गया है। इस टेक्नोलॉजी में एक टच चिप के अंदर आधुनिक टच डिटेक्शन एलगोरिद्म होती है, जो स्क्रीन के गीले होने पर टच की एक्युरेसी और रिस्पॉन्सिवनेस बढ़ा देती है। इसकी

## एसएंडपी ग्लोबल इंडिया ने काम करने के लिए भारत की 100 सर्वोत्तम कंपनियों में लगातार चौथे वर्ष जगह बनाई

**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल इंडिया को ग्रेट प्लेस टु वर्क इंस्टीट्यूट ने2024 के लिए कामकरनेकेलिए भारत की 100 सर्वोत्तम कार्यस्थल में 47वें पायदान पर रखा गया है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब कंपनी ने देश में शीर्ष 100 अग्रणी कंपनियों में जगह बनाई है और लगातारदूसरावर्ष है जब 50 अग्रणी कंपनियों में जगह बनाई है इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए एसएंडपी ग्लोबल के भारतीय परिचालन की प्रबंध निदेशक नीलम पटेल ने कहा, हम वर्ष 2024 के लिए काम के लिहाज़ से भारत की शीर्ष कंपनियों में 47वें पायदान पर खुद को पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। शीर्ष 50 में स्थान प्राप्त करना उन असाधारण लोगों का प्रमाण है जो एसएंडपी ग्लोबल इंडिया को काम के लिहाज़ से एक महान स्थल बनाने में योगदान करते हैं। हम निरंतर एक ऐसी संस्कृति के निर्माण पर काम करते रहे हैं जहां हमारे सहकर्मी यह महसूस करें कि उनके पास एक सार्थक प्रभाव का निर्माण करने का अवसर है। इस उपलब्धि पर एसएंडपी ग्लोबल के उपाध्यक्ष एवं रीजनल पीपुल लीड, भारत एवं एपीएसी तनुज गुप्ता ने कहा, एसएंडपी ग्लोबल में हम लगातार चौथे वर्ष ग्रेट प्लेस टु वर्क की ओर से यह पहचान प्राप्त कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह पहचान हमें हमारे मिशन पर केंद्रित रहने और हमारे लोगों की बेहतरी एवं विकास को प्राथमिकता देकर काम के लिहाज़ से भारत की सर्वोत्तम कंपनियों में से एक बने रहने के लिए प्रेरित करता है। वर्तमान में एसएंडपी ग्लोबल इंडिया में अहमदाबाद, हैदराबाद, गुरुग्राम, बेंगलूरू, मुंबई, नोएडा और इंदौर में कंपनी के कार्यालयों में 14,000 से अधिक लोग कार्यरत हैं।

# जमीन पैमाईश के दौरान पुलिस द्वारा युवक को पीटने का वीडियो वायरल

## राजस्व विभाग द्वारा एक पक्षीय कार्यवाई का युवक ने किया विरोध

अवधनामा संवाददाता

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** चौराखास थाना क्षेत्र में एक गांव में जमीन पैमाईश के दौरान एक पुलिस द्वारा एक युवक के पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमे आरोप लगाया जा रहा है कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा एक पक्षीय कारवाई का विरोध करने पर उक्त युवक को पुलिस द्वारा पीटा जा रहा है। वायरल वीडियो में युवक द्वारा लेखपाल पर पैसा मांगने का भी आरोप लगाया जा रहा है। जनसंदेश इस वीडियो की पुष्टि नहीं कर रहा है।

वायरल वीडियो में यह आरोप लगाया गया है कि कसया तहसील क्षेत्र रहसू जनुबीपट्टी में लेखपाल पुलिस बल के साथ एक जमीन की पैमाईश करने पहुंचे है। जिसमें एक पक्ष से पैसा लेकर उसके हक में गलत तरीके से पैमाईश कर देने पर दूसरे पक्ष द्वारा उसका विरोध किया गया इसी पर पुलिस उस युवक को मार रही है। पीड़ित ने एक वीडियो वायरल कर यह भी आरोप लगाया है कि पैमाईश के पहले लेखपाल हमारे पास आए थे और मुझसे कहे कि पैसे का व्यवस्था करो नहीं तो तुम्हारा काफी नुकसान हो जायेगा। अपनी आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए उसने पैसा देने से मना कर दिया इसी से नाराज लेखपाल के कहने पर पुलिस मेरे साथ ज्यादती की है। मेरे बड़े भाई को गिरफ्तार कर जेल भी भेजवा दिया गया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया की पुलिस द्वारा मारे पीटे जाने का आरोप निराधार है। आरोपी पुलिस के मौजूदगी में लेखपाल से बदतमीजी कर रहा था जिसके बाद पुलिस उसे अपने साथ लेती आई तथा शान्ति भंग के अंदेशा ने चालान कर न्यायालय भेज दिया।



# फर्जी आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** साइबर अपराध के माध्यम से फर्जी आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया है। इस फर्जीवाड़ा में शामिल तीन साइबर अपराधियों को चेकिंग के दौरान अहिरौलीदान तिराहा के बंधे पर पीपल के वृक्ष के पास से गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया है। अभियुक्तों के पास से पुलिस टीम ने एक लाख नगदी व भारी मात्रा में अन्य सामान बरामद किया है। इस अभियान में तरया सुजान पुलिस व साइबर सेल टीम शामिल रही।

सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए एडिशनल एसपी अभिनव त्यागी ने बताया कि यह गैंग फर्जी आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र बनाकर साइबर अपराध करने में लिप्त है तथा इस गैंग के शातिर साइबर अपराधी हैं जो आपस मे मिलकर साइबर अपराध के संगठित गिरोह में सम्मिलित होकर बिहार प्रान्त के भोरे थाना क्षेत्र का रहने वाला नीरज प्रसाद व झारखण्ड प्रान्त का रहने वाला डाकघर कर्मचारी दीपक कुमार इस गिरोह में मिलकर काम करता है। गिरोह का सदस्य नीरज अपने AADHAR ENROLLEMENT पर दीपक कुमार के आईडी द्वारा काम करता है। विदित है कि लोगों के आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया सरकारी तौर पर भारतीय डाकघर द्वारा भी होती है। ये लोग भिन्न-भिन्न सरकारी कर्मचारी की आईडी प्रयोग करते है। ये लोग विभिन्न प्रदेशो के विभिन्न जिलों को सरकार द्वारा आवंटित आईडी का भी प्रयोग साइबर फ्राड के लिए करते हैं। इनके द्वारा साइबर फर्जीवाड़ा एवं अपराधिक कृत्य कर अब तक 500 (पांच सौ) से ऊपर कूटरचित फर्जी आधार कार्ड/जन्मप्रमाण पत्र बनाया जा चुका है। इस साइबर अपराधिक कृत्य से लाखों रूपए का अवैध धन अर्जित कर चुके है। यह साइबर गैंग ऐसे स्थानों को चिन्हित करते है जहां पर आधार बनाने वाली सरकारी संस्थायें काफी दूर स्थित होती है, दूर जाना न पड़े इसलिए जनता के भोले-भाले लोग परेशानियों से बचने के लिए आधार कार्ड बनाने के लिए इन्ही के यहा बांकखास में भीड़ लगाकर इनके द्वारा दिए गए लालच में आकर जन्मप्रमाण पत्र व आधार कार्ड में जन्मतिथि को आधार कार्ड में दिनांक व समय बदलवाकर प्रमाण पत्र कई गुना रुपया लेकर बनाकर देते है। ये लोग कूटरचित व फर्जी अस्पतालों का नाम जहां पर उस व्यक्ति का जन्म हुआ है वो भी फर्जी डेटा अस्पताल के नाम सहित समय व तिथि को एडिट कर देते है। बेबसाइट पर लागिन कर किसी भी व्यक्ति की आवश्यकता अनुसार फर्जी लागिन आईडी और पासवर्ड दर्ज कर फर्जी डेटा फीड कर देते है और क्यूआर कोड आटोमेटिक जनरेट हो जाता है। इसी कूटरचित जन्मप्रमाण पत्र का प्रयोग कर उक्त आधार इनरोलमेन्ट नम्बर तैयार कर तुरन्त दे देते है। इनरोलमेन्ट के 72 घण्टे बाद आधार जनरेट होता है परन्तु इस गैंग द्वारा इलेक्ट्रानिक उपकरणो में छेड़छाड़ कर 72 घण्टे से पहले ही डेटा को सिंक कर दिया जाता है जिससे भोले-भाले लोगों को थोड़े ही देर में वह व्यक्ति आसानी से बिना देर किये अपनी उद्देश्यो की पूर्ति के लिए मनचाहे जन्मतिथि पर आधार कार्ड प्राप्त करा देता है। इससे ये लोग काफी अधिक धन अर्जित करते हैं तथा फर्जीवाड़ा द्वारा अर्जित अवैध धन का बंटवारा कर लेते है। पकड़े गए अभियुक्तों में रोहित कुमार सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी बांकखास थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर, मुकेश सैनी पुत्र पारस सैनी निवासी सिसवा अव्वल थाना तरया सुजान व विकास कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. सुशील नाथ श्रीवास्तव निवासी सेमरा बाजार थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार शामिल है।



फर्जीवाड़ा का खुलासा करते एडिशनल एसपी अभिनव त्यागी

### अभियुक्तों के पास से बरामद हुआ सामान

पुलिस ने अभियुक्तों के पास से एक लाख रुपए नगद के अलावा एक कूटरचित फिंगर क्लोन थम्ब (बायोमैट्रिक), एक कूटरचित आई रेटिना क्लोन पेपर, दस कूटरचित मोहरे भिन्न भिन्न अस्पतालो की, छः कूटरचित जन्म प्रमाण पत्र भिन्न-भिन्न अस्पतालो के, दो लैपटाप, चार मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कंपनियों के, दस फर्जी सिम एयरटेल टेलीकाम कम्पनी के, एक फिंगर प्रिन्ट स्कैनर, एक आई स्कैनर (कनेक्ट डिवाइस), एक सीपीयू, दो कीबोर्ड, दो मॉनिटर, दो माउस, एक वेब कैमरा, दो प्रिंटर, एक दो पहिया मोटरसाईकिल बरामद हुई है।

**अभियुक्तों के पास से नगदी समेत भारी मात्रा में उपकरण बरामद**

# खोए हुए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर लौटी मुस्कान



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जनता के खोए हुए 106 मोबाइल फोन सर्विलांस टीम ने बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिया। खोए हुए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। सोमवार को प्रेसवार्ता के दौरान एडिशनल एसपी अभिनव त्यागी ने जनता के खोए हुए मोबाइल उनके स्वामियों को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल द्वारा जनता के खोए हुए मोबाइल के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों व C.E.I.R. पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर सर्विलांस सेल को गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में सर्विलांस सेल की टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुए जनपदीय, गैर जनपदीय व गैर प्रान्तो से कुल 106 विभिन्न कम्पनियों के मल्टी मीडिया मोबाइल सेटों को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई। बरामद किए गए मोबाइल सेटों की कुल कीमत लगभग 30 लाख रुपए है। बरामद मोबाइल सेटों को पुलिस कार्यालय के सभागार में उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

## कमालपुर में साक्षरता एवं सहायता शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनउ द्वारा प्रस्तावित एक्शन प्लान एवं जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार के निर्देशन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में पंचायत भवन-कमालपुर में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल की अध्यक्षता मे वैवाहिक मामलों, वैकल्पिक विवाद समाधान एवं महिलाओं के अधिकार विषय पर साक्षरता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं को उनके अधिकार, घरेलू हिंसा एवं वैवाहिक मुकदमों के बारे में विस्तार से बताया गया।इस अवसर पर तहसीलदार पुष्पेन्द्र गौतम, नायब तहसीलदार अंकिता पाठक, पी0एल0वी, श्रीमती ममता देवी व श्रीमती संगीता कुशवाहा एवं ग्राम प्रधान श्रीमती रामरती सहित ग्राम की अन्य महिलायें उपस्थित रहीं।

# वीरांगना रानी दुर्गावती का मनाया गया बलिदान दिवस

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** सोमवार को वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर नगर पालिका परिषद कुशीनगर के सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम गौड़ समाज के तत्वधान में आयोजित हुआ। सभी लोगो ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि महान वीरांगना रानी दुर्गावती ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर किए और अपने शौर्य और साहस से वीरता की एक नई इतिहास लिखी। उनका साहस और बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। यह राष्ट्र स्वदेश एवं स्वधर्म के लिए आपके अतुल्य बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। वीरांगना रानी दुर्गावती ने न केवल अकबर की सेना को तीन बार परास्त किया अपितु सुशासन और जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी कई नवाचार करते हुए क्षेत्र को जनोन्मुखी शासन व्यवस्था प्रदान की। अदम्य साहस और शौर्य की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी दुर्गावती का सोमवार को बलिदान दिवस है। महान वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती पर नमन। गोंड संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राधेश्याम गोंड ने कहा कि देश की महान वीरांगना रानी दुर्गावती ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने हाथों से अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम मनोहर गोंड तथा संचालन सूचित गोंड ने किया। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**अदम्य साहस और शौर्य की प्रतीक रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर कोटि कोटि नमन : पाठक**



## मरीजों से खचाखच भरे अस्पताल जानलेवा बनी गर्मी

**अमेठी।** जिले में छिटपुट वारिश के बाद धूप और उमस भरी गर्मी इन दिनों जानलेवा साबित हो रही है अस्पताल मरीजों से खचाखच भरे पड़े हैं।भीषण गर्मी का इन दिनों लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जिसके कारण अस्पताल में मरीजों की तादाद बढ़ गई है। जिले में उल्टी दस्त और पेट दर्द से पीड़ित मरीज से हर छोटे बड़े अस्पताल खचाखच भरे पड़े हैं। ओपीडी में जुकाम बुखार पेट दर्द के मरीज ज्यादा दिखाई दे रहे हैं। पिछले माह से मौसम काफी गर्म हो गया है। तेज गर्म हवा ने जहां बाहर निकलने वाले लोगों को नुकसान पहुंचाया वहीं इसका प्रभाव सभी के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। जहां सरकारी और प्राइवेट अस्पताल मरीजों से भरे पड़े हैं वहीं झोलाछाप डाक्टर भी इस मौसम में मलाई काट रहे हैं।

## व्यवसाय वृद्धि हेतु व्यक्तिगत व समूह ऋण कराया जायेगा उपलब्ध

**अमेठी।** परियोजना अधिकारी डूडा विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि डूडा द्वारा संचालित दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक स्वरोजगार कार्यक्रम के अर्न्तगत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु शासन सूडा द्वारा नगर पालिका परिषद् गौरीगंज नगर पालिका परिषद जायस एवं नगर पंचायत अमेठी के लिये व्यक्तिगत ऋण हेतु 15 एवं समूह लोन हेतु 03 का लक्ष्य आवंटित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त नगर निकाय के निवासियों को सूक्ष्म उद्यम प्रारम्भ करने अथवा व्यवसाय वृद्धि हेतु रु 2 लाख तक का व्यक्तिगत ऋण तथा रु 10 लाख तक का समूह ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। जिसमें योजना के नियमानुसार 7 प्रतिशत से अधिक लगने वाला ब्याज सब्सिडी के रूप में विभाग द्वारा दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति नगर निकाय कार्यालय या सूडा कार्यालय गौरीगंज में उपरोक्त अभिलेखों सहित किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

# डीएम ने छित्तुरपुर-भागलपुर तटबंधों का निरीक्षण कर मानसून आगमन से पूर्व बाढ़ नियंत्रण से जुड़ी दो परियोजनाओं का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने आज जनपद के छित्तुरपुर-भागलपुर तटबंधों का निरीक्षण कर मानसून आगमन से पूर्व बाढ नियंत्रण से जुडी दो परियोजनाओं का जायजा किया। इस दौरान उन्होने कहा कि समस्त परियोजनाएं शासन की मंशानुरुप समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। उन्होने सभी पहलुओं पर चर्चा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने सरयू नदी के बायें तट पर निर्मित छित्तुरपुर-भागलपुर तटबंध के 02 किलोमीटर निकट ग्राम देवसिया की कटाव निरोधक कार्य का निरीक्षण किया। बताया गया कि इस परियोजना की लागत 931.65 लाख है। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील बरहज में भागलपुर के पास देवसिया गांव में 10 कटर निर्माणाधीन है। पिछले वर्ष यह देखा गया था कि बलिया में बने स्ट्रक्कर के पश्चात यह नदी इस गांव के तरफ कटान शुरु किया था। यहां बन रहे 10 स्ट्रक्कर का प्रभाव परिलक्षित होना यहां दिख रहा है, धारा दूसरे रुप में परिवर्तित हो रही है। इस बार आई0एम0डी0 द्वारा यह घोषणा है कि इस बार पानी थोडा ज्यादा बरस सकता है, जिसके दृष्टिगत भ्रमण कर बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। जनपद में जितने भी बाढ़ चौकियां है, वे पूरी तरह क्रियाशील होने की स्थिति में है। बाढ से संबंधित जितने की कार्य टेंडर थे, उनको कर दिया गया है संबंधित अधिकारी गण भी क्षेत्र के क्रियाशील है। अगर कोई भी समस्या आयेगी तो जिला प्रशासन उससे तत्परता से निपट पायेगा। इसके उपरान्त उन्होंने घाघरा नदी के तट पर निर्मित छित्तुपुर- भागलपुर तटबंध के ड्राउन स्ट्रीम में 0.4-0.9 किलोमीटर के मध्य भागलपुर कस्बे की कटाव निरोधक कार्य लागत 1030.47 लाख का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को तटबंधों की सुरक्षा सहित लोगो को सुरक्षा आदि के सभी जरुरी कदम उठाये जाने के दृष्टिगत तैयारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान एसडीएम बरहज अंगद यादव, प्रशिक्षु एसडीएम धीरेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता बाढ़ नियंत्रण खंड राधेश्याम प्रसाद, तहसीलदार अरुण यादव सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।



# प्रधानमंत्री कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पंप के लिए किसान करें आवेदन

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री कुसुम योजनान्तर्गत सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किसानों को प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 में मामूली कीमत पर सोलर पम्प उपलब्ध कराने के लिए जनपद को 205 सोलर पम्प आवंटित हुए हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए कृषकों का विभागीय वेबसाइट www.agriculture.up.gov.in पर पंजीकरण होना अनिवार्य हैं।

यह जानकारी उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि किसानों की आय दोगुना करनें के लिए सरकार संकल्पबद्ध है, इसके लिए प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत शासन द्वारा जनपद में तीन हार्स पावर डीसी के 45, तीन हार्स पावर एसी के 40, पॉच हार्स पावर एसी के 90, साढ़े सात हार्स पावर एसी के 15 व दस हार्स पावर एसी के 15 कुल 205 सोलर पंप 60 प्रतिशत अनुदान पर किसानों की सुविधाओं के लिए लगाया जाना हैं। सोलर पंप के तीन व पॉच हार्स पावर के लिए 6 इंच तथा साढ़े 07 व 10 हार्स पावर के लिए 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। किसान की स्वयं की बोरिंग होगी। सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न पाये जानें पर टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेंगी एवं आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। कृषकों को ऑनलाइन बुकिंग के साथ रू0 5000 टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। टोकन कन्फर्म करनें के एक सप्ताह के अन्दर कृषकों को अवशेष कृषक अंश की धनराशि का ऑनलाइन टोकन जनरेट कर चालान द्वारा इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा में अथवा ऑनलाइन जमा करना होगा, अन्यथा कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जायेंगा एवं टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेंगी।

**सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए संकल्पबद्ध**

# बीज प्रतिष्ठानों में संयुक्त टीम ने की सघन छापेमारी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला कृषि अधिकारी रविकान्त सिंह ने बताया कि जनपद में खरीफ फसलों की बुआई प्रारम्भ होने के कारण किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त उर्वरकों को निर्धारित दर पर उपलब्ध कराने हेतु उर्वरकों की बिक्री की जाँच करने हेतु उर्वरक निरीक्षकों एवं उप जिला मजिस्ट्रेटों की संयुक्त टीम गठित करते हुए जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में उर्वरक बिक्री केन्द्र थोक फुटकर की सघन छापेमारी व उनके अभिलेख तथा स्टॉक की जाँच कर अधिक मूल्य पर बिक्री कालाबाजारी जमाखोरी अथवा अन्य प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जाय। उन्होंने बताया कि इस क्रम में तहसील गौरीगंज में उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र तिवारी एवं उप जिला मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह तहसील तिलोई में रविकान्त सिंह एवं उप जिला मजिस्ट्रेट अमित सिंह तहसील मुसाफिरखाना में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी हरी ओम मिश्रा एवं उप जिला मजिस्ट्रेट प्रीति तिवारी एवं तह?सील अमेठी में अपर जिला कृषि अधिकारी शुभम पाण्डेय एवं उप जिला मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह द्वारा सघन छापेमारी की गयी। इस दौरान जनपद में आज 34 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर 16 नमूने डीएपी के लिए गये एवं 03 विक्रेताओं मौर्या खाद भण्डार भेलाईकला किसान खाद भण्डार बहादुरपुर एवं शिवम फर्टिलाइजर्स कूरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि सभी किसानों को खतौनी के अंश के अनुसार ही पीओएस मशीन के माध्यम से आधार कार्ड से अंगूठा लगा कर ही बिक्री करें एवं कैशमीमो अवश्य दें।

# विवाहिता के मौत के जिम्मेदारों के बिक गए खेत नहीं हुई गिरफ्तारी

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के गनपा निवासी रंजीता पाल की शादी इसी थाना क्षेत्र के अट सराय में राम मूरत के साथ हुई थी शादी के बाद से रंजीता के साथ ससुराली अत्याचार करते थे ससुरालयों की अत्याचार का जिसने भी वीडियो देखा है उसके रूह कांप गए हैं कई बार विवाहित न्याय मांगने थाना पहुंची लेकिन विवाहिता को न्याय नहीं मिला न्याय की उम्मीद से विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक से भी फरियाद की थी लेकिन उसे न्याय नहीं मिल सका ससुराली जनों की अत्याचार पुलिस से दुत्कार के बाद विवाहिता ने 5 जनवरी 2024 की भोर में ट्रेन के आगे छलॉंग लगाकर मौत को गले लगा लिया है विवाहिता के मौत को गले लगाने के बाद पुलिस ने पति सास ससुर सहित 10 लोगों के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 0006 सन 2024 गंभीर धाराओं में दर्ज कर लिया है घटनास्थल पर मृतक विवाहिता के शव से आत्महत्या का पत्र भी मिला जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया विवाहिता की मौत को 5 महीने से अधिक बीत चुके हैं लेकिन विवाहिता के मौत के गुनहगारों को थाना पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा है जिससे पुलिसिया कार्यवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है इसी बीच विवाहिता के ससुराल वालो के खेत बिकने लगे खेत विकार पैसा कहां जा रहा है यह तो कोई बताने वाला नहीं है लेकिन गिरफ्तारी न होने से पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं विवाहिता के आत्महत्या पत्र को परिवार के लोगों ने प्रमाणित भी किया लेकिन विवाहिता के मौत के गुनहगारों को राहत देने के उद्देश्य से सैनी कोतवाल यह कह रहे हैं कि विवाहिता के आत्महत्या पत्र को प्रमाणित करने के लिए उसकी राइटिंग को फिंगरप्रिंट के पास भेजे हैं और जब विवाहिता का पत्र प्रमाणित होकर वापस लौटेगा तब गुनहगारों की गिरफ्तारी होगी लेकिन सवाल उठता है कि दहेज उत्पीड़न में मौत के गुनहगारों के मुकदमे की विवेचना क्षेत्राधिकारी स्तर से होती है फिर मृतक के पत्र को जांच में भेजने का कोतवाल को क्या अधिकार था इस पत्र को किस तारीख को किस पत्रक संख्या से परीक्षण के लिए भेजा गया है।

# बच्चों को विटामिन ए की खुराक लेना है जरूरी: सीएमओ

## रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने को 4 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी 'विटामिन ए' की खुराक

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** विटामिन ए का सेवन बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों से भी बचाव करता है। इसी उद्देश्य से जनपद में नौ माह से पाँच वर्ष तक के 4 लाख बच्चों को 'विटामिन-ए' की खुराक पिलाने के लिए बुधवार से 'विटामिन ए सम्पूरण' कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा।

यह कार्यक्रम 26 जून से 25 जुलाई तक पूरे एक माह तक चलेगा। इसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा के निर्देशन में सीएमओ कार्यालय के धन्वंतरि सभागार में जनपद स्तरीय नियोजन एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष दो चरणों में छह माह के अंतराल पर आयोजित किया जाता है। इसमें नौ माह से पाँच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जाता है। इस क्रम में 26 जून से यह कार्यक्रम शुरू किया जाएगा जो कि अगले एक माह तक चलेगा। कार्यक्रम का संचालन के स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस विभाग को संयुक्त किया जायेगा। अभियान से जुड़े दोनों विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वह ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी व यूएचएसएनडी) सत्रों में नौ माह से पाँच वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित मात्रा में विटामिन ए की खुराक पिला सकें और उसका सही ढंग से अनुसरण कर सकें। डीपीओ कृष्णकांत राय ने कहा कि इस कार्यक्रम को लेकर समस्त तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। कार्यक्रम के संचालन के दौरान प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित होने वाले वीएचएसएनडी व यूएचएसएनडी सत्रों पर नौ माह से पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को अलग-अलग चम्मचों से विटामिन ए खुराक पिलायी जाएगी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि विटामिन 'ए' की कमी से बच्चों में नजर का कमजोर होना, रात्रि के समय कम दिखाई देना, अंधेपन का शिकार हो जाना, रूखी आँख, रूखी त्वचा और त्वचा से संबन्धित समस्याएं हो सकती हैं। इसकी कमी से बचपन में होने वाली दस्त जैसी आम बीमारियाँ भी गम्भीर हो सकती हैं। इन सभी कमियों को पूरा करने के लिए बच्चों को विटामिन ए की खुराक देना बेहद आवश्यक है। इसकी खुराक नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में एमआर टीके के प्रथम और दूसरे डोज के दौरान दी जाती है । इसके बाद तीसरी से नौवी खुराक अभियान के दौरान प्रत्येक छह माह पर दी जाती है। नौ माह से एक वर्ष तक के बच्चे को आधा चम्मच और एक वर्ष से पांच वर्ष तक के बच्चे को पूरा चम्मच दवा पिलाना अनिवार्य है। बैठक में एसीएमओ आरसीएच डॉ सुरेंद्र कुमार चौधरी, डिप्टी सीएमओ डॉ कार्तिकेय पाण्डेय, डॉ आरपी यादव, यूनिसेफ़ के डीएमसी अरशद जमाल, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि सहित अधिकारी सहित स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीक्षक चिकित्साधिकारी, एआरओ, आईसीडीएस विभाग से बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) मौजूद थे।



**जनपद में बुधवार से पूरे एक माह तक चलेगा 'विटामिन ए सम्पूरण' कार्यक्रम**

## प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा दिलाने का एडीएम ने दिए निर्देश



**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड द्वारा उदयन सभागार में अभियोजन सम्बन्धी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में संयुक्त निदेशक, अभियोजन ने अप्रैल-मई माह के कार्यवृत्त प्रस्तुत किये, जिसमें यह पाया गया कि सत्र-न्यायालय में निस्तारित मुकदमों में सजा का प्रतिशत कम है तथा अधिकांश जमानत स्वीकृत हुई है, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दियें। अपर जिलाधिकारी ने सभी अभियोजन अधिकारी एवं शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि प्रभावी पैरवी करते हुए अधिक से अधिक सजा दिलायी जाय। इसके साथ ही उन्होंने अभियोजन अधिकारियां को गैगेस्टर ऐक्ट, एससी/एसटी, महिला उत्पीड़न और पाक्सों के मामलों में विशेष ध्यान देते हुए प्रभावी पैरवी करने के भी निर्देश दियें।

### निराश्रित महिला पेंशन पाने वाली लाभार्थी डीबीटी/एनपीसीआई अवश्य करायें

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार ने अवगत कराया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों का निदेशालय द्वारा आधार बेस्ड पेमेंट किया जाना है, जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी0/एनपीसीआई नहीं होगा, उन लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

# प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज धीरज कुमार की कार्यप्रणाली के खिलाफ वकीलों में उबाल

**अवधनामा संवाददाता**



**गोसाईगंज, सुल्तानपुर।** पुलिस द्वारा अधिवक्ता वेदांग त्रिपाठी और उनके पिता से अभद्रता करने का मामला अब तूल पकड़ रहा है। सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित अधिवक्ता एस पी ऑफिस पहुंचे और एस ओ गोसाईगंज धीरज कुमार व चौकी इंचार्ज अमित कुमार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। बीते 20 जून को गोसाईगंज एस ओ धीरज कुमार और द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज ने अधिवक्ता और उसके पिता को जबरन गाड़ी में घसीटकर बैठाकर थाने ले जाकर अपमानित किया था। उसके बाद पुलिस की सह पर विपक्षियों ने मौके का फायदा उठाकर 22 जून को अधिवक्ता के घर मे घुसकर फायरिंग की थी और जमकर पथराव किया था। उस दिन विपक्षियों ने ललकार कर कहा था कि आज पुलिस नहीं आएगी पूरी छूट है थाने से, आज इन्हें मार डालो। जिसका वीडियो भी अधिवक्ता के परिजनों ने बना लिया था। पुलिस के इस कुकृत्य की जानकारी जब अधिवक्ताओं को हुई तो उनके मन मे जबरदस्त आक्रोश पैदा हुआ ।उन्होंने एस पी के घेराव की चेतावनी दे डाली। मौके की नजाकत भांपते हुए पुलिस ने आनन फानन में 307,452 समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज तो किया लेकिन गिरफ्तारी आज तक नहीं हुई। एस ओ गोसाईगंज छुट्टी पर चले गए,इस बात से नाराज अधिवक्ता एस पी ऑफिस पहुंचे और पुलिस अधीक्षक की गैरमौजूदगी में एडिशनल एस पी को ज्ञापन सौंपा।अधिवक्ताओं ने कहा है कि यदि 24 घण्टे में जिम्मेदार थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज के विरुद्ध कार्यवाही नहीं हुई तो कप्तान के ऑफिस का घेराव कर गिरफ्तारी दी जाएगी। अधिवक्ताओं ने एक सुर में कहा कि यदि अधिवक्ता के साथ पुलिस की ये तानाशाही है तो आम आदमी का क्या होता होगा। उन्होंने कहा कि अब पुलिसिया तानाशाही के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई का वक्त आ गया है,जब तक अधिवक्ता के परिवार को पूर्ण न्याय नहीं मिल जाएगा, लड़ाई जारी रहेगी। इस अवसर पर अधिवक्तागण बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरुण उपाध्याय, पूर्व प्रशासनिक महासचिव संजय शर्मा, अधिवक्ता रवि शुक्ल, दिनेश दूबे, वरुण मिश्र, इमरान हुसैन,विमल दूबे, विकास पाठक, शुभम पाल,रविशंकर पाण्डेय, राकेश यादव, लाल बहादुर यादव, राघवेंद्र सिंह, जुनेद आलम खान, राजकुमार सिंह, सहसचिव प्रशासन बलराम त्रिपाठी, अमरेंद्र त्रिपाठी, मोहर्रम अली, शाश्वत पाण्डेय, विकास पाण्डेय, नवीन शुक्ला, नागेंद्र नाथ शुक्ल, पूर्व बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष सत्येंद्र शुक्ल, अरविंद पाण्डेय, इन्द्रहास पाठक, कृष्ण प्रताप सिंह, प्रणव द्विवेदी, गायत्री प्रसाद मिश्र, अनुराग श्रीवास्तव, आलोक दूबे, अमरेंद्र त्रिपाठी, विक्रम प्रताप सिंह, गौतम त्रिपाठी, सुनील धुरिया, अंकुर कसौधन, जुनेद आलम खान, सुनील वर्मा, सचिन पाण्डेय, अभयराज यादव, कुलदीप वर्मा बृजकिशोर यादव सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## टैंकर ने एक ही परिवार के पांच लोगों को कुचला

**प्रयागराज।** जिले में सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिसमे एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मरने वालों में 2 मासूम बच्चे भी शामिल है। घटना के बाद मौके पहुंची पुलिस एक मृतको के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सभी मृतक जौनपुर के रहने वाले बताये जा रहे है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को जौनपुर निवासी विकास अपनी मां सुम्मरी, जनता उनके दो बच्चों को बाइक से जौनपुर की ओर जा रहे थे। वह सभी मीरगंज चौकी खुर्द में रहते है। इसी दौरान गंगानगर के रस्तीपुर गांव के समीप रफ्तार टैंकर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद वह बाइक लेकर गिर पड़े। वही टैंकर तेज रफ्तार होने के कारण वह लोगों को कुचलते हुए भाग निकला। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। स्थानीय लोगों ने बचाने की कोशिश की लेकिन सभी की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतको के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पर्यावरण प्रहरियों को मिला सम्मान



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** कहते हैं संकल्प का विकल्प नहीं होता और जब संकल्प प्रकृति से जुड़ा हो,जल जंगल जमीन की सुरक्षा से जुड़ा हो तो उस व्यक्ति का सम्मान होना स्वाभाविक हो जाता है।अतिशयोक्ति न होगी अगर यह कहा जाए की प्रकृति प्रेमी के सम्मान से उसका नहीं सम्मान का सम्मान होता है।ऐसे ही दो पर्यावरण प्रेमियों को पूर्वांचल के 16 जिलों के तमाम समाजसेवियों के साथ आरंभ फाउंडेशन अकबरपुर (अंबेडकर नगर) के द्वारा आयोजित पर्यावरण विषय पर गोष्ठी कार्यक्रम में ÷पर्यावरण रक्षक सम्मान÷ से सम्मानित किया गया।सम्मान हुआ गोमती मित्र मंडल सुल्तानपुर के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन एवं गायत्री परिवार के युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह का।दोनों को यह सम्मान उनके द्वारा पर्यावरण एवं सामाजिक क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया।मदन सिंह ने अपना सम्मान जनपद वासियों व गोमती मित्र मंडल परिवार को समर्पित करते हुए कहा की आज प्रकृति की महत्ता लोगों को समझ में आ रही है।युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह ने कहा यह सम्मान लोगों के लिए प्रेरणा है और बढ़ते तापमान पर अंकुश लगाने के लिए पौधा रोपण को बढ़ावा देने का है।आयोजकों ने दोनों को ही अपने कार्यक्षेत्र में और बेहतर करने की अपील के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।नगर पहुँचने पर संरक्षक डॉ सुधाकर सिंह, रतन कसौधन,मीडिया प्रभारी रमेश महेश्वरी, दिनकर सिंह, दाऊ जी, सोनू सिंह, अजय वर्मा, अलोक तिवारी, राजेश पाठक, राजेंद्र शर्मा, राकेश सिंह दद्दू, मुन्ना सोनी,सोनू सिंह आदि द्वारा स्वागत किया गया।

## 50 किलो ठोस कचरा पैदा करने वाले प्रतिष्ठानों को लगानी होगी कंपोस्टिंग मशीन

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबंधन नियम 2016 अन्तर्गत एक दिन में 50 किलोग्राम से अधिक ठोस अपशिष्ट कचरा उत्सर्जित उत्पन्न करने वाली संस्थाओं/इकाइयों होटल, रेस्टोरेंट, विवाह घर, हॉस्पिटल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, रेजिडेंस, कैंटीन, वेलफेयर एसोसिएशन, सब्ज़ी मण्डी इत्यादि को ठोस अपशिष्ट निस्तारण प्रोसेस हेतु कंपोस्ट/ऑर्गेनिक कंपोस्टिंग मशीन लगाया जाना आवश्यक होगा।

एक दिन में 50 किलोग्राम से अधिक ठोस अपशिष्ट कचरा उत्सर्जित उत्पन्न करने वाले समस्त प्रतिष्ठानों के प्रबंधकों निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने प्रतिष्ठानों में कंपोस्ट/ऑर्गेनिक कंपोस्टिंग मशीन लगाना सुनिश्चित करें। सभी सम्बन्धित को सचेत किया गया है कि निरीक्षण के दौरान सालिड बेस्ट मैनेजमेण्ट रूल्स 2016 का अनुपालन न पाये जाने पर प्रख्यापित उप नियमों के अंतर्गत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर सपा जनों ने किया नमन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।**गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में महारानी के चित्र पर फूल माला चढ़ा कर उन्हें नमन करते हुए याद किया गया।

सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि इतिहास में महारानी दुर्गावती को शौर्य और पराक्रम की देवी के रूप में याद किया जाता है। उनके पति दलपत शाह मध्य प्रदेश के गोंडवाना बंशजों के 4 राज्यों गढ़ मंडला, देवगढ़, चंदा और खेरला में से गढ़ मंडला के शासक थे। उनकी मृत्यु के बाद उन्होंने शासन संभाला और अपने अल्प समय के शासन काल में मुग़ल राजाओं शेर शाह सूरी, आजम खा और अकबर से कुल 52युद्ध लड़े जिसमें 51में विजय श्री हासिल की। अफ़सोस है कि अकबर की सेना से लड़ते हुए नरराई नाले, जबलपुर मध्य प्रदेश में वह काफ़ी घिर गईं और 24जून 1564को दुश्मन से घिरा देख कर वह दुश्मन के हाथों प्रताड़ित न की जाये इससे खुद ही अपने खंजर को अपने पेट में भोंक लिया और वीरगति को प्राप्त हो गईं। पप्पूलाल निषाद ने बताया कि



मध्य प्रदेश के जबलपुर और मंडला के मध्य बरेला नामक स्थान पर उनकी समाधि बनाई गई है। जिला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर ने उनके स्मरण में आज भी गाये जाने वाले गीत चंदेलों की बेटी थीं, गौडवाने की रानी थीं। चण्डी थीं रण चण्डी थीं वह दुर्गावती भवानी थीं। सुनाते हुए कहा कि अपने शासन काल में जनता के प्रति किये गए सामाजिक भलाई के कार्यों और सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिये बलिदान देने के लिये उन्हें आज भी याद किया जाता है। महारानी दुर्गावती की याद में 24जून 1988 को डाक टिकट भी जारी किया गया था। इस मौके पर अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, रविन्द्र यादव, डॉ सुमन शर्मा, शांति प्रकाश पटेल, मंसूर आलम, दान बहादुर मधुर, डॉ प्रेम चंद्र मौर्य, राम अवध पाल, नाटे चौधरी, रेहान अहमद, के के यादव, सुषमा यादव, योगेश पाल, डॉ राजेश यादव, कृष्ण राज यादव, सुशील, पंकज साहू, संजय साहू, अशोक मौर्य आदि मौजूद रहे।

# गेहूं की खरीद के लिए अन्नदाता के द्वार पहुंची योगी सरकार

- **प्रयागराज मंडल में 25.06 हजार मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद**
- **मोबाइल वैन से 61 फीसदी उपज की हुई खरीदा**
- **किसानों की उनकी फसल की खरीद की 5865 लाख की धनराशि खाते में की गई ट्रांसफर**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के किसानों को उनकी फसल का उचित मुख्य प्रदान करने के लिए प्रदेश की योगी सरकार इसके लिए सतत प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने के बाद पहली बार किसानों के घर से ही उनकी फसलों की खरीद करने सरकार पहुंची है। इससे एक तरफ जहां किसान बिचौलियों के चंगुल में फंसने से बच गए हैं तो वहीं उनका ट्रांसपोर्ट का खर्चा भी बच रहा है। इसके अलावा गेहूं तौलाई का पैसा भी उन्हें उनके खाते में भेजा गया है। किसानों को सहूलियत देने और उनका ट्रांसपोर्ट का खर्चा कम करने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने गेहूं क्रय नीति में इस बार कई बदलाव किए थे जिसके बेहतर नतीजे सामने आए हैं। सरकार ने गेहूं की खरीदारी बढ़ाने के लिए इस वर्ष क्रय केंद्रों के साथ ही मोबाइल क्रय केंद्र की व्यवस्था की है।

प्रयागराज के संभागीय खाद्य विपणन नियंत्रक बीसी गौतम बताते हैं कि सरकार के निर्देश पर इस बार गेहूं की खरीद उनके घरों से भी की गई है। जनपद मे की गई गेहूं की कुल खरीद का 61 फीसदी किसानों के घर से मोबाइल वैन के जरिए की है। कई मोबाइल वैन इसके लिए पूरे दिन इलाके में भेजी गई हैं। सरकार ने जिले में में 305 गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए जिसमें 295 क्रियाशील रहे हैं।

संभागीय खाद्य विपणन नियंत्रक बीसी गौतम के मुताबिक सरकार की तरफ से इस बार मंडल में 2 लाख 29 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है जबकि पिछली बार तीन लाख 2 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य था। मार्च से गेहूं खरीद का सिलसिला शुरू हुआ और 15 जून को आकर इसका समापन हो गया। इस साल 25.06 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। प्रदेश में मंडल ने 9 वा स्थान हासिल किया है। इस बार 6116 किसानों के गेहूं की खरीद हुई है। किसानों को उनके गेहूं के मूल्य की कुल धनराशि 5865 लाख रुपए उनके खाते में भेजी जा चुकी है।

### 150 प्रति क्विंटल बढ़ाया गया समर्थन मूल्य

**प्रयागराज।** प्रदेश की योगी सरकार ने इस बार 2275 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। यह पिछले साल की तुलना में 150 रुपये ज्यादा है। पिछली बार समर्थन मूल्य 2125 रुपये था। निर्देश जारी किए गए कि किसानों से खरीद के 48 घंटे के अंदर उनके आधार से जुड़े खाते में भुगतान कर दिया जाएगा। इस साल 100 कुंतल तक गेहूं विक्रय के लिए सत्यापन से छूट दी गई है । क्रय केंद्रों पर प्रति कुंतल 20 रुपये तौलाई के पैसे भी इस बार किसानों को वापस कर दिए गए हैं। गेहूं के प्रति कुंतल 2275 रुपये के साथ ही तौलाई की रकम भी किसान के खाते में भेज दी गई है।

## शव विच्छेदन गृह का डीएम ने किया निरीक्षण




**बहराइच।** शव विच्छेदन गृह की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सघन निरीक्षण करते हुए भवन परिसर की साफ-सफाई, डीफ फ्रीज़र, शव विच्छेदन कक्ष, शव गृह, कार्यालय एवं सी.सी.टी.वी. की क्रियाशीलता को परखा। निरीक्षण के समय फार्मासिस्ट अरविन्द कुमार शुक्ला व अतुल कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। शव विच्छेदन गृह के निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गई। डीएम मोनिका रानी ने मुख्य चिकित्याधिकारी को निर्देश दिया कि शव विच्छेदन गृह पर शव के साथ आने वाले लोगों के लिए अतिरिक्त बेंच स्थापित करायी जायें तथा शीतल जल का भी माकूल बन्दोबस्त किया जाय। डीएम ने शव विच्छेन गृह हेतु वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत हेतु सोलर प्लान्ट की स्थापना कराने तथा यहां पर स्थापित डीफ फ्रीज़र के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाये ताकि रखे गये शव पूरी तरह से सुरक्षित रहें। कार्यालय के निरीक्षण करते हुए डीएम ने विभिन्न अभिलेखों एवं पंजिकाओं का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि कम्प्यूटराइज़्ड शव विच्छेन रिपोर्ट जारी की जाय।

## ठा. बीरी सिंह कॉलेज मे लगा समर वेकेशन मेला



**टूंडला।** ठा. बीरी सिंह डिग्री कॉलेज टूंडला में समर वेकेशन मेला का आयोजन चल रहा है। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए झूला एवं खान पान की स्टॉल दुकानदारों द्वारा लगाई गई है। नगर के ठाकुर बीरी सिंह डिग्री कॉलेज में टूंडला समर वेकेशन मेला का आयोजन 10 जून से 10 जुलाई तक चलेगा। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए खेल, खिलौने, ऊंट की सवारी, भूत बंगला, मिकी माउस, ब्रेक डांस झूला एवं सभी प्रकार के झूला उपलब्ध है। जिससे नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग दूर दरार से देखने के लिए आ जा रहे हैं। मेले में महिला एवं बालिकाओं के लिए श्रृंगार एवं खान-पान की सभी प्रकार की स्टॉले दुकानदारों द्वारा लगाई गई है। मेला कमेटी अध्यक्ष रामपाल सिंह ने बताया कि यह मेला 10 जून से 10 जुलाई तक चलेगा ग्रामीण एवं नगर के लोगों से अपील की है कि परिवार सहित आकर मेले का आनंद उठाएं। एवं अपने आसपास के लोगों को भी मेले में आने के लिए प्रेरित करें।

## व्यस्त जीवन में परमात्मा का स्मरण करना चाहिए आचार्यः सुशील महाराज



**टूंडला।** श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन राम मंदिर देवखेड़ा पचोखरा में चल रही है जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रोतागणों ने भाग लिया। इस दौरान श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ में आचार्य सुशील महाराज द्वारा कथा का वर्णन किया तथा प्रवचन देते हुए कहा कि आज की भाग दौड़ में मनुष्य काफी व्यस्त है, मनुष्य को जीवन में कुछ छण परमात्मा का ध्यान अवश्य करना चाहिए। जीवन में सुःख, समृद्धि, खुशहाली प्राप्त होगी। किसी भी मनुष्य के साथ छ्ल कपट नहीं करना चाहिए, जीवन में परमात्मा से बड़ा कोई नहीं। मनुष्य को दीन दुखियों की मदद करनी चाहिए। यह प्रवचन सुन श्रोतागण भाव विभोर हो गए इस दौरान कथा पंडाल में सांय को प्रसाद वितरण किया गया।

## चोरी हुये वाहनों को खरीदकर बेचते थे शातिर बदमाश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व सीओ सदर अभय नारायण राय के कुशल नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हांसिल हुयी है। कोतवाली पुलिस ने शातिर बदमाशों को पकड़ा है, जिनके पास से चोरी हुयी कारें, बाइकें व स्कूटी बरामद की गयी हैं। जानकारी देते हुये एएसपी अनिल कुमार ने बताया कि आजादपुरा नई बस्ती क्षेत्र से हिरासत में लिये गये बलवंत सिंह पुत्र विजय सिंह एवं शिवनगर ललितपुर निवासी लालू कुशवाहा पुत्र हरीराम के पास से पुलिस ने दो कारें, आधा दर्जन मोटर साइकिलें व तीन स्कूटी बरामद की हैं। पूछताछ के दौरान पकड़े गये बदमाशों ने बताया कि उत्तर प्रदेश ही नहीं मध्य प्रदेश में भी चोरी होने वाले वाहनों को सस्ते दामों पर खरीदकर मंहगे दामों पर बेच देते थे और मुनाफा आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ धारा 411 व 414 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# कलेक्ट्रेट में महिला ने अपने शरीर पर डाला पेट्रोल, मचा हड़कम्प

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंची महिला ने अपने पति का अज्ञात लोगों द्वारा अपहरण किये जाने और फिरौती में चालीस लाख रुपये मांगने के मामले में न्याय न मिलने का आरोप लगाते हुये पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा महिला को सुरक्षित बचा लिया गया। हालांकि जानकारी मिलने पर डीएम अक्षय त्रिपाठी ने स्वयं परिसर में आकर महिला को सर्वप्रथम उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया और अधीनस्थों को प्रकरण की जांच के निर्देश दिये। इस प्रकरण से जहां कलेक्ट्रेट में काफी समय तक हड़कम्प की स्थिति बनी रही। प्रकरण को लेकर कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम खांदी के मजरा रानीपुरा निवासी कमलेश कुमारी पत्नी मनोज ने बताया कि वह वर्तमान में म.प्र. के इन्दौर थाना लसुडिय़ा के नरीमन प्वाइंट, निपानिया में निवासरत है। बताया कि उसके पति वाहन संख्या एम.पी.09 टी.बी. 5872 के चालक हैं और कुछ महीनों पहले से अहमदाबाद में रहकर वहां एम.पी. ओला में अपने कार संचालित करते हैं। उसके पति अहमदाबाद में कहीं अज्ञात स्थान पर था। उसी समय कुछ अज्ञात लोगों ने उसके पति का अपहरण कर हुण्डई कार सहित ले गये। आरोप है कि उसके पति के व्हाट्स ऐप से उसके देवर दिनेश के मोबाइल पर कॉल करके बताया गया कि उसके भाई मनोज का अपहरण किया गया है, मनोज को सुरक्षित पाने के लिए 40 लाख रुपये दे दो। इस पर मोबाइल नम्बर पर फोन लगाया तो उसके पति के साथ मारपीट की जा रह थी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- तेनुहार उर्फ कठौतिया वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत तेनुहार उर्फ कठौतिया विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17.06.2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत तेनुहार उर्फ कठौतिया के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत तेनुहार उर्फ कठौतिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत तेनुहार उर्फ कठौतिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत तेनुहार उर्फ कठौतिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्येष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- मनोज कुमार**
**ग्रा.पं. तेनुहार उर्फ कठौतिया**
**वि.खं. डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर**

**सचिव- अंकित त्रिपाठी**
**ग्रा.पं. तेनुहार उर्फ कठौतिया**
**वि.खं. डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मरहट, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 25-06-2024 से 29-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 01-07-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**सुमन सिंह**
**ग्राम प्रधान- मरहट**
**वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**दीपक यादव**
**सचिव- मरहट**
**वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

# वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर हुई गोष्ठी

- सदर तहसील अंतर्गत दुरावल कला में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** अखिल भारतवर्षीय गोंड़ महासभा के कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को वीरांगना महारानी दुर्गावती के 460 में बलिदान दिवस पर गौरव महासम्मेलन वीरांगना धाम दुरावल कला में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रामनिवास गौड़ संजय यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अतिथि द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्तूबर 1524 को आज के बुलंदेलखंड के बांदा जिले में हुआ था। दुर्गा अष्टमी के दिन जन्म होने के नाते नाम रखा गया दुर्गावती। उन्होंने बचपन से ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और तलवारबाजी जैसी युद्ध कलाओं को सीखना शुरू कर दिया था। आगे चलकर उन्होंने गोंडवाना पर लगभग 16 साल शासन किया। वही सपा जिला उपाध्यक्ष डॉ लोकपति सिंह ने बताया कि कालिंजर के राजा कीरत सिंह की सुपुत्री और गोंड राजा दलपत शाह की पत्नी रानी दुर्गावती की वीरता से भला कौन परिचित नहीं होगा। देश की महान वीरांगना रानी दुर्गावती ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने हाथों से अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे. मुगल शासक अकबर के सामने झुकने के बजाय उन्होंने खुद ही अपना खंजर अपने सीने में उतार लिया था. वह तारीख थी 24 जून 1565. उनकी शहादत को अब बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी अवसर पर आइए जान लेते हैं रानी दुर्गावती की वीरता की कहानी। इस मौके पर श्याम बिहारी यादव, रवि कुमार गॉड, रंजनी सिंह ,त्रिवेणी खरवार, वासुदेव, दरोगा सिंह मौर्य, आशीष खंबे ,राजेंद्र प्रसाद ,राजेश कुमार गोंड, रमाकांत, रंजनी सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे पूरे कार्यक्रम का संचालन कर रहे राजेश कुमार गुण द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# कोटेदार संघ ने अपनी मांगों को लेकर की बैठक

- रावटसगंज नगर स्थित डंड्इत बाबा परिसर में आयोजित हुई गोष्ठी

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित डंड्इत बाबा परिसर में सोमवार को ऑल इंडिया फेयर प्राईज सॉप डीलर संगठन की अपनी मांगों को लेकर बैठक आयोजित की गई बनाई गई रणनीति। वही संगठन जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि संगठन की विभिन्न मांगे जब तक पूर्ण नहीं की जाएगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा वहीं अन्य पदाधिकारी के साथ मांगों को लेकर विभिन्न कार्यक्रम के संबंध में रणनीति बनाई गई है मांगो में जैसे ई-केवाइसी जनपद के राशन विक्रेताओं द्वारा करना सम्भव नहीं है, इसके लिए योग्य कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता होती है, जिसका भुगतान कोटेदार को देना सम्भव नहीं है। इसलिए आपरेटर का भुगतान उचित मजदूरी शासन द्वारा दिया जाय।

विगत कई माहो से सर्वर की समस्याओं निरन्तर हो रही है जिसका निराकरण नहीं हो पा रहा है। मशीनो में जो सिम लगे है काम नहीं करते है। सिम को रिचार्ज कराया जाय। विगत दो महीने से जिले में राशन दुकानदारों के यहां खाद्यान जो जा रहा है वह गुणवत्ता पूर्ण नहीं है। राशन विक्रेताओं का लाभांश समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। 5. महोदय प्रदेश संगठन द्वारा खाद्य आयुक्त लखनऊ एवं हाईकोर्ट इलाहाबाद में रिट याचिका सं0-20530/2024 दायर की गयी है. जिसकी जल्द ही सुनवाई जब तक नहीं होती है तब तक हम सभी राशन विक्रेता ई-केवाईसी के कार्य से विरत रहेंगे। इस मौके पर मंजू देवी अशोक कुमार रमाशंकर विनोद कुमार सुरेंद्र कुमार गोपी नाथ राम दास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## तीन टांके लगाने को महिला से लिए 1350 रुपए

**हमीरपुर।** जिला पुरुष अस्पताल में उगाही बंद होने का नाम नहीं ले रही है। सीएमएस भी इस पर अंकुश नहीं लग पा रहे हैं। स्टाफ अपनी मनमर्जी पर उतारू है। जिसके कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल आई एक घायल महिला के सिर में टांके लगाने के नाम पर स्टाफ ने 1350 रुपए ले लिए। पीड़ित ने इस संबंध की शिकायत भी की है।थाना कुरारा के कुसमरा गांव निवासी मातादीन ने बताया कि रविवार की दोपहर कच्चे मकान के खपरैल मे काम करते समय उसके छोटे भाई रामप्रसाद की पत्नी गुड्डू के ऊपर लकड़ी गिर गई थी जिससे उसका सिर फट गया। जिसे घायल हालत में वह जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां मौजूद स्टाफ ने महिला का इलाज करने के नाम पर 1350 रुपए वसूले। पीड़ित मातादीन ने बताया कि सर फटने के बाद उसके तीन टांके लगाए गए थे जिसके एवज में 1350 रुपए की मांग की गई। मजबूरी में उसे रुपए देने पड़े। पीड़ित ने इसकी शिकायत भी की है। इस संबंध में जिला पुरुष अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी गुप्ता का कहना है कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है वह मामले की जांच कर कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

# महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर हुई गोष्ठी

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव जी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर आदिवासी समाज की गौरव सौर्य एवं वीरता की प्रतीक महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया महारानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को कालिंजर के राजा कीर्ति सिंह के घर हुआ था महारानी दुर्गावती का विवाह गोंड वंश के राजा संग्राम शाह के पुत्र दलपत शाह के साथ हुआ था कार्यक्रम में ओबरा विधानसभा के प्रत्याशी सुनील सिंह गोंड ने कहा महारानी दुर्गावती ने अपने प्रजा की खुशहाली के लिए मुगलों से लड़ाई लड़ी गोंडवाना साम्राज्य में जब महारानी दुर्गावती का शासन था अपने शासनकाल में अपने राज्य की आर्थिक व्यवस्था को इतना सुदृढ़ बना दिया था की कर के रूप में सोने का सिक्का एवं हाथी से कर चुकाया करते थे जिससे प्रजा काफी खुशहाल थी जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने कहा की महारानी दुर्गावती एक ऐसी वीर महिला थी जिन्होंने अपने साम्राज्य एवं जनता की सुरक्षा की दृष्टिकोण से जीवन भर लड़ाई लड़ी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय यादव अनिल यादव त्रिपुरारी गोंड अशोक पटेल सनी पटेल रामप्यारे सिंह पटेल बबलू धनगर विनीत पांडे इमरान अहमद दशरथ यादव परशुराम यादव दीपक यादव प्रमोद यादव अवनीश चौबे पप्पू खान दिन अग्रवाल निधि पांडे मंदाकिनी पांडे प्रमोद यादव आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# जन शिकायतों की सुनवाई गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद में विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम मे सोमवार को जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4. नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 0, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 0, नगर पंचायत दुद्धी में 3. नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 4, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है।

# सीओ ने क्राइम मीटिंग में संबन्धितों को दिए निर्देश

- अपराध व अपराधियों पर कसे नकेल विवेचनाओं को करें पूर्ण
- सदर कोतवाली सभागार में आयोजित हुई क्राइम मीटिंग

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सदर कोतवाली परिसर में सोमवार को सिटी सीओ चारू द्विवेदी के नेतृत्व में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई जिसमें कोतवाली सर्किल के सभी चौकी प्रभारी थाना प्रभारी व थाने पर तैनात सिपाही हेडकांस्टेबल सहित क्राइम विवेचना अपराधी के इतिहास के खिलाफ करवाई करने व विवेचकों को जल्द पूरा करने को दिए आवश्यक दिशा निर्देश। वही का डॉक्टर चारू द्विवेदी ने बताया कि थाना सर्किल के अपराधिक रजिस्टर देखते हुए उसमें संबंधित अपराधियों के खिलाफ खड़े कार्रवाई करने व सभी सर्किल के प्रभारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने पेंडिंग पड़े विवेचनाओं को मौका मुहाना कर जल्द से जल्द पूर्ण करें अपने हलके में रात ग्रस्त वी क्रिकेट ड्यूटी लगाई जिससे कि अपराधित घटनाएं न कर सके वंचित लोगों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई करें संबंधित कार्यालय रजिस्टर व ड्यूटी रजिस्टर सहित विभागीय कागजों की जांच करते हुए थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय को दिशा निर्देशित किया गया कि अपने देखरेख में मॉनिटरिंग कर विशेष तौर पर नाइट ड्यूटी में लगे लोगों के बीच-बीच में जांच कारण जिससे यह जानकारी उपलब्ध होगी नाइट ड्यूटी में उपलब्ध लोग अपने क्षेत्र में ग्रस्त कर रहे हैं कि नहीं और संबंधित पीड़ित थाने पहुंचे तो उनके एप्लीकेशन को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों की जांच कर उचित कार्रवाई करें इस मौके पर महिला थाना प्रभारी सविता सरोज ,एस आई संजय सिंह, नई बाजार चौकी प्रभारी सरिमन सोनकर, बिमलेश सिंह,आर के सिंह,आर एस शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# तेरह दिवसीय सतचंडी महायज्ञ का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के समाज सेवी के आवास पर तेरह दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज रामकथा व श्री मद भागवत कथा महापुराण का समापन हो गया। कस्बे के समाज सेवी शिवनारायण तिवारी द्वारा प्रति वर्ष शतचंडी महायज्ञ एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष तेरह जून से पच्चीस जून तक तेरह दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमे दो दिन आल्हा गायन कार्यक्रम व नारी सम्मान,शिक्षक सम्मान, बुजुर्ग सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद रात्रि में रामलीला मंचन, श्री मद भागवत कथा महापुराण, व रामकथा का आयोजन किया गया। जो कि तेरह दिन तक चलता रहा। बाल कथा व्यास कुमारी तेजस्वनी तिवारी व बाल कथा व्यास मार्तंड तिवारी ने भागवत कथा में श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन किया। आज श्री मद भागवत कथा महापुराण कथा का

आज समापन श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता की कथा के साथ समापन हुआ। कल मंगल वार को शतचंडी महायज्ञ का समापन पूर्ण आहुति के साथ संपन्न होगा। तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## अराजक तत्वों का अड्डा बनकर रह गया है पावर हाउस

**भरुआ सुमेरपुर।** बिदोखर सब स्टेशन में तैनात विद्युत कर्मियों की मनमानी से सब स्टेशन अराजकतत्वों का अड्डा बन गया है। शराब कबाब के शौकीन लोग यहां रात दिन अड्डा जमाये रहते हैं और नशे में धुत होकर गाली-गलौज करके अराजकता पैदा करते हैं। बिदोखर सब स्टेशन में तैनात संविदा विद्युत कर्मी मनमानी पर उतारू हैं। एसएसओ से लेकर लाइनमैन ने अधिकारियों के आदेशों को दरकिनार करके पावर हाउस को अराजकतत्वों का अड्डा बना रखा है। सुबह से लेकर देर रात तक यहां शराब की महफिल सजती है इससे आए दिन यहां विवाद होते हैं। बिदोखर पुरई निवासी रूपेंद्र यादव ने बताया कि वह सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे पावर हाउस में विद्युत कनेक्शन की रसीद की फोटो कॉपी जमा करने गया था। उस समय वहां पर शराब की महफिल सजी हुई थी। पावर हाउस में पहुंचते ही शराब के नशे में धुत छोटेलाल यादव ने गाली गलौज शुरू कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि सबसे ज्यादा अराजकता एसएसओ अमित कुमार की ड्यूटी के दौरान होती है।

# बढ़ते प्रदूषण एवं रोकथाम के लिये आठ बिंदुओं का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर जिला इकाई द्वारा बढ़ते प्रदूषण एवं इसके रोकथाम के उद्देश्य से आठ बिंदुओं का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि वायु प्रदूषण पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं इसे कम करने हेतु उचित उपाय किए जाएं। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर न हो। साथ ही सभी प्रमुख नगरों के प्रमुख स्थलों पर प्रदूषण का स्तर दर्शाने वाला इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड लगाया जाए। नदी नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचाने हेतु उचित उपाय किए जाएं। अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर तत्काल रोक लगाकर वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों के बिक्री पर रोक लगाने के साथ जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए सभी सरकारी एवं निजी आवास, सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कार्यालयों में रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा के जल को भूजल में रिचार्ज करने की व्यवस्था की जाए। शहरों से निकलने वाले कचरों के प्रबंधन की उचित व्यवस्था कर ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ध्वनि प्रदूषण से स्वास्थ्य पर कई प्रकार की समस्या आ रही है इसके रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जाए। भारतीय मजदूर संघ ने मांग की है कि उक्त सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान देते हुए प्रदूषण यथा वायु जल ध्वनि के रोकथाम हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए जिससे पर्यावरण प्रदूषण की समस्याओं से बचा जा सके। ज्ञापन देने वालों में भारतीय मजदूर संघ के संरक्षक विनय सिंह चंदेल, कार्यकारी अध्यक्ष शिवशरण सिंह, मंत्री अत्री शर्मा, कोषाध्यक्ष सूरजभान, आरएसएस के नगर पर्यावरण प्रमुख रमाशंकर शुक्ला, महेश कुमार सैनी, महेश कैशियर, अंकित यादव, आशीष गुप्ता, धर्मराज, लल्लूराम भारती, दिनेश, मोहनलाल, मोनू पांडे, नीरज विश्वकर्मा, सुरेश यादव, तारिक हुसैन, उमा देवी, विजय गुप्ता, मूलचंद गुप्ता, धर्मेंद्र, आकाश, रवि प्रकाश, रामलाल, आलोक, रामपाल, श्यामलाल, अभिषेक सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हाईवे में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर गंभीर

**भरुआ सुमेरपुर।** फेरी करके वापस कस्बे में लौट रहे बाइक सवार दुकानदार को तेज रफ्तार कार इंगोहटा तिराहे के समीप एक्सीलेंट डिग्री कॉलेज के पास जोरदार टक्कर मारकर खड्ड में जा गिरी। इस घटना में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे राहगीरों की मदद से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रिफर किया गया है। कस्बे के ईदगाह का निवासी शरीफ उद्दीन 35 वर्ष बाइक लेकर गांव गांव जाकर रेडीमेड कपड़ों की फेरी लगाकर जीवन यापन करता है। सोमवार को यह मौदहा क्षेत्र के गांवों में फेरी लगाने गया था। करीब 2 बजे यह फेरी लगाकर बाइक से वापस घर लौट रहा था। इंगोहटा तिराहा के समीप एक्सीलेन्ट कालेज के सामने हाईवे में तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और हाईवे किनारे खड्ड में गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में शरीफ उद्दीन हाईवे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# छात्रों ने बिजली पानी को लेकर किया धरना प्रदर्शन

- मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर लगाए हिटलर शाही का आरोप
- दो सप्ताह से नहीं है बिजली पानी परीक्षा में घूम रहे हैं विषैले जानवर

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** उमानाथ सिंह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सिद्दीकपुर के मेडिकल छात्रों ने सोमवार को सुबह 10 बजे से लेकर शाम तक धरना प्रदर्शन करते रहे। बिजली पानी समेत तमाम समस्याओं से लेकर निराकरण की मांग की। शाम तक कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा। मेडिकल कॉलेज में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। बता दें कि मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की तीन बैच संचालित हो रहा है और दो बैच पैरामेडिकल के छात्र हैं। वर्तमान समय में कुल 460 छात्र पठान-पाठन में है जबकि चौथा बैच इस वर्ष आने वाला है। लेकिन छात्रों की मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। जिसमें मुख्य रूप से बिजली पानी की समस्या बड़ी है। जिसे लेकर छात्र छात्राऐ सोमवार को मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन करने लगे। और जिम्मेदारों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग करते रहे। जिसमें छात्रों का कहना था कि मेडिकल नियमों के अनुकूल क्लासरूम नहीं है दो क्लास रूम के भरोसे 460 छात्रों की पढ़ाई हो रही है। हॉस्टल सुविधा की समस्या बनी हुई है। आईपीडी की कोई व्यवस्था नहीं है, सुविधा युक्त लेक्चर थियेटर अभी तक नहीं मिल सका है । सबसे बड़ी समस्या है कि परिसर में पक्के रास्ते नहीं है। कीचड़ युक्त रास्तों से छात्रों को आवास तक जाना होता है लाइट की व्यवस्था नहीं है। पहली बारिश होते ही तमाम बिषधर कीड़े जानवर निकल रहे हैं ,जिसे छात्रों खतरा बना हुआ है । इसके अलावा साफ सफाई से लेकर बॉथरूम तक गंदगी अंम्बार है। पानी की कोई सुविधा नहीं है ,जिससे गुस्साए छात्रों को सड़क पर उतरना पड़ा। छात्रों ने मांग की जब तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं होगा। उनसे जिम्मेदार लोग डीएम व स्वास्थ्य मंत्री मुख्यमंत्री इसे संज्ञान में नहीं लेंगे तब तक हम लोगों का धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। छात्रों ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में छात्र छात्राऐ बड़ी समस्या से जूझ रहे हैं और यहां के जिम्मेदार लोग कुछ सुनने को तैयार नहीं है। समस्या बढ़ती जा रही है। इस दौरान छात्रों की शिक्षकों से भी नोक हो हुई। छात्रों को कहना था कि उन्हें दो साल से यह भरोसा दिया जाता है ताकि जल्दी ही सभी व्यवस्थाएं कर दी जाएगी ,निर्माण अधीन मेडिकल कॉलेज है लेकिन तीन साल से सुनते-सुनते छात्र परेशान हो गए। अब उनसे यह परेशानी सही नहीं जा रही है।

## सभी अल्ट्रासाऊंड सेंटर्स की हो रेगुलर जांचः डीएम

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नवीन केन्द्रों के रजिस्ट्रीकरण हेतु 19, पुराने संचालित केन्द्रों के नवीनीकरण हेतु 6, केन्द्र पर नये चिकित्सकों की सेवा जोड़ने हेतु 10, केन्द्र पर पुराने चिकित्सक की सेवा समाप्ति हेतु 5, एमआरआई मशीन स्थापना हेतु प्राप्त हुए 12 आवेदन पत्रों को अनुमोदन हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुमोदन की समीक्षा की गयी। पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ0 ए0के0 तिवारी ने बताया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों का पूर्ण रूप से अनुपालन कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन नए केन्द्रों के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन किया गया है, वहां पर नियुक्त होने वाले चिकित्सकों के लिए निर्धारित मानक योग्यता सुनिश्चित करते हुए केन्द्र का भौतिक निरीक्षण के पश्चात ही पंजीकरण की कार्रवाई पूर्ण की जाये।

# ई-आफिस प्रणाली लागू किये जाने के संबंध में बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता




**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में ई-आफिस प्रणाली लागू किये जाने के संबंध में डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में ई-आफिस प्रणाली लागू किया जाना है। जिसमें सभी कार्यालायाध्क्ष समस्त संबंधित कार्मिकों का विवरण ई-आफिस सर्वर मैप कराये जाने हेतु समस्त कार्यवाही समयबद्ध तरीके से करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नही की जाएगी। बैठक में सभी कार्यालयाध्क्षों को अपने कार्यालय के स्थायी कार्मिको को ई0एम0डी0 ईम्पलाई मास्टर डेटावेस मैनेजर नामित करने के निर्देश दिए। तथा संबंधित कार्मिको का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, तथा कार्मिको का डिजिटल सिक्नेचर बनाये जाने हेतु कार्मिको का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा,मुख्य चिकित्साधिकारी गीतम सिंह, उपजिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक,डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

## जलालपुर पुलिस ने हत्या के मामले में दो वांछित अभियुक्त किए गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे वांछित व वारण्टी अभियुक्तों के गिरफ्तारी के संबंध मे चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे थाना जलालपुर पुलिस द्वारा धारा 302 भारतीय दंड संहिता से संबंधित, विवेचना के क्रम में व पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आए दो वांछित अभियुक्त संजय पुत्र मातादीन व राजेश पुत्र रामऔतार को ममना सरीला तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया। मृतक के पिता के द्वारा जिन नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध तहरीर दी गई थी, घटना मे उनकी संलिप्तता नहीं पायी गई। बताते चलें कि 21जून 2024 को ललैया पुत्र पंचोल दोहरे निवासी बीलपुर थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर ने सूचना दी कि उनके लड़के लखन (28 वर्ष) का शव संतोष पुत्र मल्हू के खेत ग्राम बीलपुर में मृत अवस्था में पड़ा है। शव के दोनों हाथ रस्सी से बंधे है और मुंह में कपड़ा भरा है। सूचना पर थाना जलालपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर फील्ड यूनिट टीम के साथ साक्ष्य संकलित किए गए।

# मजदूर की बंगलौर में संदिग्ध हालत में मौत

- शव लेकर वापस आये परिजनों ने लगाया जाम

अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के दो युवकों के साथ बैंगलोर मजदूरी करने गए युवक का शव संदिग्ध हालत में बीते 19 जून को मिला। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर कस्बे में आए। परिजनों ने धर्मेश्वर बाबा के समीप शव को स्टेट हाईवे बांदा मार्ग में करीब ढाई बजे रखकर जाम लगा दिया। परिजन साथ लेकर जाने वाले दोनों युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। धर्मेश्वर बाबा मोहाल निवासी शिवचरन वर्मा ने बताया कि उसके भाई आनंद किशोर वर्मा (32) को मोहल्ले में रहने वाले राहुल तिवारी व शिवप्रकाश गुजरात में फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर गत फरवरी माह में साथ लेकर गए थे। यहां पर राहुल तिवारी से गत 17 अप्रैल को विवाद हो गया। इससे आनंद किशोर व शिवप्रकाश गुजरात से अंबाला चले आए। बताया कि कुछ दिन बाद राहुल तिवारी ने हिसाब करने के बहाने इनको वापस बुला लिया। इसके बाद गत 19 जून को आनंदकिशोर का शव बैंगलोर में कालीमाई स्टेशन के समीप निर्जन स्थान पर पाया गया। पुलिस से मिली सूचना पर वह बेंगलुरू पहुंचे और पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर सोमवार को कस्बे में आए। पीड़ित परिवार ने दोनों युवकों के ऊपर हत्या का आरोप लगाकर शव को बांदा मार्ग में दोपहर करीब ढाई बजे रखकर जाम लगा दिया है। सूचना पाकर थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित पक्ष को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी रोशनी, बेटी नित्या, बेटा तनिष्क आठ माह को छोड़कर गया है। जाम लगने के दो घंटे बाद भी थानाध्यक्ष के समझाने के बाद लोग जाम खोलने को तैयार नहीं हो रहे हैं। उनकी मांग की उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाया जाए।

## महिला बन्दियों के लिए चलाया प्रशिक्षण शिविर

**प्रयागराज।** जिला महिला व्यापार मंडल ने आज नैनी सेंट्रल जेल में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। डेप्युटी जेलर राम सिंह और दरीक्षा मैडम की देखरेख में महिला बंदियों को पेपर बैग और कागज के लिफाफे बनाना सिखाया गया। इस पहल का उद्देश्य जेल के भीतर कैदियों को रोजगार योग्य कौशल प्रदान करके समाज के सबसे वंचित वर्ग के बीच रोजगार बढ़ाना है। बताया गया कि जिला महिला व्यापार मंडल की यह दूसरी परियोजना है जिसका उद्देश्य महिला कैदियों को सशक्त बनाना है। पहले प्रोजेक्ट में कैदियों को कपड़े के थैले हुई सिलना सिखाना शामिल था, जिन्हें समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा शॉपिंग बैग के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। जिला अध्यक्ष अवंतिका टंडन, महासचिव पल्लवी अरोड़ा, उपाध्यक्ष हेना खान, हार्टफुलनेस प्रशिक्षक राधा सक्सेना और महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष अनुरागिनी सिंह ने साथ मिलकर इस कार्यक्रम को स्वरूप दिया। जिला अध्यक्ष अवंतिका टंडन ने कहा कि हम लोग कपड़ों के बैग साथ फैंसी कागज़ के बैग भी बनवा रहे हैं। महासचिव पल्लवी अरोड़ा ने बताया कि महिला बंधिया को प्रति बैग की दर से भुगतान भी किया जाएगा।

# कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 1310/न0पं0धौ0/एसबीएम/2023-24,

दिनांक : 24 जून, 2024

## ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन रूल्स-2016 के अनुपालन एवं नगर को स्वच्छ बनाये रखे जाने हेतु शहरवासियों से अपील

स्वच्छ धौरहरा सुन्दर धौरहरा



REUSE
REDUCE
RECYCLE

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर







आज़ादी का अमृत महोत्सव

### नगर पंचायत द्वारा कराये जा रहे डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य

- नगर पंचायत द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य हेतु 01 एजेंसी मेसर्स श्री बाला जी इंटरप्राइजेज चयनित की गयी है, जिनके द्वारा शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है।
- शहरवासियों एवं समस्त व्यवसायियों से अपील है कि घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वालें कूड़े का सेग्रीगेशन (सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग) करते हुये उक्त एजेंसी को देना सुनिश्चित करे। किसी भी गृहस्वामी/प्रतिष्ठान द्वारा कूड़े को एजेंसी को न देकर खाली प्लाटों, सड़क एवं नालियों में फेंका जाता है तो ऐसे व्यक्तियों/प्रतिष्ठानों के विरूद्ध सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 में वर्णित सुसंगत धाराओं के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

### खुले में शौच/यूरिनल न किये जाने हेतु।

- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर पंचायत धौरहरा शहर क्षेत्र को ओ0डी0एफ प्लस घोषित किया जा चुका है।
- नगर पंचायत क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि वे शौच/मूत्र के लिये घरों में स्थित शौचालय/यूरिनल अथवा नगर पंचायत द्वारा निर्मित सामुदायिक या सार्वजनिक शौचालय/यूरिनल का उपयोग करें। खुले में शौच/मूत्र न करे।
- नगर पंचायत के अन्तर्गत किसी व्यक्ति द्वारा खुले में शौच/यूरिनल किया जाता है तो ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 200 रूपये जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

### बल्क बेस्ट जेनरेटर इकाईयों/प्रतिष्ठानों द्वारा कम्पोस्टिंग कराये जाने हेतु।

- ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबन्धन नियम- 2016 दिनांक 08.04.2016 से अधिसूचना जारी है, जिसके अन्तर्गत एक दिन में 100 कि0ग्रा0 व अधिक ठोस अपशिष्ट कचरा उत्सर्जित/उत्पन्न करने वाली संस्थायें व इकाईयां जैसे- होटल/रेस्टोरेंट/विवाह घर/हास्पिटल/ कालेज/विश्वविद्यालय/रेजिडेंस/ कैन्टीन / वेल्फेयर ऐसोसिएशन/ सब्जी मण्डी इत्यादि को ठोस अपशिष्ट निस्तारण/प्रोसेस हेतु आवश्यक क्षमता की कम्पोस्ट/आर्गेनिक कम्पोस्टिंग मशीन लगाया जाना आवश्यक है।
- समस्त प्रतिष्ठानों के प्रबन्धकों से अपेक्षा की जाती है कि अपने प्रतिष्ठानों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स- 2016 के अन्तर्गत आवश्यक क्षमता की कम्पोस्ट/ऑर्गेनिक कम्पोस्टिंग मशीन लगाया जाना सुनिश्चित करें। नगर पंचायत द्वारा निरीक्षण के दौरान यदि उक्त सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स - 2016 का अनुपालन नही पाया जाता है तो नगर पंचायत द्वारा प्रख्यापित उपनियमों के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

### कूड़े को खुले में डम्पिंग न किये जाने/कूड़े को न जलाये जाने, बल्कि वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण हेतु।

- मा0 न्यायालय में योजित रिट पीटिशन (सिविल) संख्या - 13029/1985 एम0सी0 मेहता बनाम भारत संघ व अन्य एवं प्रमुख सचिव नगर विकास के आदेश के क्रम में नगर के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की जाती है कि किसी भी व्यक्ति के द्वारा कूड़े में आग लगाकर उसे जलाया न जाए।
- किसी के द्वारा ऐसा करना पाया जाता है तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध रू0 5000/- अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

### सी0एण्ड0डी0 वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत मलवा निस्तारण का कार्य।

- नगर पंचायत धौरहरा नगर क्षेत्र के समस्त भवन एवं भू-स्वामियों से अपील की जाती है कि वे अपने भवनों की मरम्मत अथवा नये भवन के निर्माण के दौरान निकलने वाले मलबा (C&D Waste) को सार्वजनिक स्थलों पर न फेंके।
- निमार्ण एवं विध्वंसक सामग्री के निस्तारण हेतु नगर पंचायत के टोल फ्री नं0 1533 या मो0 नम्बर 7800292426 पर सम्पर्क करें। उक्त कार्य हेतु पंचायत द्वारा 400 रूपये प्रति टन दर से युजर चार्ज लिया जायेगा।
- नगर क्षेत्र के किसी भी भू-स्वामी/ठेकेदार/दुकानदार द्वारा सार्वजनिक स्थल एवं सड़क पर निमार्ण एवं विध्वंसक सामग्री एकत्र किया जाता है तो यह कृत्य (C&D Waste Management Rules - 2016, Environmental Protection Act & National Green Tribunal) नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देश/ आदेश का उल्लघंन है, जिस हेतु नगर पंचायत अधिनियम-1916 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी, जिसका समस्त उत्तर दायित्व निमार्ण एवं विध्वंसक सामग्री उत्सर्जक का होगा।

### प्रतिबन्धित पॉलिथीन

- भारत सरकार का राजपत्र सं0- 459 नई दिल्ली 12 अगस्त 2021 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन (संशोधन) नियम 2021 एवं सरकारी गजट उ0प्र0 के 15 जुलाई 2018 के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन नगर पंचायत धौरहरा की सीमान्तर्गत 120 माइक्रोन से कम मोटाई वाली प्लास्टिक या पीवीसी बैनर एवं थर्माकोल सामग्री के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री, तथा उपयोग पर प्रतिबन्ध लागू है।
- इसके उपयोग, भण्डारण वं आयात-निर्यात करने वालो के विरुद्ध शमन शुल्क का भी प्राविधान किया जाता है, जो रू0 1000.00 से 25000.00 तक किया जा सकता है।
- नगर के सभी सम्मानित नागरिकों, प्रतिष्ठानों से अपील की जाती है कि प्रतिबन्धित प्लास्टिक कैरी बैगों के उपयोग, विर्निमाण, विक्रय, वितरण, भण्डारण, परिवहन, आयात या निर्यात न किया जाए।
- नगर क्षेत्र के अन्तर्गत कोई व्यक्ति/प्रतिष्ठान ऐसा करते हुये पाया जाता है तो उसके विरुद्ध उपरोक्त नियमों के अन्तर्गत निर्धारित शमन शुल्क वसूली के साथ-साथ सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी ।

**(दिनेश कुमार शुक्ल)**
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत धौरहरा
लखीमपुर-खीरी

**(नफीस खां)**
अध्यक्ष
नगर पंचायत धौरहरा
लखीमपुर-खीरी